प्र.33–35. निम्नलिखित प्रश्न में प्रतीकों को उनके नीचे दिये गये अर्थों में प्रयोग किया गया है:

(A) L+O का अर्थ L, O से 4 मीटर दाएं है।
(B) L / O का अर्थ L, O से 5 मीटर उत्तर की ओर है।
(C) L ' O का अर्थ O, L से 6 मीटर बाएं है।
(D) L > O का अर्थ L, O से 4 मीटर दक्षिण की ओर है।
(E) L # O का अर्थ L, O से 4 मीटर दाएं है।

प्र.33. A / J+M * S # V, A के संदर्भ में V का स्थान क्या है?

(1) दक्षिण-पश्चिम (2) उत्तर-पूर्व (3) उत्तर
(4) पश्चिम (5) इनमे से कोई नहीं

प्र.34. A > B * D / C, A से D तक की दूरी कितनी होगी?

(1) 10 मीटर (2) 16 मीटर (3) 52 मीटर
(4) $\sqrt{52}$ मीटर (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.35. Z / A # M * P / S, Z से P तक की दूरी कितनी होगी?

(1) $5\sqrt{5}$ मीटर (2) 15 मीटर (3) 52 मीटर
(4) $\sqrt{52}$ मीटर (5) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या

प्र.1.(1) दक्षिण/पूर्व

प्र.2.(1) 31 किमी./दक्षिण

प्र.3.(4) प्रारंभिक दिशा न दिए जाने के कारण निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

प्र.4.(1) दक्षिण

प्र.5.(2) उत्तर-पश्चिम

प्र.6.(2) दक्षिण

प्र.7.(2) उत्तर

प्र.8.(1) उत्तर

प्र.9-11.

प्र.9.(3) R

प्र.10.(3) XRP

प्र.11.(1) QP

प्र.12.(1) दक्षिण-पूर्व

प्र.13-14.

'X' द्वारा तय की गई दूरी = 5 + 5 + 5 = 15 किमी

'Y' द्वारा तय की गई दूरी

= 5 + 2 + 5 + 5 + 5 + 5 = 27 किमी

27 - 15 =12 किमी

'X' , 'Y' से 12 किमी कम चलता है।

प्र.13.(3)

प्र.14.(4) दक्षिण-पश्चिम

प्र.15-16.

प्र.15.(4) **प्र.16.(5)**

प्र.17-18.

प्र.17.(1) **प्र.18.(4)**

प्र.19-20.

$CA^2 = AB^2 + BC^2$

$CA = \sqrt{3^2 + 4^2}$

$CA = \sqrt{9+16}$

$CA = \sqrt{25}$

CA = 10 किमी.

प्र.19.(3) **प्र.20.(4)**

प्र.21-22.

प्र.21.(1) **प्र.22.(4)**

प्र.23-25.

प्र.23.(2) **प्र.24.(1)**

प्र.25.(5) 180^0

प्र.26.(5) दक्षिण-पूर्व

प्र.27.(2)

प्र.28.(3) उत्तर

प्र.29.(5)

प्र.30.(2)

P % Q + R * S

प्र.31.(4) X ? R % Y ? Z

X —2→ R
R —2↓ Y
Z ←2— Y

प्र.32.(5) T * U + V * W

W
2↑ 2
V← U
2↑
T

उत्तर-पश्चिम

प्र.33.(1)

प्र.34.(4)

$(DA)^2 = (DB)^2 + (BA)^2$

$= 6^2 + 4^2$

$= 36 + 16$

$= 52$

DA = $\sqrt{52}$ मी.

प्र.35.(1)

$(PZ)^2 = (PA)^2 + (ZA)^2 = (6+4)^2 + 5^2 = 100+25$

$= 125$, PZ = $5\sqrt{5}$ मी.

क्रम निर्धारण
(Order and Ranking)

Scan the QR code to get video of this chapter.

इस अध्याय में सामान्यत: दोनों ओर से बाएं या दाएं या ऊपर से और नीचे से एक व्यक्ति की रैंक (स्थिति) दी जाती है और कुल व्यक्तियों की संख्या पूछी जाती है। कभी-कभी प्रश्न उनकी स्थिति आपस में बदलने पर / वजन / ऊंचाई / राशि आदि पर आधारित होते हैं।

क्रम क्या है?

क्रम अर्थात एक विशेष, पैटर्न या विधि के अनुसार एक दूसरे के सम्बंध में व्यवस्था।

उदाहरणत: दायें, बायें, ऊपर से, नीचे से, बढ़ते क्रम में और घटते क्रम में।

पद (रैंक) क्या है?

यह किसी भी व्यक्ति या वस्तु के सापेक्ष में दूसरे की स्थिति होती है।

रैंक के प्रकार :-

रैंक दो प्रकार की होती है।

(1) **आधार रैंक :-** जब वस्तु या व्यक्ति की स्थिति किसी भी छोर से दी गई है।

उदाहरण :- A, बायें छोर से [चौथा] है।
↓
आधार रैंक

कृपया एक चार्ट के माध्यम से समझें

यहाँ एक टेबल है।

नाम	बाएं से रैंक	दाएं से रैंक
अमन	5	1
बबिता	4	2
चेतन	3	3
डिंपल	2	4
एमा	**1**	**5**

चलो 'एमा' पर चर्चा करें-

एमा की बाएं से रैंक = 1 और दाएं से रैंक = 5

अब पंक्ति में कुल सदस्य = 5

अर्थात् कुल रैंक = (बाएं से रैंक + दाएं से रैंक) - 1

= (1 + 5) - 1 = 5

बाएं से रैंक = कुल रैंक - (दाएं से रैंक - 1)

= 5 - (5 - 1) = 1

दाएं से रैंक = कुल रैंक - (बाएं से रैंक - 1)

= 5 - (1 - 1) = 5

(2) **संदर्भ रैंक :-** जब वस्तु या व्यक्ति विशेष की स्थिति दूसरे व्यक्ति या वस्तु के संदर्भ में दी गई हो।

उदाहरण :- A , B के दायें [दूसरा] है।
↓
संदर्भ रैंक

क्रम तथा रैंक के प्रश्नों के प्रकार

(a) किसी एक व्यक्ति की स्थिति किसी भी एक तरफ से ज्ञात करना।

आवश्यक जानकारी :-

(1) कुल संख्या

(2) उसी व्यक्ति की स्थिति दूसरे छोर से।

सूत्र : बाएँ / दाएँ से रैंक = व्यक्ति की कुल संख्या - दाएँ / बाएँ से रैंक +1

उदाहरण :

उदा.1. 27 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, X दायें छोर से चौदहवाँ है तो X की स्थिति बायें छोर से क्या है?

(1) 12 (2) 13 (3) 14
(4) 15 (5) 16

हल.(3) कुल संख्या = 27

X की दायें छोर से स्थिति = 14

कुल = दायें + बायें + 1

27 = 14 + बायें + 1

बायें = (27+1)-14 = 14

उदा.2. 40 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, A, B के दायें पाँचवाँ है, जो दायें छोर से अठारहवाँ है तो A की स्थिति बायें छोर से ज्ञात कीजिए।

(1) 28 (2) 26 (3) 29
(4) 25 (5) 35

हल.(1) कुल संख्या = 40

B की दायें छोर से स्थिति = 18

और, A की रैंक B के दाएं ओर 5वीं है।

ज्ञात करना है, बाएं छोर से A की रैंक =?

किसी व्यक्ति की रैंक ज्ञात करने का सूत्र

बाएं छोर से B की रैंक = लड़कों की कुल संख्या - दाएं छोर से B की रैंक + 1

बाएं छोर से B की रैंक = 40 - 18 + 1 = 23

लेकिन हमें A की रैंक बाएं छोर से ज्ञात करना है।

तो, A की बायें छोर से स्थिति = B की बायें छोर से स्थिति + 5 = 23 + 5 = 28

40
B ← 18वाँ
5वाँ → A

उदा.3. एक पंक्ति में, X, B के बायें आठवाँ है जो दायें छोर से पंद्रहवाँ है तो X की स्थिति बायें छोर से क्या है?

(1) 28 (2) 26 (3) 29
(4) 25 (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता।

हल.(5) X की दायें छोर से स्थिति = B की दायें छोर से स्थिति + 8 = 15 + 8 = 23

सूत्र :

X की बायें छोर से स्थिति = कुल - (X की दायें छोर से स्थिति + 1)

परन्तु इस प्रश्न में कुल संख्या दी नहीं है। तथापि X की स्थिति बायें छोर से ज्ञात नहीं की जा सकती।

(b) पंक्ति की कुल संख्या ज्ञात करना :

आवश्यक जानकारी :-

(1) किसी एक व्यक्ति की एक छोर से स्थिति।

(2) उसी व्यक्ति की दूसरे छोर से स्थिति।

सूत्र :

कुल संख्या = बाएं से किसी व्यक्ति की रैंक + दाईं ओर से किसी व्यक्ति की रैंक - 1

उदा.4. एक पंक्ति में, X बायें छोर से सत्रहवाँ है और दायें छोर से उन्नीसवाँ है, तो पंक्ति की कुल संख्या क्या है?

(1) 28 (2) 35 (3) 29
(4) 25 (5) 30

हल.(2) दिया गया: बाएँ से X की रैंक = 17

दाईं ओर से X की रैंक = 19

ज्ञात करना है; कुल संख्या =?

सूत्र :

कुल संख्या = बाएं से X की रैंक + दाईं ओर से X की रैंक - 1

कुल संख्या = 17 + 19 -1

= 36 -1 = 35

17 →
X
← 19

उदा.5. एक पंक्ति में A, B के बायें सातवाँ है, जो दायें छोर से अट्ठारहवाँ है और A बायें छोर से सत्रहवाँ है। पंक्ति की कुल विद्यार्थियों/व्यक्तियों की संख्या ज्ञात कीजिए?

(1) 28 (2) 35 (3) 29
(4) 41 (5) 30

हल.(4) दिया गया : बाएं छोर से A की रैंक = 17वां

दाएं छोर से A की रैंक = 18 + 7 ⇒ 25वीं

ज्ञात करना है; कुल सं. =?

सूत्र :

कुल सं. = बाएं छोर से A की रैंक + दाएं छोर से A की रैंक - 1

कुल संख्या = 17 + 25 - 1

⇒ 41 A 7वाँ + B 18वाँ ↔ 17वाँ

(c) मध्य संख्या ज्ञात करना :

आवश्यक जानकारी :-

(1) किसी एक व्यक्ति की एक छोर से स्थिति।

(2) दूसरे व्यक्ति की दूसरे छोर से स्थिति।

(3) कुल संख्या।

सूत्र :-

(i) साधारण स्थिति : जब कुल संख्या दायें और बायें स्थिति के जोड़ से अधिक हो–

मध्य = कुल संख्या - (बायें से स्थिति + दायें से स्थिति)

उदा.6. 51 लड़कियों की एक पंक्ति में, A दायें छोर से पंद्रहवीं है और B बायें छोर से सत्रहवीं है तो A और B के बीच कितनी लड़कियाँ है?

(1) 19 (2) 22 (3) 25
(4) 23 (5) 30

हल.(1) कुल संख्या – दायें + बायें

51 – 15 + 17

51 – 32

इसलिए, मध्य = कुल संख्या - (दायें से स्थिति + बायें से स्थिति)

= 51 - (15 + 17) = 51 - 32 = 19

51
B → ? ← A
17वाँ

(ii) परस्पर व्यापक स्थिति :-

जब कुल संख्या दायें और बायें छोर की स्थिति के जोड़ से कम हो।

मध्य= दायें से स्थिति + बायें से स्थिति - (कुल संख्या + 2)

उदा.7. 27 लड़कों की एक पंक्ति में, X बायें छोर से सत्रहवाँ है और Y दायें छोर से तेरहवाँ है तो X और Y के बीच कितने लड़के है?

(1) 1 (2) 2 (3) 3

(4) 4 (5) 5

हल.(1) **कुल संख्या = बायें छोर से स्थान + दायें छोर से स्थान**

27 = 17 + 13

27 = 30

इसलिए यहाँ परस्पर व्यापक स्थिति है।

मध्य = बायें + दायें - (कुल + 2)

= (17 + 13) - (27 + 2)

= 30 - 29 = 1

(iii) कुल संख्या ज्ञात करना

आवश्यक जानकारी :-

(1) एक व्यक्ति की एक छोर से स्थिति।

(2) दूसरे व्यक्ति की दूसरे छोर से स्थिति।

(3) मध्य संख्या।

नोट : दोनों साधारण स्थिति और परस्पर व्यापक स्थिति की संभावना होगी।

साधारण स्थिति से हमें पंक्ति की अधिकतम संख्या ज्ञात होगी तथा परस्पर व्यापक स्थिति हमें पंक्ति की न्यूनतम संख्या ज्ञात होगी।

उदा.8. एक पंक्ति में, X बायें छोर से सत्रहवाँ है और Y दायें छोर से ग्यारहवाँ है यदि इन दोनों के बीच चार लोग है तो पंक्ति की कुल संख्या ज्ञात कीजिए?

(1) 22 (2) 32 (3) 23

(4) 31 (5) या तो (1) या (2)

हल.(5) अधिकतम संख्या - साधारण स्थिति

कुल = दायें + बायें + मध्य

= 11 + 17 + 4

= 32

17 → X ← 4 → Y ← 17

न्यूनतम संख्या :- परस्पर व्यापक स्थिति

कुल = दायें + बायें - (मध्य +2)

= (11+17) - (4+2)

= 28 - 6 = 22

(d) सटीक मध्य स्थिति ज्ञात करना :

आवश्यक जानकारी :-

(1) कुल संख्या

(2) एक व्यक्ति की किसी एक छोर से स्थिति।

(3) दूसरे व्यक्ति की स्थिति दूसरे छोर से।

(4) मध्य संख्या

सूत्र :

सटीक मध्य = $\frac{\text{मध्य} + 1}{2}$

उदा.9. 47 महिलाओं की एक पंक्ति में A दायें छोर से बारहवीं है और B बायें छोर से बारहवीं है। C, A और B के ठीक मध्य में बैठी है तो C की बायें छोर से क्या स्थिति है?

(1) 22 (2) 32

(3) 24 (4) 31

(5) या तो (1) या (2)

हल.(3) कुल > दायें + बायें (साधारण स्थिति)

तो मध्य = कुल - (दायें से स्थिति + बायें से स्थिति)

= 47 - (12 + 12)

= 47 - 24 = 23

सटीक मध्य = $\frac{\text{मध्य} + 1}{2} = \frac{23+1}{2} = 12$

C की बायें छोर से स्थिति = B की बायें छोर से स्थिति सटीक मध्य

= 12 + 12

= 24

47

12वां B 12 ● 12 A 12वां

C

उदा.10. 31 पुरूषों की एक पंक्ति में A बायें छोर से सत्रहवाँ है और B दायें छोर से उन्नीसवाँ है। C, A और B के ठीक मध्य में बैठा है तो C की स्थिति दायें छोर से ज्ञात कीजिए?

(1) 17 (2) 18 (3) 19

(4) 20 (5) या तो (1) या (2)

हल.(1) कुल < दायें + बायें (परस्पर व्यापक स्थिति)

तो, मध्य = (दायें + बायें) : (कुल + 2)

= (17 + 19) - (31 + 2)

= 36 - 33 = 3

सटीक मध्य = $\frac{\text{मध्य} + 1}{2} = \frac{3+1}{2} = 2$

C की दायें छोर से स्थिति = B की दायें छोर से स्थिति - सटीक मध्य

= 19 - 2 = 17

31

17वाँ A

2 2

B C 19वाँ

नोट :- यदि मध्य संख्या सम संख्या आती है।
तो सटीक मध्य ज्ञात करना संभव नहीं है।

(e) स्थिति में परस्पर बदलाव पर आधारित :-

उदा.11. एक पंक्ति में, गौरव बायें छोर से इक्कीसवाँ है और आशीष दायें छोर से चौबीसवाँ है जब वे आपस में जगह बदल लेते हैं तब आशीष दायें छोर से इक्कतीसवाँ हो जाता है तो गौरव की स्थिति बदलने के बाद बायें छोर से क्या स्थिति होगी?

(1) 27 (2) 28 (3) 29
(4) 30 (5) या तो (1) या (2)

हल.(2)

कुल संख्या = (जगह बदलने से पूर्व गौरव की बायें छोर से स्थिति + आशीष की जगह परिवर्तन के बाद दायें छोर से स्थिति – 1)

= (21 + 31) – 1
= 52 – 1
= 51

गौरव की स्थिति बायें छोर से (जगह परिवर्तन के बाद)
= कुल संख्या – आशीष की दायें छोर से स्थिति (जगह परिवर्तन के पूर्व – 1)
= 51 – (24 – 1)
= 51 – 23
= 28

उदा.12. 40 छात्रों की पंक्ति में, महेश बाएं छोर से 28 वें और सुरेश दाएं छोर से 25 वें स्थान पर हैं। यदि दानिश उनके ठीक बीच में बैठा है, तो बाएं से दानिश की स्थिति क्या होगी?

(1) 14 (2) 22 (3) 28
(4) 18 (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2)

कुल छात्र = 40
बाएं + दाएं = 28 + 25 = 53
बाएं + दाएं > कुल छात्र
इसलिए, ओवरलैपिंग केस है।
(बाएं + दाएं) – कुल छात्र – 2
= 53 – 40 – 2 = 53 – 42 = 11

महेश और सुरेश के बीच 11 छात्र हैं।
महेश के बाएं ओर 27 छात्र हैं।
इसलिए, बाएं छोर से दानिश की स्थिति = 22

उदा.13. जय बाएं ओर से 25 वें स्थान पर है और विजय दाएं ओर से 24 वें पर है। जब वे क्रमशः अपने स्थान एक-दूसरे से बदलते हैं तो विजय दाये छोर से 31वां हो जाता है। स्थिति बदलने के बाद बाएं ओर से जय की स्थिति क्या होगी?

(1) 25 (2) 26 (3) 27
(4) 28 (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(5)

स्थिति बदलने के बाद बाएं छोर से जय की स्थिति = 25 + 6 + 1 = 32

(f) आयु, ऊंचाई, अंक आदि के अनुसार आरोही / अवरोही क्रम।

उदा.14-15. नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

निखिल, मून, कपिल, जगदीश और गुलशन के बीच प्रत्येक विषय में अलग-अलग अंक प्राप्त किए हैं। मून ने केवल कपिल से अधिक अंक प्राप्त किए है। गुलशन और जगदीश ने केवल निखिल से कम अंक प्राप्त किए है।

उदा.14. उनमें से किसने तीसरा न्यूमतम अंक प्राप्त किए है?

(1) निखिल
(2) जगदीश
(3) मून
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) कपिल

हल.(4) निखिल > गुलशन / जगदीश > मून > कपिल
तीसरा न्यूनतम अंक = या तो गुलशन या जगदीश

उदा.15. यदि निखिल ने 80 अंक हासिल किए और जगदीश ने 65 अंक हासिल किए तो गुलशन के अंकों की संभावना क्या है?

(1) 78
(2) 63
(3) 60
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) 79

हल.(4) निखिल > गुलशन / जगदीश > मून > कपिल

उदा.16. जोजो, यो, जे, विलियम और विकी के बीच प्रत्येक ने एक परीक्षा में अलग-अलग अंक अर्जित किए हैं। जे, विलियम से अधिक अंक अर्जित किए लेकिन विक्की जितना नहीं। विक्की ने जोजो से अधिक अंक अर्जित किए, जिसने यो से कम अंक अर्जित किए। किसने दूसरा सर्वोच्च अंक अर्जित किया?

(1) यो (2) जोजो (3) जे
(4) डेटा अपर्याप्त (5) विलियम

हल.(4) विकी/यो > जोजो / जे > विलियम

उदा.17. जोम्बो को सही ढंग से याद है कि उनके पिता का जन्मदिन 29 जुलाई से पहले लेकिन 24 जुलाई के बाद होता है। उनके छोटे भाई को सही ढंग से याद है कि उनके पिता का जन्मदिन 23 जुलाई के बाद लेकिन 28 जुलाई से पहले होता है और उनके बड़े भाई को सही ढंग से याद है कि उनके पिता का जन्मदिन एक विषम तारीख पर है। जुलाई की किस निश्चित तारीख को उनके पिता का जन्मदिन है?

(1) पच्चीस या सताइस
(2) सताइस
(3) पच्चीस
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(1)

जोम्बो = 25 26 27 28
छोटा भाई = ~~24~~ 25 26 27
बड़ा भाई = विषम तारीखें = 25 या 27

उदा.18. **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

जॉनसीना, अंडरटेकर, हल्क, एज, रे मिस्टीरियो और ब्रॉक प्रत्येक का वजन अलग-अलग है। ब्रॉक का वजन अंडरटेकर से ज्यादा है लेकिन हल्क से कम है। एज का वजन केवल रे मिस्टीरियो से कम है। न्यूनतम वजन 105 किलोग्राम और उच्चतम वजन 200 किलोग्राम है। जॉनसीना का वजन ब्रॉक से ज्यादा है।

इनमें से कौन सबसे कम वजन वाला है?

(1) रे मिस्टीरियो (2) जॉन सीना (3) एज
(4) ब्रॉक (5) अंडरटेकर

हल.(5) रे मिस्टीरियो (200) > एज > हल्क / जॉनसीना > हल्क / जॉनसीना > ब्रॉक > अंडरटेकर(105)

उदा.19. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान-पूर्वक पढ़ें।**

8 लड़के- P, Q, R, S, T, U, V और W प्रत्येक के पास अलग-अलग संख्या में टाफियाँ हैं। P के पास, Q से अधिक टॉफीयाँ हैं। R के पास, Q से कम टॉफीयाँ हैं। W के पास केवल V से अधिक टॉफीयाँ हैं। R के पास, V से अधिक टॉफीयाँ हैं। S के पास केवल T से कम टॉफीयाँ हैं। U के पास, R की तुलना में अधिक टॉफीयाँ हैं लेकिन Q की तुलना में कम टॉफीयाँ हैं। U के पास 50 टॉफियां हैं।

कितने लड़कों के पास S की तुलना में कम टॉफी हैं?

(1) 2 (2) 6 (3) 5
(4) 4 (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2) T > S > P > Q > U > R > W > V
50

उदा.20-21. **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

आठ सदस्यों के परिवार में P, Q, R, S, T, U, V और W की आयु अलग-अलग है।

Q केवल तीन व्यक्तियों से बड़ा है। केवल एक व्यक्ति S से छोटा है। P और V दोनों R, Q और S के माता-पिता है। W, U का पिता है, जो P का बड़ा भाई है। T, S का पति है। अपनी पत्नी की तुलना में पति बड़ा है।

उदा.20. परिवार का सबसे छोटा व्यक्ति कौन है?

(1) T (2) V (3) P
(4) R (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

हल.(4) W > U > V/P > V/P > Q > T > S > R

उदा.21. यदि Q की आयु 32 वर्ष है, जो दूसरे सबसे बड़े व्यक्ति से 15 वर्ष छोटा है, तो W की संभावित आयु क्या है?

(1) 44 (2) 43 (3) 46
(4) 57 (5) 47

हल.(4) W > U > V/P > V/P > Q > T > S > R

उदा.22. परीक्षा में पांच दोस्तों, Q, P, Z, F और G के बीच प्रत्येक को अलग-अलग अंक मिले। Q ने P से अधिक अंक, लेकिन Z से कम अंक प्राप्त किए। Z ने 69 अंक प्राप्त किए। F ने केवल G से कम अंक प्राप्त किए। न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले ने 62 अंक प्राप्त किए और जिसने सबसे अधिक अंक प्राप्त किए, उसने 81 अंक प्राप्त किए। दूसरा उच्चतम अंक किसने बनाया?

(1) Q (2) P (3) Z
(4) F (5) G

हल.(4)

अभ्यास प्रश्न

प्र.1. 48 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, रोहन दायें छोर से 26वाँ है और सोहन बायें छोर से 12वाँ है तो उन दोनों के बीच कितने विद्यार्थी हैं?

(1) 11 (2) 10 (3) 12
(4) 15 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.2. शालू, नीलिमा के दायें पाँचवा है जो दायें छोर से 24वाँ है। शिवी, शालू के बायें 8वाँ है और बाएँ छोर से 21वाँ है, तो पंक्ति में कुल कितने लोग हैं?

(1) 40 (2) 42 (3) 47
(4) 45 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.3. 40 विद्यार्थियों की पंक्ति में, रहीम, शान के बाएँ 11वाँ है जो बाएँ छोर से 28वाँ है, तो रहीम की स्थिति दायें छोर से क्या होगी?

(1) 22 (2) 23 (3) 26
(4) 25 (5) 24

प्र.4. 30 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, सुधा बाएँ से 14वाँ है और मधु दायें से 23वाँ है यदि श्वेता उन दोनों के ठीक बीच में बैठी है तो श्वेता की स्थिति बाएँ छोर से क्या है?

(1) 11 (2) 10 (3) 9
(4) 12 (5) 15

प्र.5. A बाएँ से बारहवी है और B दायें से तेरहवाँ है जब वे आपस में जगह बदल लेती है, तब A बाएँ छोर से उन्नीसवाँ हो जाती है, तो जगह परिवर्तन के बाद B की स्थिति दायें छोर से क्या होगी?

(1) 20 (2) 21 (3) 15
(4) 19 (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

प्र.6. एक पंक्ति में, A जो बाएँ छोर से 10वाँ है और B जो दायें छोर से 9वाँ है जब आपस में जगह बदल लेते है तब A बाएँ छोर से 15वाँ हो जाता है, तो पंक्ति में कुल कितने लोग हैं?

(1) 23 (2) 31 (3) 27
(4) 28 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.7. लडकों की एक पंक्ति में रंजन बाएँ छोर से सोलहवाँ है और विनीत दायें छोर से दसवाँ है यदि रंजन और विनीत के बीच आठ लड़के हैं, तो पंक्ति में कुल कितने लड़के है?

(1) 34 (2) 26 (3) 16
(4) 25 (5) या तो 16 या 34

प्र.8. 180 लोगों की एक कक्षा में, जहाँ लड़कियाँ लडको की दोगुनी है, रमेश की स्थिति ऊपर से 134वाँ है। यदि रमेश के आगे केवल 18 लड़कियाँ के स्थान हैं, तो रमेश के बाद कुल कितने लड़कों स्थान हैं?

(1) 35 (2) 28 (3) 60
(4) 38 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.9. गीता, सीता से लम्बी है लेकिन राधा से छोटी नहीं है। राधा और रानी एक बराबर हैं। गीता पारू से छोटी है। लड़कियों में सबसे लम्बी कौन है?

(1) गीता (2) सीता (3) राधा और रानी
(4) पारू (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.10. लडकों की एक पंक्ति में, अभिनव बाएँ छोर से सोलहवाँ है और विनय दायें छोर से अट्ठारहवाँ है। अविनाश, अभिनव के दायीं ओर ग्यारहवाँ है और विजय के बायें तीसरा है, तो पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं?

(1) 48 (2) 47 (3) 40
(4) आँकड़े अपर्याप्त हैं (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.11. करूना बायें छोर से 25वें स्थान पर है और प्रीति दायें छोर से 26वें स्थान पर है। प्रीति, करूना के बायें 20वें स्थान पर है तो ज्ञात कीजिए पंक्ति में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

(1) 28 (2) 30 (3) 21
(4) 32 (5) 26

प्र.12. रीता बायें छोर से 5वीं है और सीता, रीता के दायें 11वीं है और टीना, सीता के बायें चौथी है। माधुरी, टीना के दायें 8वीं है तो ज्ञात कीजिए पंक्ति में कुल कितने लोग होंगे यदि माधुरी किसी एक छोर पर बैठी है?

(1) 12 (2) 20 (3) 28
(4) 23 (5) 33

प्र.13. गरीमा अपने स्थान को एक व्यक्ति से परिवर्तित करती है जो गरीमा से तीसरे स्थान पर बैठा है अब चीनू गरीमा के दायें 5वें स्थान पर है और वह दायें छोर से तीसरे स्थान पर है। पंक्ति के दायें छोर से गरीमा का स्थान क्या होगा?

(1) 9 (2) 8 (3) 10
(4) 7 (5) आँकड़े अधूरे हैं।

प्र.14. 90 छात्रों की एक कक्षा में, लड़कों की संख्याए लड़कियों की संख्या का दो गुना है। रानी बाएं छोर से 58 वें स्थान पर हैं और रानी के दाहिने ओर 20 लड़के हैं, तो रानी के बाईं ओर लड़कियों की संख्या क्या होगी? (अगर रानी लड़की है)

(1) 15 (2) 16 (3) 17
(4) 19 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.15. 50 छात्रों की एक पंक्ति में A बाएं छोर से चौदहवां है और B दाएं छोर से दसवां है। A और C के बीच कितने छात्र हैं यदि C, B के बाये ओर आठवे स्थान पर है?

(1) 14 (2) 16 (3) 18
(4) 20 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.16. 25 लड़कियों की एक पंक्ति में, जब नेहा को चार स्थानों बाईं ओर स्थानांतरित कर दिया गया, तो वह बाएं छोर से 10 वें

स्थान पर हो गई। पंक्ति के दाएं छोर से उसकी पूर्व स्थिति क्या थी?

(1) 10वां (2) 11वां (3) 12वां
(4) 13वां (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.17. पंक्ति में 104 छात्र हैं। A,बाईं छोर से 28 वे स्थान पर है और B दाएं छोर से 38 वे स्थान पर है। यदि C, A और B के ठीक बीच बैठे व्यक्ति के दाएं 7 वें स्थान पर हैं तो C का स्थान दाईं ओर से क्या होगा?

(1) 35 (2) 31
(3) 36 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.18. यदि Z, Y के दाये 19 वें स्थान पर है और Y, X के बाये 7 वे स्थान पर है X किसी एक छोर से 25वें स्थान पर है और Z के दाईं ओर चार छात्र हैं तो पंक्ति में छात्रों की कुल संख्या क्या होगी?

(1) 35 (2) 41
(3) 36 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.19. बैंक ए.टी.एम. पंक्ति में सुमित आगे से 18 वे स्थान पर है और ललित पंक्ति में पीछे की ओर से 23वें स्थान पर है। आठ उम्मीदवार बैठे है सुमित और वह व्यक्ति जो सुमित और ललित के ठीक बीच में है, तो उस पंक्ति में उम्मीदवारों की कुल संख्या क्या होगी?

(1) 35 (2) 41
(3) 36 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.20. रमेश बाएं छोर से 26वें स्थान पर हैं और मोहन दाएं छोर से 17वें स्थान पर हैं और उनके बीच 14 छात्र हैं। तो कुल संख्या क्या होगी?

(1) 57 (2) 56
(3) 27 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.21-24. कुछ बच्चों की एक कक्षा में, रोहन ऊपर से 13वाँ है और राधा ऊपर से 6वाँ है तथा राधा लड़कियों में ऊपर से तीसरी है और रोहन केवल लडकों में ऊपर से सातवाँ है और नीचे से सोलहवाँ है। रोहन नीचे से 28वाँ है।

प्र.21. कक्षा में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?

(1) 16 (2) 18 (3) 19
(4) 15 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.22. कक्षा में कुल कितने लड़के हैं?

(1) 22 (2) 23 (3) 24
(4) 25 (5) 26

प्र.23. राधा और रोहन के बीच कितने लड़के हैं?

(1) 2 (2) 4 (3) 5
(4) 3 (5) 6

प्र.24. कक्षा में लड़के व लड़कियों का अनुपात क्या है?

(1) 11:9 (2) 12:11 (3) 11:13
(4) 9:11 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.25-27. पंकज बाएं छोर से 28 वें स्थान पर हैं और सुरेश दाये छोर से 24 वें स्थान पर हैं। यदि चार छात्र पंकज और वह व्यक्ति जो पंकज और सुरेश के ठीक मध्य में बैठा हैं। हेमांशु पंक्ति के ठीक मध्य के दाईं ओर 22 वें स्थान पर है।

प्र.25. पंक्ति में छात्रों की कुल संख्या का पता लगाएं?

(1) 41 (2) 60
(3) 61 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.26. पंक्ति के दाहिने तरफ से हेमांशु के स्थान का पता लगाएं?

(1) 53 (2) 10 (3) 9
(4) 11 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.27. हेमांशु और सुरेश के बीच कितने छात्र है?

(1) 13 (2) 25 (3) 14
(4) 16 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.28-30. छात्रों के बीच में मोहन ऊपर से 35वें स्थान पर हैं और गीता शीर्ष से 21 वें स्थान पर हैं। लड़कों के बीच में मोहन ऊपर से 14वें स्थान पर हैं और नीचे से 12वें स्थान पर हैं। लड़कियों के बीच गीता ऊपर से 18वें स्थान पर है।

प्र.28. पंक्ति में न्यूनतम कुल कितने विद्यार्थी होंगे?

(1) 57 (2) 43
(3) 46 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.29. गीता और मोहन के बीच लड़कों और लड़कियों की संख्या ज्ञात करे?

(1) 3,10 (2) 10,4
(3) 10,3 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.30. यदि छह लड़कियों मोहन के स्थान के नीचे है तो कुल विद्यार्थी की संख्या ज्ञात करे?

(1) 51 (2) 52
(3) 41 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.31-35. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

कुछ व्यक्ति दक्षिण की ओर मुख करके एक सीधी रेखा में बैठे हैं। M और K के बीच केवल छः व्यक्ति बैठे हैं। Q, J के दायें से सातवाँ बैठा है। O, K और N का तुरंत पड़ोसी नहीं है। L, पंक्ति के किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है और N के दायें आठवां बैठा है। N और P के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से एक व्यक्ति K है। K, N और P का तुरंत पड़ोसी नहीं है। R और S एक दूसरे के तुरंत पड़ोसी हैं और J और Q के बीच बैठे हैं। R, पंक्ति के बाएं छोर से पांचवां है और P के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। Q, K का तुरंत पड़ोसी नहीं है। O, M का दायें ओर है, लेकिन तुरंत और दूसरा नहीं है। O, Q का तुरंत पड़ोसी नहीं है।

प्र.31. इस पंक्ति में अंतिम छोर पर कौन बैठे है?

(1) R, L (2) Q, J (3) L, O
(4) J, K (5) J, L

प्र.32. इस पंक्ति में बायें छोर से छठवें स्थान पर कौन बैठा है?

(1) S (2) Q (3) R
(4) N (5) P

प्र.33. उस पंक्ति में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) 43 (2) 24 (3) 15
(4) 21 (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

प्र.34. R और N के बीच में कितने व्यक्ति बैठे है?

(1) 8 (2) 5 (3) 7
(4) 3 (5) 6

प्र.35. यदि O, N और L के ठीक बीच में बैठा है, तो O के बायें आठवाँ कौन बैठा है?

(1) Q (2) S (3) R
(4) कोई नहीं (5) P

व्याख्या

प्र.1.(2)

T = बायें + दायें + M, 48 = 12+26+M
M = 48–38 = 10

प्र.2.(3)

T = 21+24+2 = 47

प्र.3.(5)

T = (L + R) – (M + 2)
40 = (28+R) – (10+2)
40+12–28=R, 52–28=R, 24 = R

प्र.4.(1) T = (L+R) – (M+2), 30 = (23+14) – (M+2)
(M+2) = 37 – 30, M = 7–2, M = 5

14
7 M 2 SH 2 Su
23 ?

श्वेता बायें छोर से 11वें नम्बर पर है।

प्र.5.(1)

प्र.6.(1)

T= 10+4+9 = 23

प्र.7.(5)

16 8 10
R V

बिना ओवरलैपिंग⇒ T+16+8+10=34

ओवरलैपिंग के साथ

16
V 8 R
10

T = (16+10)–(8+2) = 26–10 = 16

अतः, या तो 16 या 34.

प्र.8.(2)

रमेश के बाद लड़के = 46–18=28

प्र.9.(4) संभावना I. पारू > गीता > सीता > राधा/रानी

संभावना II. पारू > गीता > राधा/रानी > सीता

प्र.10.(2)

T = 16+18+10+2+1 ⇒ 47

प्र.11.(2)

कुल = 25 + 26 - 20 - 1 = 30

प्र.12.(2)

कुल = 5 + 11 + 8 - 4 = 20

प्र.13.(5)

कुल = 11

प्र.14.(3) कुल = 90 छात्र

लड़के = 60

लड़कियाँ = 30

रानी के बायीं ओर व्यक्तियों की संख्या = 57

रानी के बायीं ओर लड़कियों की संख्या

= 57 - 40 (रानी के बायीं ओर लड़कों की संख्या)

= 17 लड़कियों

प्र.15.(3) कुल = 50

A और C के बीच में व्यक्तियों की संख्या

= 50 - (14+8+10)

=50 - 32 =18

प्र.16.(3) कुल = 25

नेहा का दायें छोर से पिछला स्थान

= 25 + 1 - (10 + 4)

= 26 -14 = 12

प्र.17.(4) निर्धारित नहीं कर सकते क्योंकि C का स्थान A और B के ठीक बीच में नहीं दिया गया है।

प्र.18.(2)

कुल = 25 - 7 + 19 + 4 =41

प्र.19.(5)

अग्रिम सुमित 8 8 ललित

18वां 23वां

कुल विद्यार्थियों की संख्या

= 18 + 23 + 17 = 58

प्र.20.(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता (57/27)

रमेश 14 मोहन

26वां 17वां

कुल = 26 + 14 + 17 = 57

मोहन 14 रमेश

17वां 26वां

कुल = 17 + (26 - 14 - 2)

= 17 + 10 = 27

प्र.21-24.

प्र.21.(2) लड़कियाँ = 18

प्र.22.(1) लड़के = 22

प्र.23.(4) 3 लड़के

प्र.24.(1) 22 : 18 = 11 : 9

प्र.25-27.

प्र.25.(3) विद्यार्थियों की कुल संख्या

= 28 + 24 + 9 = 61

प्र.26.(5) हिमांशु का दायीं छोर से स्थान

(24 + 4 + 1) - 22

= 7

प्र.27.(4) हिमांशु और सुरेश के बीच में बैठे व्यक्तियों की संख्या

= 24 - 7 - 1

= 24 - 8 = 16

प्र.28-30.

कुल लड़के = 14 + 12 - 1 = 25

गीता के ऊपर की ओर केवल लड़कियों की सख्या = 17

गीता के ऊपर की ओर विद्यार्थियों की सख्या = 20

इसलिए गीता के ऊपर की ओर लड़कों की सख्या

= 20 - 17 = 3

मोहन के ऊपर की ओर केवल लड़कों की सख्या = 13

मोहन और गीता के बीच में विद्यार्थियों की सख्या

= 35 - 21 - 1 =13

मोहन और गीता के बीच में लड़कों की सख्या

= 13 - 3 = 10

मोहन और गीता के बीच में लड़कियों की सख्या

= 13 - 10 = 3

प्र.28.(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता

प्र.29.(3)

प्र.30.(2) कुल विद्यार्थियों की संख्या

= 35 + 6 + 11 (मोहन के नीचे की ओर लड़कों की संख्या)

= 52 (मोहन के नीचे की ओर लड़कियों की संख्या)

प्र.31-35. सभी दक्षिण की ओर देख रहे हैं

O

दायां छोर L | | | | | | | N | K | P Q | S R M | | J बायां छोर

प्र.31.(5) **प्र.32.(1)** **प्र.33.(4)**

प्र.34.(3) **प्र.35.(5)**

नोट्स

बैठक व्यवस्था
(Sitting Arrangement)

Scan the QR code to get video of this chapter.

लोगों के समूह को एक पूर्वनिर्धारित तरीके से बैठने की प्रक्रिया को **बैठक या बैठक व्यवस्था** कहा जाता है।

बैठक व्यवस्था प्रश्न किसी प्रतियोगी परीक्षा के रीजनिंग खंड में सबसे महत्वपूर्ण सेटों में से एक हैं। ये प्रश्न सूचना के एक सेट पर आधारित होते हैं जिसमें शर्तों का एक निश्चित संग्रह होता है जो प्रश्नों के सेट (आमतौर पर 5-6 प्रश्न) द्वारा अनुसरण किये जाने के साथ छिपी हुई जानकारी भी देता है। उम्मीदवार को जानकारी को डीकोड करने और वस्तुओं को या तो एक टेबल, चार्ट, तथा पंक्ति, वर्ग या ऐसे किसी भी आकार के रूप में आरेख जिसमें प्रश्न पूछे जा सकते है में व्यवस्थित करने की आवश्यकता होती है। प्रश्नों में उपलब्ध जानकारी विकृत और स्वभाविक रूप से छिपी हुई होती है तथा उम्मीदवारों की क्षमता का परीक्षण सूचनाओं का विश्लेषण करके और सचित्र आकृति / आरेखों की मदद से इसे हल करके किया जाता है।

बैठक व्यवस्था के प्रश्नो को हल करने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुः

1. सबसे पहले, दी गई जानकारी पर एक नजर डालें। इस पर नजंर डालने के बाद, आपको लोगों या वस्तुओं की स्थिति का एक अनुमान मिलेगा।
2. इसके बाद, प्रत्येक जानकारी की उपयोगिता निर्धारित करें और तद्नुसार उन्हें 'निश्चित जानकारी', 'तुलनात्मक जानकारी' और 'नकारात्मक जानकारी' में वर्गीकृत करें।

निश्चित जानकारी– जब किसी व्यक्ति या वस्तु का स्थान निश्चित रूप से उल्लेख किया जाता है तो हम कहते हैं कि यह एक निश्चित जानकारी है।

उदाहरण के लिए, A बेंच के दायें सिरे पर बैठा है।

तुलनात्मक जानकारी– जब किसी व्यक्ति या वस्तु का स्थान निश्चित रूप से उल्लेख नहीं किया जाता है लेकिन केवल किसी अन्य व्यक्ति या वस्तु की तुलना में उल्लेख किया जाता है, तो हम कहते हैं कि यह एक तुलनात्मक जानकारी है।

उदाहरण के लिए, A, E के दायें दूसरे स्थान पर है। इस प्रकार की जानकारी सहायक हो सकती है जब हमें E के बारे में निश्चित जानकारी प्राप्त हो।

नकारात्मक जानकारी– निश्चित जानकारी का एक हिस्सा नकारात्मक जानकारी हो सकती है। नकारात्मक जानकारी हमें कुछ भी निश्चित नहीं बताती है लेकिन यह एक संभावना के विचार को खत्म कर देती है।

उदाहरण के लिए, C, A के तुरन्त बायें नहीं बैठा है।

बैठक व्यवस्था के प्रकार

1. वृत्तीय बैठक व्यवस्था–
(a) केन्द्र की ओर
(b) केन्द्र से बाहर की ओर
(c) केंद्र की ओर और केंद्र से बाहर की ओर का संयोजन

2. रैखिक बैठक व्यवस्था–
(a) एक पंक्ति अनुक्रम (उत्तर या दक्षिण या उत्तर और दक्षिण दिशा का संयोजन)
(b) दो पंक्ति अनुक्रम (उत्तर या दक्षिण या उत्तर और दक्षिण दिशा का संयोजन)

3. वर्ग या आयत बैठक व्यवस्था–
(a) केन्द्र की ओर
(b) केन्द्र से बाहर की ओर
(c) ''केंद्र की ओर'' और ''केंद्र से बाहर की ओर'' का संयोजन

4. तल बैठक व्यवस्था–
(a) एक इमारत पर आधारित (पूर्व या पश्चिम या पूर्व और पश्चिम दिशाओं का संयोजन)
(b) दो इमारतों पर आधारित (पूर्व या पश्चिम या पूर्व और पश्चिम दिशाओं का संयोजन)

5. बहुभुज (त्रिभुज, पंचभुज, षट्भुज आदि) बैठने की व्यवस्था–
(a) केन्द्र की ओर
(b) केन्द्र से बाहर की ओर
(c) ''केंद्र की ओर'' और ''केंद्र से बाहर की ओर'' का संयोजन

6. अनिश्चित व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था।

महत्वपूर्ण संयोजक

यहाँ सदस्यों के नाम के बजाय कुछ प्रतीकों का प्रयोग किया जाता है।

- यदि 'और/लेकिन' का प्रयोग किया गया हो तब पूर्व वाक्य के कर्ता (पहले सदस्य का नाम) का प्रयोग किया जायेगा।
- यदि 'जो/जिसको/जिसका' का प्रयोग किया गया हो तब पूर्व वाक्य के विधेय (दूसरे सदस्य का नाम) का प्रयोग किया जायेगा।
- किसी भी उम्मीदवार का बायाँ और दायाँ तभी बताया जा सकता है जब उसकी दिशा दी गयी हो, उसके देखने का अर्थ है कि आप उम्मीदवार पर ध्यान केन्द्रित कर रहे है, जिस दिशा की ओर वह है।

1. वृत्तीय बैठक व्यवस्था

इस प्रकार की व्यवस्था में, हम लोगों या वस्तुओं को किसी वृत्त या गोलाकार तालिका के चारों ओर व्यवस्थित करते हैं।

एक वृत्त के चारों ओर बैठे लोग या गोलाई में व्यवस्थित वस्तु गोले के अंदर या बाहर देख सकती हैं। या शायद एक ही वृत्त में, कुछ लोग अंदर की ओर जबकि कुछ लोग बाहर की ओर देख सकते है।

हमें दिए गए शर्तों के अनुसार वृत्त के चारों ओर वस्तुओं या व्यक्तियों को व्यवस्थित करना होगा।

(A) केंद्र की ओर मुँह किये हुए-

दायें - घड़ी की विपरीत दिशा में

बायें - घड़ी की दिशा में

उदाहरण:

उदा.1–2. निम्नलिखित बैठने की व्यवस्था को अध्ययन कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के चारों तरफ केन्द्र की ओर मुख कर के बैठे हुए हैं। A, D के दायें दूसरा है जो F के बायें तीसरा है C, E के दायें तीसरा है और F का तुरन्त पड़ोसी नहीं है।

उदा.1. B का स्थान C के सापेक्ष क्या होगा?

(1) बायें से दूसरा (2) दायें से तीसरा
(3) दायें से दूसरा (4) बायें से तीसरा
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(1) बायें से दूसरा

उदा.2. E के बायें तीसरा कौन है?

(1) A (2) C (3) D
(4) E (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2) C

(B) केंद्र से बाहर की ओर मुँह किये हुए-

बायें - घड़ी की विपरीत दिशा में

दायें - घड़ी की दिशा में

उदा.3–4. निम्नलिखित बैठने की व्यवस्था का अध्ययन कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

P, Q, R, S, T, और U एक वृत्त के चारों तरफ विपरीत दिशा में मुख किए हुए बैठे है।

P ,S के दायें तरफ दूसरा है जो U के बायें तीसरा हैं। R, T के दायें तीसरा है और U के तुरन्त बगल में नहीं हैं ।

उदा.3. R का Q के सापेक्ष कौन-सा स्थान है?

(1) बायें दूसरा (2) दायें तीसरा (3) दायें दूसरा
(4) बायें तीसरा (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(3) दायें दूसरा

उदा.4. T के बायें तीसरा कौन है?

(1) P (2) R (3) S
(4) T (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2) R

(C) केन्द्रोंन्मुख और केन्द्रविमुख

उदा.5-9. निम्नलिखित सूचनाओं का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

आठ व्यक्ति - V, W, T, S, R, Q, P और O एक वृत्त के चारों ओर समान दूरी पर बैठे हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी ही क्रम में हो। उनमें से कुछ केंद्र की ओर जबकि अन्य कुछ केंद्र के बाहर देख रहे हैं। O, P की बायें तीसरा बैठा हैं। दोनों P और O केन्द्र के बाहर देख रहे हैं। S, P और O का तुरन्त पड़ोसी नहीं है। Q, S की दिशा के विपरीत देख रहा हैं। (इसका अर्थ है कि यदि S केंद्र की ओर देख रहा है, तो Q केंद्र के बाहर देख रहा होगा)। Q, S के बायें दूसरा बैठा है। T के दोनों पड़ोसी T की विपरीत दिशा में देख रहे हैं। V, P का तुरन्त पड़ोसी है। S के दोनों पड़ोसी S की विपरीत दिशा में देख रहे हैं। V केंद्र की ओर देख रहा है तथा वह P और R दोनों का तुरन्त पड़ोसी है। R केन्द्र की ओर देख रहा है।

उदा.5. निम्न में से कौन केंद्र की ओर नहीं देख रहे है?

(1) V, W और R (2) W, T और Q
(3) S, P और O (4) T, R और Q
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.6. V के संदर्भ में T की स्थिति क्या है?

(1) बायें दूसरी (2) दायें तीसरी
(3) बायें चौथी (4) दायें दूसरी
(5) दायें पांचवीं

उदा.7. निम्न में से कौन W और P के बीच बैठा है?

(1) Q (2) R (3) V
(4) T (5) S

उदा.8. S से P के बीच कितने लोग बैठे हैं यदि हम घड़ी की दिशा में S से शुरू करते हैं?

(1) तीन (2) चार (3) पांच
(4) दो (5) एक

उदा.9. बैठक व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सत्य नहीं है?

(1) O, T और R के ठीक बीच में बैठा है।
(2) S, P के दायें तीसरा बैठा है।
(3) W और R एक-दूसरे के ठीक विपरीत बैठे हैं।
(4) V, T के बायें तीसरा बैठा है।
(5) सभी सत्य हैं।

हल.5-9.

हल.5.(3) **हल.6.(2)** **हल.7.(1)**
हल.8.(2) **हल.9.(5)**

उदा.10-14. नीचे दी गई जानकारी का अध्ययन करें और उसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

आठ व्यक्ति M, N, O, P, Q, R, S और T एक गोलाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं और वे एक ही महीने में पैदा हुए हैं, लेकिन अलग-अलग तारीखें जैसे - 6 वीं, 9 वीं, 12 वीं, 16 वीं, 19 वीं, 24 वीं, 27 वीं और 29 वीं को लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो।

नोट: जो व्यक्ति केन्द्र की ओर देख रहे हैं, वे एक सम संख्या वाली तिथि पर पैदा हुए और जो व्यक्ति बाहर की ओर देख रहे हैं, वे विषम संख्या वाली तिथि पर पैदा हुए। T का जन्म 24 तारीख को हुआ और Q, T के बाएं से दूसरा है। Q और वह जो 12 तारीख को पैदा हुआ के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। P उस व्यक्ति के बाएं दूसरा है जो 12 तारीख को पैदा हुआ। O और P के बीच तीन व्यक्ति बैठे हैं। N का जन्म 9 तारीख को हुआ और M, N के दाएं दूसरा है। R, M के ठीक दायें है। वह जो 29 को पैदा हुआ M के बाएं तीसरा है। वह जो 27 तारीख को पैदा हुआ 29 तारीख को पैदा होने वाले के दायें दूसरा है। P बाहर की ओर देख रहा है। Q, M के बाद पैदा हुआ। Q और O तुरन्त पड़ोसी हैं।

उदा.10. निम्नलिखित में से कौन S के बाएं तीसरा है?

(1) M (2) N (3) R
(4) Q (5) T

उदा.11. निम्नलिखित में से कौन समूह से संबंधित नहीं है?

(1) O (2) M (3) N
(4) P (5) S

उदा.12. Q के बाद कितने व्यक्तियों का जन्म हुआ?

(1) 0 (2) 1 (3) 2
(4) 3 (5) 4

उदा.13. निम्नलिखित में से कौन N और M के ठीक बीच बैठा है?

(1) वह जो 19 तारीख को पैदा हुआ।
(2) R
(3) वह जो 6 तारीख को पैदा हुआ।
(4) Q
(5) T

उदा.14. निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(1) P का जन्म 27 तारीख को हुआ।
(2) S केन्द्र की ओर देख रहा है।
(3) R, 16 तारीख को पैदा हुआ।
(4) O, T के बाएं तीसरा है।
(5) S, P का पड़ोसी है।

हल.10-14.

हल.10.(1) **हल.11.(2)** **हल.12.(5)**
हल.13.(2) **हल.14.(4)**

2. रैखिक बैठक व्यवस्था

इस प्रकार की व्यवस्था में, हम लोगों या वस्तुओं को एक पंक्ति में व्यवस्थित करते हैं। व्यवस्था केवल एक 'धुरी' पर की जाती है और इसलिए, लोगों या वस्तुओं की पहली स्थिति, दूसरी स्थिति ....

अंतिम स्थिति के संदर्भ में महत्व रखती है। इस प्रकार की व्यवस्था में, हम अपने बाएं और दाएं के अनुसार दिशा लेते हैं।

(a) एक पंक्ति अनुक्रम-

बैठक व्यवस्था के प्रश्न में दिए गए व्यक्ति या तत्व दी गई शर्तों के अनुसार चार दिशाओं जैसे उत्तर, दक्षिण, पूर्व या पश्चिम की ओर मुख कर सकते हैं।

जब चेहरे की दिशा स्पष्ट नहीं होती है, तो हम उत्तर या दक्षिण में सें एक दिशा ले लेते हैं और दी गई शर्तों के अनुसार हल करते हैं। यदि प्रश्नों में दी गई जानकारी में, व्यक्ति या वस्तु एक-दूसरे से इस तरह से संबंधित हैं कि कोई दिशा आवश्यक नहीं है। तो उस स्थिति में हम प्रश्न में दी गई शर्तों के अनुसार हल करते हैं।

उदाहरण-1:

उदा.15-16. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

शिक्षक के सामने कक्षा की एक पंक्ति में ग्यारह छात्र A, B, C, D, E, F, G, H, I, J और K बैठे हैं। D, जो F के तत्काल बाईं ओर है, C के दायें दूसरा है। A, E के दायें दूसरा है, जो किसी एक छोर पर है। J, A और B का तत्काल पड़ोसी है और G के बायें तीसरा है। H, D के तत्काल बाईं ओर और I के दायें तीसरा है।

उदा.15. पंक्ति के ठीक बीच में कौन बैठा है?

(1) C (2) I (3) B

(4) G (5) कोई नहीं

उदा.16. निम्नलिखित दोस्तों के समूहों में से कौन-सा G के दाईं ओर बैठा हैं?

(1) IBJA (2) ICHDF (3) CHDF

(4) CHDE (5) इनमे से कोई नहीं

हल.15-16. आइए सभी दिए गए कथनों को कुछ नोटेशन प्रारूप में कोड करें ताकि यह प्रश्न हल करने में काफी समय बचा सके।

1. D, जो F के तत्काल बाईं ओर है, C के दाईं ओर दूसरा है।

इसका तात्पर्य है, D, F के तत्काल बायें बैठा है और D, C के दायें दूसरा बैठा है।

DF, C _ D

2. A, E के दायें दूसरा है, जो किसी एक छोर पर है। यदि E एक छोर पर बैठता है तो उसे बाएं छोर पर बैठना चाहिए। तभी केवल निम्नलिखित व्यवस्था संभव है।

E _ A

3. J, A और B का तत्काल पड़ोसी है और G के बायें तीसरा है।

AJB / BJA संभव और **J _ _ G**

इसलिये, **A J B _ G / B J A _ G**

4. H, D के तुरन्त बायें और I के दायें तीसरा है।

HD और **I _ _ H**

1 से, **C _ D F**

4 से, **I _ _ H D**

1 और 4 से,

I _ C H D F -----(1)

3 से, **A J B _ G** या **B J A _ G** संभव

यदि हम 2 पर भी विचार करते हैं, तो उपरोक्त कथन बन जाता है,

E _ A J B _ G- - - - - (2)

अब 1 और 2 से, हमारे पास दो संभावनाएं हैं।

1. F, E के बाईं ओर बैठता है।

2. I, G के दाईं ओर बैठता है।

ये दोनों संभव नहीं हैं क्योंकि कुल स्थान 11 से अधिक हो रहे हैं। इसलिए I, B और G के बीच के स्थान पर होना चाहिए।

तो, **E _ A J B I G C H D F** सही व्यवस्था है।

E और A के बीच के स्थान पर शेष व्यक्ति K बैठेगा।

अब उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर विकल्प B और C हैं।

उदाहरण-2:

उदा.17-21. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

आठ लोग A, B, C, D, E, F, G, H एक रैखिक पंक्ति में बैठे हैं। उनमें से चार उत्तर की ओर जबकि चार दक्षिण की ओर देख रहे हैं। तीन व्यक्ति C के बायें बैठे हैं। जितने व्यक्ति A और D के बीच है उतने ही B और F के बीच बैठे हैं। C और A के बीच केवल B बैठा है। A, C के बाएं ओर दूसरा बैठा है। A उत्तर दिशा की ओर देखता है। F अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। E, D के बाएं ओर दूसरा बैठा है और D की दिशा में ही देख रहा है। D, C का तुरन्त पड़ोसी नहीं है। E उत्तर दिशा की ओर नहीं देख रहा है। H, G के दाएं चौथे स्थान पर बैठा है और G, C के विपरीत दिशा में देख रहा है। F और H दोनों एक ही दिशा में देख रहे हैं।

उदा.17. निम्नलिखित में से कौन A के दायें तीसरा बैठा है?

(1) G (2) C (3) D

(4) F (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.18. B और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) एक (2) तीन से अधिक
(3) तीन (4) कोई नहीं
(5) दो

उदा.19. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा अंतिम छोर पर बैठा है?

(1) H, E (2) B, D (3) C, A
(4) F, B (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.20. निम्नलिखित में से कौन G के तुरन्त बाएं बैठा है?

(1) E (2) C (3) D
(4) F (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.21. H और C के बीच कितने व्यक्ति बैठते हैं?

(1) एक (2) तीन से अधिक
(3) तीन (4) कोई नहीं
(5) दो

हल.17-21.

हल.17.(1) **हल.18.(5)** **हल.19.(1)**

हल.20.(3) **हल.21.(5)**

(b) दो पंक्ति अनुक्रम-

आइए दो पंक्तियों में बैठे 6 व्यक्तियों को देखें।

उपरोक्त आरेख से यह स्पष्ट है कि

(i) P, S के विपरीत बैठा है।

(ii) Q, T के विपरीत बैठा है।

(iii) R, U के विपरीत बैठा है।

(iv) P और U विकर्णीय विपरीत स्थितियों में बैठे है।

उदाहरण-3:

उदा.22-24. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

आठ सदस्य P, Q, R, S, T, V, H और L दो पंक्तियों में इस प्रकार बैठे है कि प्रत्येक पंक्ति में सदस्यों की संख्या समान हैं। एक पंक्ति के सदस्य उत्तर की ओर देख रहे हैं और दूसरी पंक्ति के सदस्य दक्षिण की ओर देख रहे हैं। एक पंक्ति में प्रत्येक सदस्य दूसरी पंक्ति में प्रत्येक सदस्य के ठीक विपरीत बैठता है।

P, जो उत्तर की ओर देख रहा है, H के तत्काल दाईं ओर है जो R के ठीक विपरीत है। L, R के तुरन्त दायें है और S, T के ठीक विपरीत है जो P के तुरन्त दायें है। V पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है।

उदा.22. निम्नलिखित सदस्यों में से कौन- से सदस्य एक ही पंक्ति के छोर पर बैठते है?

(1) TH (2) SR (3) LQ
(4) LT (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.23. P के विपरीत कौन बैठता है?

(1) L (2) Q
(3) V (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उदा.24. निम्नलिखित सदस्यों में से कौन- से सदस्य एक-दूसरे के ठीक विपरीत बैठते है?

(1) VQ (2) LV (3) VH
(4) VP (5) इनमें से कोई नहीं

हल.22-24. दी गई जानकारी के अनुसार, अंतिम व्यवस्था निम्नानुसार है:

हल.22.(5) LS और QT समान पंक्ति के छोर पर बैठे हैं।

हल.23.(3) V, P के विपरीत बैठता है।

हल.24.(4) V ओर P एक-दूसरे के ठीक विपरीत बैठते हैं।

उदाहरण-4:

उदा.25-29. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

बारह सहयोगी दो समान्तर रेखाओं में प्रत्येक पर छः सहयोगी इस प्रकार से बैठे है कि सन्निकट सहयोगियों के बीच की दूरी समान हैं। पंक्ति-1 में प्रफुल, सचिन, राहुल, सुलू, रोहित और विवेक बैठे है और सभी दक्षिण की ओर देख रहे है। पंक्ति-2 में रितु, मोनिका, रवि, दिव्या, नीतू और नेहा बैठे है और सभी उत्तर की और देख रहे है। इसलिए, बैठक व्यवास्था में एक पंक्ति के प्रत्येक सदस्य दूसरी पंक्ति के अन्य सदस्य को देखते है।

दिव्या, रितु के बायें तीसरी बैठी है। नीतू का मुख विवेक की ओर है।

प्रफुल, रोहित के दायें तीसरा बैठा है। सचिन का मुख रितु की ओर है।

विवेक, रोहित के दायें दूसरा बैठा है। मोनिका का मुख सुलू की ओर है।

रवि का मुख रोहित की ओर नहीं है।

दिव्या पंक्ति के किसी अंतिम छोर पर नहीं बैठी है।

मोनिका, दिव्या के तुरंत बायें है।

प्रफुल पंक्ति के किसी अंतिम छोर पर नहीं बैठा है।

उदा.25. रवि के बायें दूसरा कौन बैठा/बैठी है?

(1) मोनिका (2) रितु (3) नेहा

(4) दिव्या (5) नीतू

उदा.26. प्रफुल के सामने कौन है?

(1) मोनिका (2) रोहित (3) नेहा

(4) रवि (5) नीतू

उदा.27. रितु और दिव्या के बीच कितने लोग बैठे हैं?

(1) एक (2) दो (3) तीन

(4) पाँच (5) चार

उदा.28. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा उस समूह से संबंधित नहीं है?

(1) दिव्या-मोनिका (2) राहुल-प्रफुल

(3) विवेक-सचिन (4) नीतू-रितु

(5) सचिन-रोहित

उदा.29. नेहा के बायें चौथा कौन है?

(1) मोनिका (2) रोहित (3) दिव्या

(4) रवि (5) नीतू

हल.25-29.

सुलू राहुल प्रफुल विवेक सचिन रोहित

मोनिका दिव्या रवि नीतू रितु नेहा

हल.25.(1) **हल.26.(4)** **हल.27.(2)**

हल.28.(4) **हल.29.(3)**

उदा.30-31. दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

दस मित्र दो समानान्तर पंक्तियों में बारह सीटों पर बैठे हैं जिसमें प्रत्येक पाँच लोगों को शामिल किया जाता है, इस तरह से कि एक दूसरे व्यक्तियों के बीच एक समान दूरी हो। पंक्ति 1 में A, B, C, D और E बैठे हैं और ये सभी दक्षिण की ओर मुख किये हैं, और पंक्ति 2 में: P, Q, R, S और T बैठे हैं और ये सभी उत्तर की ओर मुख किये हैं। प्रत्येक पंक्ति में एक सीट खाली है इसलिए, किसी एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य दूसरी पंक्ति के अन्य सदस्य के मुख के ठीक सामने है। वे सभी अलग-अलग रंगों की तरह- लाल, हरा, काला, पीला, सफेद, नीला, भूरा, बैंगनी, गुलाबी और ग्रे, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो। Q और खाली सीट के बीच दो सीटें हैं Q सफेद, लाल और बैंगनी पसंद नहीं करता है। E,C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B ग्रे रंग पसंद करता है। पंक्ति 1 की रिक्त सीट S के विपरीत नहीं है और यह पंक्ति -1 के किसी भी छोर पर भी नहीं है। जो काला रंग पसंद करता है। वह उस व्यक्ति के ठीक विपरीत बैठा है जो S के ठीक विपरीत बैठे व्यक्ति के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T न तो सफेद न ही नीला रंग पसंद करता है। न खाली सीट के सामने बैठा है। D, R के ठीक सामने देख रहा है। खाली सीटें एक दूसरे के विपरीत नहीं हैं। C और B के बीच दो सीटें हैं, जो उस सीट के दाये ओर बैठा हैं जिसे भूरा रंग पसंद है। S, R के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है और पीला रंग पसंद करता है। जो गुलाबी रंग पसंद करता है वह उस व्यक्ति के ठीक सामने बैठा है जो पीला रंग पसंद करता है जिन व्यक्तियाँ को लाल और बैंगनी रंग पसंद है वह एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी है। पंक्ति 1 में रिक्त सीट D के निकटतम पड़ोसी नहीं है। Q किसी एक छोर पर बैठा है। E को न ही गुलाबी रंग पसंद है और न ही उस सीट के सामने है जो नीले रंग को पसंद करने वाले के ठीक पड़ोसी है। जो सफेद रंग पसंद करता है, वह उस व्यक्ति के तुरंत दाई और नहीं है, जो पीला रंग पसंद करता है। जिस व्यक्ति को हरा रंग पसंद है वह उस व्यक्ति के सामने नहीं बैठता है जो बैंगनी रंग पसंद करता हैं।

उदा.30. T और पीले रंग को पसंद करने वाले व्यक्ति के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) कोई नहीं (2) एक (3) दो

(4) तीन (5) इनमे से कोई नहीं

हल.(3)

E	D	B	---	A	C
लाल	बैगनी	ग्रे		गुलाबी	भूरा
T	R	----	P	S	Q
हरा	काला		सफेद	पीला	नीला

उदा.31. जो व्यक्ति बैंगनी रंग पसंद करता है, उसके तत्काल बाईं ओर कौन बैठा है?

(1) E

(2) D

(3) जो काला रंग पसंद करता है

(4) जो हरा रंग पसंद करता है

(5) जो ग्रे रंग पसंद करता है

हल.(5) वह जो ग्रे रंग पसंद करता है।

3. वर्ग या आयत बैठक व्यवस्था

इस प्रकार के प्रश्न में किसी व्यक्ति को केंद्र के सामने एक वर्ग / आयताकार के चारों ओर बैठने के लिए बनाया जाता है, केंद्र के विपरीत और संयुक्त।

अंदर की ओर बाहर की ओर मिश्रित

उदा.32–33. दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार लोग कोनों पर बैठे हैं और चार लोग प्रत्येक भुजा के मध्य में बैठे हैं जो लोग कोनों पर बैठे हैं उनका मुख बाहर की ओर है जबकि जो लोग भुजा के मध्य में बैठे हैं उनका मुख केन्द्र की ओर हैं।

D, G के दायें तीसरा है। G का मुख केन्द्र की ओर है। E, C के बायें तीसरा है। C भुजा के मध्य में नहीं बैठा है। E और F के मध्य में केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H का मुख केन्द्र की ओर है। A, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

उदा.32. B के संदर्भ में C का स्थान क्या है?

(1) दायें तीसरा

(2) C और B एक दूसरे के विकर्णीय विपरीत बैठे हैं।

(3) दायें दूसरा

(4) बायें दूसरा

(5) दायें पाँचवाँ

हल.(4) बायें दूसरा

उदा.33. E और F के मध्य में कौन बैठता है?

(1) H (2) D (3) A
(4) C (5) G

हल.(2) D

उदा.34-38. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्ग के गिर्द बैठे है जिनमें से चार कोने पर तथा चार वर्ग के भुजाओं के मध्य बैठते हैं। जो कोने पर बैठते है केन्द्र की तरफ देखते हैं और जो भुजाओं के मध्य बैठते है वो केन्द्र के विपरीत देखते हैं।

जिनमें से सभी को अलग-अलग जगह पसंद है जैसे-@, #, $, %, &, 8, 3 तथा 6 किन्तु यह जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में बैठे है।

C उस व्यक्ति के बाएं तीसरा है जिसे @ पसन्द है। @ पसन्द करने वाला केन्द्र के विपरीत देखता है। C और H के बीच दो लोग बैठते हैं। जिसे $ पसन्द है वो H के तुरन्त दाएं है।

जिसे # पसन्द है वह G के दाएं दूसरा है। G, H और C का पड़ोसी नहीं है। G को 8 और @ पसन्द नहीं है।

पसन्द करने वाले और A के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।

D, & पसन्द करने वाले व्यक्ति के तुरन्त बाएं बैठा है। G को & पसन्द नहीं है।

E को % पसन्द है और A का तुरन्त पड़ोसी नहीं है।

जिसे 3 पसन्द है वह E का तुरन्त पड़ोसी है।

जिसे 8 पसन्द है वह F का पड़ोसी है।

उदा.34. @ किसे पसन्द है?

(1) D (2) F (3) B
(4) E (5) G

उदा.35. E के दाएं तीसरा कौन बैठा है?

(1) F (2) H (3) D
(4) A (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.36. H और B के बीच कौन बैठा है?

(1) $ (2) 3 (3) #
(4) 8 (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.37. B के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य है।

(1) B, D का तुरन्त पड़ोसी है।

(2) जिसे @ पसन्द है वह B का तुरन्त पड़ोसी है।

(3) B, H के बाएं दूसरा है।

(4) B को % पसन्द है।

(5) B, जिसे $ पसन्द है उसका तुरन्त पड़ोसी है।

उदा.38. H और G के बीच कौन बैठा है?

(1) AB (2) BC (3) DF
(4) CE (5) AC

हल.34-38.

हल.34.(2) **हल.35.(3)** **हल.36.(1)**

हल.37.(5) **हल.38.(3)**

4. तल बैठक व्यवस्था

फ्लोर (तल) बैठक व्यवस्था भी रेखिक बैठक व्यवस्था के समान होती है लेकिन इसमें ऊर्द्धवाधर व्यवस्थित किया जाता है। कभी-कभी पहेलियों को या तो केवल फ्लोर (तल) व्यवस्था या फ्लोर व्यवस्था, जिसमें विभिन्न रंग / कार के नाम / शहर के नाम आदि शामिल होते हैं, से पूछा जा सकता है।

उदा.39-43. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

सात पुजारी R, Y, U, W, A, D और H सात मंजिल की एक इमारत में नीचे से ऊपर (संख्या 1 से 7) तक रह रहे हैं लेकिन इसी क्रम में हो जरूरी नहीं है।

पुजारी W चौथी मंजिल पर रहते है। पुजारी D दूसरी मंजिल के तुरंत ऊपर रहते है। पुजारी Y शीर्ष मंजिल पर रहते है। पुजारी जिनका अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार स्थानीमान 21 है सम और सबसे निम्नतम मंजिल पर नहीं रहते है। पुजारी R और A के बीच तीन पुजारी हैं।

उदा.39. 6वीं मंजिल पर कौन रहते है?

(1) R (2) A (3) U
(4) H (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

उदा.40. पहली मंजिल पर कौन रहते है?

(1) Y (2) W (3) H
(4) A (5) R

उदा.41. U और Y पुजारियों के बीच कितने पुजारी रहते हैं?

(1) कोई नहीं (2) दो (3) तीन
(4) एक (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

उदा.42. कौन सम अभाज्य संख्या मंजिल पर रहते है?

(1) Y (2) U (3) R
(4) H (5) R/A

उदा.43. उस मंजिल के तुरंत नीचे कौन रहता है जिस पर पुजारी R रहते है?

(1) Y/H (2) U/H (3) W/U
(4) H (5) R/A

हल.39-43.

7 ⇨ Y
6 ⇨ R/A
5 ⇨ U
4 ⇨ W
3 ⇨ D
2 ⇨ R/A
1 ⇨ H

हल.39.(5) **हल.40.(3)** **हल.41.(4)**
हल.42.(5) **हल.43.(2)**

उदा.44-48. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

दस लड़कें Z, Y, X, W, V, U, T, S, R और Q पश्चिम की तरफ मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो। Y और U किसी भी छोर पर नहीं बैठे हैं। S, Z के दायें बैठा है। V और Z के बीच चार लोग बैठे हैं। S और X के बीच दो व्यक्ति हैं। T, V के बायें छठा है, जो पंक्ति के एक छोर पर है। X जो Z के दायें ओर नहीं है। Q, V और W के बीच में है।

उदा.44. बायें से गिनने पर कौन सातवें स्थान पर बैठा है?

(1) S (2) X
(3) Q (4) या तो Y या U
(5) Z

उदा.45. निम्नलिखित में से कौन एक छोर पर बैठा है?

(1) R
(2) S
(3) Y
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) Q

उदा.46. T के तत्काल पड़ोसी कौन हैं?

(1) YX (2) YS
(3) ZS (4) XZ
(5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

उदा.47. W के बायें दूसरा कौन बैठा है?

(1) T (2) S (3) V
(4) Q (5) Y

उदा.48. यदि T और Z अपनी स्थिति बदलते हैं, तो Z के तत्काल पड़ोसी कौन हो सकते है?

(1) T और X (2) केवल U (3) केवल R
(4) T और S (5) केवल W

हल.44-48.

V
Q
W
Y/U
S
Z
T
X
Y/U
R

हल.44.(4) **हल.45.(1)** **हल.46.(4)**
हल.47.(2) **हल.48.(1)**

5. बहुभुज (त्रिभुज, पंचभुज, षट्भुज आदि) बैठने की व्यवस्था

बहुभुज व्यवस्था इस प्रकार की व्यवस्था में, हमें वस्तुओं या व्यक्तियों को बहुभुज (त्रिभुज, चतुर्भुज, पंचकोणीय, षट्कोणीय, अष्टकोणीय आदि) की संरचना पर व्यवस्थित करना होता है।

उदा.49-50. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

एक त्रिकोणीय मेज के चारों ओर छह व्यक्ति A, E, V, I, O और U बैठे हैं। उनमें से तीन मेज के कोने पर बैठे हैं और तीन मेज के मध्य में बैठे हैं। जिनमें से तीन केंद्र

की ओर देखते है और तीन केंद्र से बाहर की ओर देखते है।

U कोने की सीट पर बैठा है और केंद्र की ओर देखता है। I और U के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E और I तुरंत पड़ोसी हैं लेकिन उनमें से कोई भी U का तुरंत पड़ोसी नहीं है। A, I के बाएँ ओर दूसरा बैठा है। U, A के ठीक दायें कोने पर बैठा है। V केंद्र की ओर देखता है। O, जो I का तुरंत पड़ोसी है, E के दायें ओर दूसरा बैठा है।

उदा.49. निम्नलिखित में से कौन V के बाएँ दूसरा है?

(1) U (2) I (3) E
(4) A (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.50. निम्नलिखित में से कौन केन्द्र की ओर देखते है?

(1) V, A और U
(2) I, U और V
(3) V, O और E
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.49-50.

हल.49.(3) **हल.50.(1)**

उदा.51-53. निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

छह लोग W, E, R, T, Y और U षट्भुज की मेज के चारों ओर बैठे हैं और प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक कोने पर बैठा है। प्रत्येक विपरीत कोने के व्यक्ति एक-दूसरे के विपरीत देख रहे हैं (इसका अर्थ है कि यदि कोई केंद्र की ओर देख रहा है तो अन्य व्यक्ति केंद्र के बाहर देखेगा)।

T, जिसका मुख केंद्र की ओर नहीं है, Y और E के बीच में बैठा है। U, E के बाएं ओर दूसरा है जो केंद्र की ओर देख रहा है। W, R के बाएं ओर दूसरा है।

उदा.51. यदि W की दिशा स्पष्ट है, तो उन व्यक्तियों का नाम बताइए जो केंद्र की ओर देख रहे हैं।

(1) WYE (2) URT (3) YUE
(4) WET (5) URE

उदा.52. R के पड़ोसी कौन हैं?

(1) WE (2) UE (3) YT
(4) WY (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

उदा.53. W और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(2) तीन
(3) चार
(4) कोई नहीं
(5) दो

हल.51-53.

हल.51.(5) **हल.52.(5)** **हल.53.(1)**

6. अनिश्चित व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था

इस प्रकार के प्रश्नों में, लोगों की संख्या स्पष्ट नहीं है। जानकारी को पढ़ने और पहेली को ध्यान से हल करने के बाद संख्या ज्ञात होती है। कभी-कभी व्यक्तियों की संख्या अनिश्चित होती है।

उदा.54-58. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

कुछ सेनानी एक पंक्ति में बैठे हैं और सभी उत्तर दिशा की ओर देख रहे हैं। G और L के बीच 3 सेनानी हैं। L के बगल में केवल दो सेनानी हैं, लेकिन वे G के पड़ोसी नहीं हैं। छह सेनानी G के बायीं ओर बैठे हैं और U पंक्ति के बायीं ओर से तीसरे स्थान पर हैं। U और F के बीच केवल एक सेनानी है। F, K के तत्काल दायें बैठा है।

उदा.54. एक पंक्ति में कितने सेनानी हैं?

(1) 13 (2) 15 (3) 18
(4) 12 (5) 11

उदा.55. K और O के बीच कितने सेनानी हैं?

(1) 1 (2) 3 (3) 5
(4) 6 (5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

उदा.56. U और L के बीच कितने सेनानी हैं?

(1) 1 (2) 3 (3) 7
(4) 6 (5) 2

उदा.57. G के तुरंत बायें कौन है?

(1) F (2) L (3) U
(4) डेटा अपर्याप्त (5) K

उदा.58. यदि R, F के बायें चौथा है तो बायें ओर से उसकी स्थिति क्या है?

(1) दूसरी (2) तीसरी (3) अंतिम छोर पर
(4) पांचवीं (5) छठी

हल.54-58. _ _ U K F _ G _ _ _ L _ _

हल.54.(1) **हल.55.(5)** **हल.56.(3)**

हल.57.(4) **हल.58.(3)**

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए।

A, B, C, D, E, F, G, H, I और J दस कार्यालय के सदस्य एक वृत्त में बैठे हैं उनमें से कुछ केन्द्र की ओर देख रहे हैं तथा कुछ केन्द्र के विपरीत देख रहे हैं।, J के बायें पाँचवें स्थान पर है जो कि G के दायें तीसरे स्थान पर बैठा है। G, H के विपरीत बैठा है और वे दोनों एक दूसरे के विपरीत दिशा में देख रहे हैं। F, H और I का पड़ोसी नहीं है। E, C के सामने बैठा है। B, G के बायें तीसरे स्थान पर है। D, J और E के बिल्कुल मध्य में बैठा है। D, H का पड़ोसी नहीं है। F, A के दायें चौथे स्थान पर बैठा है जो कि केन्द्र की ओर नहीं देख रहा है। G और H के सभी पड़ोसी एक ही दिशा में देखते हैं लेकिन G और J के विपरीत दिशा में हैं। I और B एक ही दिशा में देखते हैं परन्तु E के विपरीत।

प्र.1. H के बायें तीसरे स्थान पर कौन है ?

(1) J (2) E (3) C
(4) I (5) D

प्र.2. कितने व्यक्ति केन्द्र के विपरीत दिशा में नहीं देख रहे हैं ?

(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

प्र.3. निम्नलिखित पाँच में से चार दी गई बैठक व्यवस्था के आधार पर एक निश्चित तरीके से एक समान है, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्न में कौन-सा उस समूह से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) H (2) D (3) F
(4) A (5) J

प्र.4. निम्न में से कौन-सा पहला व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति के तुरंत बायें बैठा है ?

(1) I, B (2) G, D (3) C, G
(4) A, F (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.5. B के विपरीत कौन बैठा है ?

(1) C (2) I (3) G
(4) F (5) H

प्र.6-10. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

आठ व्यक्ति 26, 25, 24, 23, 22, 21, 20 और 19 एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। उनमें से प्रत्येक एक एमईपीएल कंपनी में अलग-अलग पद- शाखा प्रबंधक, फैकल्टी, आर एंड डी सदस्य, प्रकाशक, ऑपरेटर, एकाउंटेंट, डीटीपी प्रमुख और क्षेत्र प्रबंधक धारण करता है। 26, क्षेत्र प्रबंधक के दायें तीसरा बैठा है। क्षेत्र प्रबंधक और 19 के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। आपरेटर और फैकल्टी एक दूसरे के तत्काल पड़ोसी हैं। न तो 26 और न ही 19 एक आपरेटर या एक फैकल्टी है। आपरेटर, क्षेत्र प्रबंधक का तत्काल पड़ोसी नहीं है। शाखा प्रबंधक, 22 के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। 22, 19 का तत्काल पड़ोसी नहीं है। शाखा प्रबंधक, एकाउंटेंट और डीटीपी प्रमुख दोनों का तत्काल पड़ोसी है। डीटीपी प्रमुख, 25 के दायें तीसरे स्थान पर बैठा है। 25, आपरेटर नहीं है। 24, आर एंड डी सदस्य के तत्काल दायें बैठा है। 26, आर एंड डी सदस्य नहीं है। 21, 26 का तत्काल पड़ोसी नहीं है। 20, शाखा प्रबंधक का तत्काल पड़ोसी नहीं है।

प्र.6. निम्नलिखित में से कौन 22 के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है?

(1) शाखा प्रबंधक (2) 20
(3) 22 (4) डीटीपी प्रमुख
(5) 25

प्र.7. निम्नलिखित पाँच में से चार दी गयी बैठक व्यवस्था के आधार पर, एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्न में कौन-सा उस समूह से संबंधित नहीं है?

(1) 21-आर एंड डी सदस्य (2) 20-प्रकाशक
(3) 23-शाखा प्रबंधक (4) 26-डीटीपी प्रमुख
(5) 25-फैकल्टी

प्र.8. निम्नलिखित में से कौन कंपनी का प्रकाशक है?

(1) 26 (2) 24 (3) 19
(4) 20 (5) 23

प्र.9. दी गयी बैठक व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(1) एकाउंटेट, 23 के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
(2) कंपनी का आर एंड डी सदस्य क्षेत्र प्रबंधक के तत्काल बायें बैठा है।
(3) एकाउंटेंट और फैकल्टी एक दूसरे के तत्काल पड़ोसी हैं।
(4) 20, 23 के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है।
(5) कंपनी का एकाउंटेंट, ऑपरेटर का तत्काल पड़ोसी है।

प्र.10. 25 कंपनी में निम्नलिखित में से कौन-सा पद धारण करता है?

(1) आर एंड डी सदस्य (2) शाखा प्रबंधक
(3) फैकल्टी (4) डीटीपी प्रमुख
(5) वित्तीय सलाहकार

प्र.11-15. दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए।

बारह लोग दो समाँतर पंक्तियों में है और प्रत्येक पंक्ति में छः लोग इस तरह बैठे हैं कि अगल-बगल के व्यक्तियों के बीच एक समान दूरी है। पंक्ति-1 में A, B, C, D, E और F बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है। पंक्ति-2 में P, Q, R, S, T और V बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है। इसलिए, दी गई बैठने की व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख दूसरी पंक्ति में बैठे दूसरे सदस्यों की ओर है।

V, S के दायें को तीसरे स्थान पर बैठा है। S का मुख B की ओर है और F पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। D, C के दायें को तीसरे स्थान पर बैठा है। R का मुख C की ओर है। जिसका मुख E की ओर है, वह P के दायें को तीसरे स्थान पर बैठा है। B व P पंक्ति के अंन्तिम छोरों पर नहीं बैठे हैं। T, V के बगल में नहीं है और A, C के बगल में नहीं बैठा है।

प्र.11. निम्न में से किसका मुख D की ओर है?

(1) T (2) P (3) Q
(4) R (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.12. निम्न में से कौन पंक्तियों के अंतिम छोरों पर बैठे व्यक्तियों को निरूपित करता है?

(1) R, F (2) T,A (3) D, R
(4) C, Q (5) S,A

प्र.13. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?

(1) B-T (2)A-Q (3) C-S
(4) F-P (5) D–R

प्र.14. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?

(1) D (2) S (3) V
(4) T (5) A

प्र.15. R और T के बीच कितने लोग बैठे हैं?

(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) कोई नहीं

प्र.16–20. दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए।

आठ व्यक्ति U, V, W, X, Y, Z, G और J एक वृत्त में बैठे हुए है जिनमे से कुछ केन्द्र की ओर देख रहे है और कुछ केन्द्र के बाहर की ओर देख रहे है। V, J के बायें तीसरे स्थान पर बैठा हुआ है। J का मुख केन्द्र की ओर है। Z, V के दायें दूसरे स्थान पर बैठा हुआ है। Y, X के बायें दूसरे स्थान पर बैठा हुआ है। X, V और J का पड़ोसी नहीं है। W के पड़ोसियों का मुख केन्द्र के बाहर की ओर है। U, J का पड़ोसी नहीं है। U के पड़ोसियों का मुख अलग अलग दिशाओं में है। X के दोनों पड़ोसियों का मुख Z की दिशा में है। U का मुख V की दिशा में ही है।

प्र.16. कितने व्यक्तियों का मुख केन्द्र की ओर है?

(1) एक (2) तीन (3) दो
(4) चार (5) पाँच

प्र.17. दियें हुए कथनानुसार G के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(1) W, G के बायें दूसरे स्थान पर बैठा है।
(2) G और X के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हुए है।
(3) U, G के तुरंत दायें बैठा हुआ है
(4) V, G का एक पडोसी है
(5) G का मुख केन्द्र की ओर है

प्र.18. इनमें से कौन-सा भिन्न है?

(1) G (2) W (3) U
(4) Z (5) X

प्र.19. J के सन्दर्भ में U का स्थान क्या है?

(1) बायें तीसरा (2) दायें तीसरा
(3) दायें चौथा (4) बायें दूसरा
(5) बायें पाँचवा

प्र.20. कितने व्यक्तियों का मुख केन्द्र के बाहर की ओर है?

(1) 1 (2) 2 (3) 3
(4) 4 (5) 5

प्र.21–25. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नो का उत्तर दें:

आठ व्यक्ति D, E, G, H, R, S, T और U एक गोलाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। कुछ व्यक्ति केंद्र के विपरीत दिशा मे देख रहे हैं। वे सभी चार अलग-अलग प्रकारों की ड्रिंक पसंद करते हैं, अर्थात स्प्राइट, स्लाइस, लिम्का और पेप्सी, और प्रत्येक ड्रिंक को दो व्यक्तियों द्वारा पसंद किया जाता है,

नोट: एक ही दिशा का अर्थ है कि यदि कोई व्यक्ति केंद्र की ओर देख रहा है तो अन्य व्यक्ति भी केंद्र की ओर देखेगा और इसके विपरीत। विपरीत दिशा का अर्थ है यदि एक व्यक्ति केंद्र की विपरीत दिशा मे देख रहा है तो दूसरा व्यक्ति की केंद्र की ओर देखेगा और इसके विपरीत।

T, E के तुरंत दायें बैठता है, जो स्प्राइट पसंद करता है। G, U के बाएं से तीसरे स्थान पर है, जो पेप्सी पसंद करता है और दोनों व्यक्ति एक ही दिशा की ओर देख रहे हैं। G और E का दिशा मे नहीं देख रहे हैं लेकिन G, R का निकटतम पड़ोसी है। R, T के बाएं से चौथे स्थान पर है और दोनों विपरीत दिशाओं मे देख रहे हैं लेकिन एक ही ड्रिंक पसंद करते है वह व्यक्तिय जो स्प्राइट पसंद करता है एक दूसरे

निकटतम पड़ोसी हैं, लेकिन विपरीत दिशाओं मे देख रहे हैं। वह व्यक्तिय जो स्लाइस पसंद करता है एक दूसरे के विपरीत बैठता हैं। R के निकटतम पड़ोसीयो का मुख केंद्र की ओर हैं लिम्का पसंद करने वाला व्यक्ति, पेप्सी पसंद करने वाले व्यक्ति के तत्काल पड़ोसी है। H और S, U के निकटतम पड़ोसी हैं। H केंद्र की ओर नहीं देख रहा है और लिम्का पसंद करता है। जो S के तुरंत बायीं ओर है वह केंद्र की ओर नहीं देख रहा है। S, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठता है।

प्र.21. निम्नलिखित में से कौन पेप्सी पसंद करता है?

(1) R, T (2) G, U (3) S, D
(4) H, U (5) इनमे से कोई नहीं

प्र.22. निम्नलिखित में से कौन सा कथन D के बारे में सत्य है?

(1) D, G का निकटवर्ती पड़ोसी है और वह स्लाइस पसंद करता है
(2) D के तत्काल पड़ोसी केंद्र की ओर देख रहे हैं
(3) D उस व्यक्ति के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है जिसे लिम्का पसंद है।
(4) D, U के विपरीत बैठता है, जो पेप्सी पसंद करता है।
(5) इनमे से कोई नहीं

प्र.23. कितने व्यक्ति केंद्र की ओर नहीं देख रहे हैं?

(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) इनमे से कोई नहीं

प्र.24. निम्नलिखित में से कौन U के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है?

(1) T, जो पेप्सी पसंद करता है।
(2) B, जो स्प्राइट पसंद करता है।
(3) R, जो स्लाइस पसंद करता है।
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता है।
(5) इनमे से कोई नहीं

प्र.25. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा विकल्प है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(1) S, U (2) R, H (3) G, D
(4) E, H (5) U, E

प्र.26–30. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

A, B, C, D, E, F, G और H एक सीधी रेखा में बैठे है जिनमें से कुछ का मुख उत्तर दिशा में और कुछ का दक्षिण दिशा में है।

A का मुख दक्षिण दिशा की ओर है। A के दायें केवल दो व्यक्ति बैठे है। B, A के बायें तीसरा बैठा है। B और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E और H के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B के दोनों तुरंत पड़ोसियों का मुख एक ही दिशा में है लेकिन ठ से विपरीत दिशा में है। C, F के बायें तीसरा बैठा है। B का मुख, A से विपरीत दिशा में है। D का मुख E की दिशा में है। दोनों G और C का मुख, H के विपरीत दिशा में है। H, क के तुरंत दायें बैठा है। उत्तर और दक्षिण में देखने वाले व्यक्तियों की संख्या बराबर नहीं है।

प्र.26. F के बायें दूसरा कौन बैठा है?

(1) E (2) A (3) G
(4) कोई नहीं (5) B

प्र.27. A और G के बीच में कितने व्यक्ति बैठे है?

(1) 2 (2) 4 (3) 1
(4) 3 (5) 6

प्र.28. कितने व्यक्तियों का मुख उत्तर दिशा में है?

(1) 3 (2) 4 (3) 5
(4) 1 (5) 2

प्र.29. निम्न में से किस व्यक्ति का स्थान बायें छोर से दूसरा है?

(1) H (2) D (3) C
(4) E (5) F

प्र.30. निम्न में से कौन पंक्ति के दायें छोर पर बैठा है?

(1) A (2) D (3) H
(4) B (5) F

प्र.31–35. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

चौबीस स्थान बारह स्थान वाले दो समानांतर पंक्तियों में इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न स्थानों के बीच दूरी समान है। इस बैठक व्यवस्था में प्रत्येक पंक्ति में बैठे सदस्य का मुख दूसरी पंक्ति में बैठे अन्य सदस्य की ओर नहीं है। इसलिए, इस बैठक व्यवस्था में प्रत्येक पंक्ति में स्थान का मुख दूसरी पंक्ति में स्थान की ओर है। पंक्ति I में, A, D, E, C, F और B बैठे हैं और उनमें से सभी दक्षिण दिशा की ओर देख रहे है और अन्य स्थान खाली है। पंक्ति II में, P, K, R, S, Q और V बैठे हैं और उनमें से सभी उत्तर दिशा की ओर देख रहे है और अन्य स्थान खाली हैं।

1. B, A के बाएं छठा है।
2. E, K के सामने वाले स्थान के दायें तीसरा है जो Q के बायें छठा है।
3. Q और V के बीच में केवल चार स्थान हैं।
4. P के सामने वाला स्थान D के तुरंत बाएं है।
5. F, B के पश्चिम में नहीं है।
6. S पंक्ति के अंतिम छोरों में से किसी एक पर बैठा है।
7. C, F और B के बीच में है। F पंक्ति के किसी भी अंतिम छोर पर नहीं बैठा है।
8. Q, S का तुरंत पड़ोसी है।

प्र.31. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान है और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह एक कौन सा है जो इस समूह में नहीं आता है?

(1) B (2) F (3) P
(4) S (5) D

प्र.32. A और B के बीच में कौन बैठा है?

(1) D (2) E (3) F
(4) C (5) D और E

प्र.33. निम्नलिखित में से कौन सा कथन R के बारे में सत्य है?

(1) R पंक्ति के अंतिम बाएं छोर बैठा है।
(2) जो व्यक्ति R के तुरंत बाएं है, D के सामने बैठा है।
(3) R, P के दायें दूसरा है।
(4) जिस स्थान का मुख R की ओर है वह B के दायें तीसरा बैठा है।
(5) R, S का तुरंत पड़ोसी नहीं है।

प्र.34. दी गई व्यवस्था के आधार पर B, V से संबंधित है इसी प्रकार से P, D से संबंधित है। इसी प्रकार से F का संबंध किसके साथ है?

(1) R (2) K (3) V
(4) S (5) P

प्र.35. P और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) कोई नहीं (2) दो (3) चार
(4) तीन (5) एक

प्र.36-39. दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान-पूर्वक पढ़ें।

आठ दोस्त- A, B, C, D, E, F, G और H एक सीधी बेंच पर बैठे हैं, अलग-अलग उम्र 13, 14, 15, 16, 17, 18, 20 और 19 के हैं, लेकिन जरूरी नहीं इसी क्रम में। वे सभी एक ही दिशा में मुख किये हुए हैं।

B, G से छोटा है। E, 19 वर्ष का नहीं है। D की आयु 15 वर्ष है। B उस व्यक्ति के तत्काल बाएं बैठा है जो 18 वर्ष का है। G एक अंतिम छोर पर बैठा है। वह व्यक्ति जो 13 वर्ष का है, D के तुरंत बायें बैठा है। वह व्यक्ति जो 15 वर्ष का है, F जो 20 वर्ष का है, के दायें से तीसरा बैठा है। B और D एक दूसरे के पड़ोसी हैं। F एक अंतिम छोर पर बैठा है। वह व्यक्ति जो 16 वर्ष का है, वह G के ठीक बाएं बैठा है। वह व्यक्ति जो 19 वर्ष का है, H के बांयी ओर चौथा बैठा है, A और E एक दूसरे के पड़ोसी हैं।

प्र.36. E और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) 2 (2) 3 (3) 4
(4) 5 (5) 1

प्र.37. A और G के बीच आयु का अंतर क्या है? (वर्ष मे)

(1) 2 (2) 3 (3) 4
(4) 5 (5) 1

प्र.38. किस व्यक्ति के बाईं ओर पांचवां F बैठा है?

(1) H (2) G (3) B
(4) C (5) A

प्र.39. A और G के बीच मे कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) 2 (2) 3 (3) 4
(4) 5 (5) 1

प्र.40. E की आयु क्या है?

(1) 13 वर्ष (2) 19 वर्ष (3) 20 वर्ष
(4) 15 वर्ष (5) 18 वर्ष

प्र.41-45. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

आठ दोस्त गौरव, शीतल, रोमी, रिंकू, अर्जुन, किशन, अवनीश और नीरज एक वृत्ताकार मेज के चारो ओर बैठे है। उनमें से कुछ केंद्र की ओर और कुछ केंद्र से बाहर की ओर देख रहे हैं।

गौरव, नीरज के दायें तीसरा बैठा है। शीतल, गौरव के ठीक सामने बैठा है। रोमी और अवनीश के बीच में तीन व्यक्ति बैठे है। रिंकू, रोमी के बाएं सातवा बैठा है जो केंद्र की ओर देख रहा है। रोमी, नीरज के तुरंत दायें बैठा है। अर्जुन, नीरज के ठीक सामने बैठा है और केंद्र की ओर मुख करके बैठा है। केवल चार व्यक्ति केंद्र की ओर मुख करके बैठे है। गौरव का मुख उसी दिशा में है जिस दिशा में नीरज का मुख है।

प्र.41. शीतल के संदर्भ में रिंकू का स्थान क्या है?

(1) दायें तीसरा (2) बाएं तीसरा
(3) दायें चौथा (4) बाएं चौथा
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.42. रिंकू के सामने कौन है?

(1) अवनीश (2) शीतल (3) किशन
(4) अर्जुन (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.43. शीतल और किशन के बीच में कितने लोग बैठे है। यदि शीतल के बायें से गिना जाए?

(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) कोई नहीं (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.44. यदि प्रत्येक व्यक्ति को उनके नाम के अनुसार अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में बैठाया जाये और अर्जुन से दक्षिणावर्त दिशा में बैठाना शुरू करते है, तो कितने व्यक्ति का स्थान मूल स्थान से नहीं बदलता है?

(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) कोई नहीं (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.45. किशन के दायें तीसरा कौन बैठा है?

(1) गौरव (2) रोमी (3) अर्जुन
(4) नीरज (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.46–50. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार से बैठे हैं, कि प्रत्येक भुजा पर दो व्यक्ति है। उनमें से कुछ केंद्र की ओर देख रहे हैं और कुछ केंद्र से बाहर की ओर देख रहे हैं। कोई भी दो तुरंत पड़ोसी एक ही दिशा में नहीं देख रहे है।

A, H के दायें तीसरा बैठा है, जो भौतिकी पसंद करता है। H, C के विपरीत बैठा है जो गणित पसंद करने वाले व्यक्ति के साथ बैठा है। B, उस व्यक्ति के दायें से चौथे स्थान पर है, जो गणित पसंद करने वाले व्यक्ति के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है। E, H के साथ बैठा है, कला पसंद करने वाले व्यक्ति के बायें दूसरा बैठा है। F और D तुरंत पड़ोसी हैं। F, H का तुरंत पड़ोसी हैं और D केंद्र की ओर नहीं देख रहा है। E, जीव विज्ञान पसंद करता है और उस व्यक्ति के विपरीत बैठा है जो वाणिज्य पसंद करने वाले व्यक्ति के तुरंत बायें बैठा है।

प्र.46. G का पड़ोसी कौन है?
(1) B
(2) वह व्यक्ति जिसे कला पसंद है
(3) E
(4) उपर्यक्त सभी
(5) इनमे से कोई नहीं

प्र.47. E के विपरीत कौन बैठा है?
(1) C (2) H (3) G
(4) D (5) इनमे से कोई नहीं

प्र.48. कला कौन पसंद करता है?
(1) D (2) G (3) B
(4) E (5) इनमे से कोई नहीं

प्र.49. A के संदर्भ में D का स्थान क्या है?
(1) तुरंत दायें (2) तुरंत बायें (3) दायें से दूसरा
(4) बायें से दूसरा (5) बायें से तीसरा

प्र.50. दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार एक निश्चित तरीके से एक समान है और एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो इस समूह में नहीं आता है?
(1) D (2) H (3) G
(4) A (5) B

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-5.

प्र.1.(4) **प्र.2.(4)** **प्र.3.(5)**
प्र.4.(5) **प्र.5.(4)**

प्र.6-10.

(सभी का मुख अन्दर की ओर है)

प्र.6.(4) **प्र.7.(5)** **प्र.8.(1)**
प्र.9.(2) **प्र.10.(3)**

प्र.11-15.

D F B C E A
T P S R Q V

प्र.11.(1) T **प्र.12.(2)** T, A **प्र.13.(4)** F-P
प्र.14.(2) S **प्र.15.(2)** दो

प्र.16-20.

प्र.16.(2) **प्र.17.(1)** **प्र.18.(3)**
प्र.19.(4) **प्र.20.(5)**

प्र.21-25.

प्र.21.(2) प्र.22.(4) प्र.23.(3)

प्र.24.(5) प्र.25.(5)

प्र.26-30.

प्र.26.(5) प्र.27.(4) प्र.28.(3)

प्र.29.(1) प्र.30.(5)

प्र.31-35.

प्र.31.(4) प्र.32.(5) प्र.33.(5)

प्र.34.(1) प्र.35.(2)

प्र.36-39.

प्र.36.(2) प्र.37.(1) प्र.38.(1)

प्र.39.(4) प्र.40.(1)

प्र.41-45.

प्र.41.(2) प्र.42.(3) प्र.43.(5)

प्र.44.(1) प्र.45.(1)

प्र.46-50.

प्र.46.(5) प्र.47.(3) प्र.48.(5)

प्र.49.(5) प्र.50.(4)

नोट्स

पहेली
(Puzzle)

Scan the QR code to get video of this chapter.

''पहेली'' जैसे कि इसका नाम दर्शाता है कि ''असमंजस कि स्थिति' पहेली को इस प्रकार से बनाया गया है जिससे प्रतिभागी के दिमाग कि हल निकालने और असमंजस को पार पाने को सही तरीके कि जाँच हो सके

पहेली हल करने का सरल तरीका

- किसी प्रकार की पहेली हल करते के लिए उसमें दी गई मूलभूत जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़े जैसे ''6 लोग या 8 लोग'
- हर एक पंक्ति को ध्यानपूर्वक पढ़े और उसके अनुसार उसका ग्राफ बनाए चाहें वह सकारात्मक हो या नकारात्मक

  उदाहरण : A ट्रेन में यात्रा नहीं करता है।
- पिछली जानकारी को आने वाली जानकारी से संबंधित करें। पहेली हल करने के लिए ज्यादा जानकारी वाले तथ्यों को पहले लें ताकि उसका हल सही प्रकार से निकाला जा सके।

वर्गीकरण पहेली

उदा.1–5. निम्नलिखित परिच्छेद का ध्यान से अध्ययन कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

सात मित्र A, B, C, D, E, F और G है जो अलग-अलग बैंक जैसे L, M, N, P, Q, R और S के लिए बतौर अर्थशास्त्री, कृषि अधिकारी, आईटी अधिकारी, टर्मिनल ओपरेटर, लिपिक, फोरेक्स अधिकारी और अनुसंधान विश्लेषक के रूप में काम करते हैं, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। C, बैंक N के लिए काम करता है और वह न तो अनुसंधान विश्लेषक और न ही लिपिक है। E एक आई.टी. अधिकारी है और बैंक R के लिए काम करता है। A, फोरेक्स अधिकारी का काम करता हैं और वह बैंक L या Q के लिए काम नहीं करता है। कृषि अधिकारी बैंक M के लिए काम करता है। बैंक L के लिए काम करने वाला टर्मिनल ओपरेटर है। F, बैंक Q के लिए काम करता है। G, बैंक P के लिए बतौर अनुसंधान विश्लेषक काम करता है। D, कृषि अधिकारी नहीं है।

उदा.1. बतौर कृषि अधिकारी निम्नलिखित में से कौन काम करता है?

(1) C (2) B (3) F
(4) D (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.2. C का व्यवसाय क्या है?

(1) टर्मिनल ऑपरेटर (2) कृषि अधिकारी
(3) अर्थशास्त्री (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.3. B किस बैंक के लिए काम करता है?

(1) M (2) S
(3) L (4) या तो M या S
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.4. बैंक S में काम कर रहे व्यक्ति का व्यवसाय क्या है?

(1) लिपिक
(2) कृषि अधिकारी
(3) टर्मिनल ओपरेटर
(4) फोरेक्स अधिकारी
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.5. व्यक्ति, व्यवसाय और बैंक का निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही है?

(1) A-फोरेक्स अधिकारी-M
(2) D-लिपिक-L
(3) F-कृषि अधिकारी-Q
(4) B-कृषि अधिकारी-S
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.1-5.

	बैंक	कार्य
A	S	फोरेक्स अधिकारी
B	M	कृषि अधिकारी
C	N	अर्थशास्त्री
D	L	टर्मिनल आपरेटर
E	R	आई.टी. अधिकारी

F	Q	लिपिक
G	P	अनुसंधान विश्लेषक

हल.1.(2) **हल.2.(3)** **हल.3.(1)**

हल.4.(4) **हल.5.(5)**

तुलनात्मक पहेली

उदा.6–8. दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए:

एक ही कार्यालय में काम करने वाले छः मित्रों A, B, C, D, E और F को कार्यालय पहुँचने में अलग अलग समय लगता है। सभी को दस के गुणकों में इस प्रकार समय लगता है कि सबसे पहले पहुँचने वाला 10 मिनट में पहुँच जाता है और जिसे पहुँचने में सबसे अधिक समय लगता है वह 60 मिनट में कार्यालय पहुँचता है। D को E से ज्यादा लेकिन A से कम समय लगता है। A 30 मिनट में पहुँच जाता है। B को केवल F से कम समय लगता है।

उदा.6. C को कार्यालय पहुँचने में कितना समय लगता है?

(1) 60 मिनट (2) 50 मिनट (3) 40 मिनट
(4) 20 मिनट (5) तय नहीं कर सकते

उदा.7. कार्यालय पहुँचने में सर्वाधिक समय निम्न में से किसे लगता है?

(1) B (2) C (3) D
(4) F (5) तय नहीं कर सकते

उदा.8. कितने लोगों को कार्यालय पहुँचने में D से अधिक समय लगता है?

(1) चार (2) तीन (3) दो
(4) एक (5) कोई नहीं

हल.6-8. F > B > C > A > D > E
60 > 50 > 40 > 30 > 20 > 10

हल.6.(3) **हल.7.(4)** **हल.8.(1)**

क्रमबद्ध पहेली

उदा.9–13. दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए:

एक सप्ताह को सोमवार से आरंभ करते हुए और रविवार को समाप्त करते हुए 6 व्याख्यानों का आयोजन किया गया है। कंप्यूटर विज्ञान मंगलवार या शनिवार को नहीं है। मनोविज्ञान, संगठनात्मक व्यवहार के तुरंत बाद है। साँख्यिकी शुक्रवार को नहीं है और साँख्यिकी और अनुसंधान

पद्धतियों के बीच एक दिन का अंतर है। अर्थशास्त्र के आयोजन से एक दिन पहले कोई व्याख्यान नहीं है (क्योंकि उस दिन 'अवकाश' है और सोमवार 'अवकाश' का दिन नहीं है।)

उदा.9. आयोजित अंतिम व्याख्यान निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(1) साँख्यिकी (2) अनुसंधान पद्धतियाँ
(3) मनोविज्ञान (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.10. यदि बुधवार 'अवकाश' का दिन है तो कोड 2, 4 होगा, यदि गुरूवार 'अवकाश' का दिन है तो कोड 3 होगा। 'अवकाश' के दिन को ध्यान में लेते हुए निम्नलिखित में से कौन-सा कोड सही है?

(1) 2, 4 (2) 3, 3
(3) 4, 2 (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.11. शुक्रवार को कौन-सा व्याख्यान आयोजित होता है?

(1) अर्थशास्त्र (2) मनोविज्ञान
(3) कंप्यूटर विज्ञान (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.12. 'अवकाश' किस दिन है?

(1) मंगलवार (2) बुधवार
(3) शुक्रवार (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.13. यदि कोई मनोविज्ञान, अनुसंधान पद्धतियाँ और कंप्यूटर विज्ञान में से कोई दो व्याख्यानों में उपस्थित होना चाहता हैं किंतु चाहता है कि दोनों दिन उत्तरोत्तर (एक के बाद एक) होने चाहिए तो किन व्याख्यानों के संयोजन का चुनाव किया जाना चाहिए?

(1) अनुसंधान पद्धतियाँ, कंप्यूटर विज्ञान
(2) मनोविज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान
(3) मनोविज्ञान, अनुसंधान पद्धतियाँ
(4) तीन में से कोई भी दो संभव हैं।
(5) उत्तरोत्तर दिनों की शर्त के साथ यह संभव नहीं है

हल.9-13.

सोमवार	- संगठनात्मक व्यवहार
मंगलवार	- मनोविज्ञान
बुधवार	- साँख्यिकी
बृहस्पतिवार	- कंप्यूटर विज्ञान
शुक्रवार	- अनुसंधान पद्धतियाँ
शनिवार	- अवकाश
रविवार	- अर्थशास्त्र

हल.9.(5) **हल.10.(5)** **हल.11.(5)**

हल.12.(5) **हल.13.(1)**

चयन के आधार पर पहेली

उदा.14–18. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

एक कम्पनी Z के छः निदेशक – मि. एमी, मि. बल्ली, मिस. चिन्की, मिस. दिया, मि. इमी और मिस. फिजा एक सेमिनार में शामिल होने के लिए चार कारों C1, C2, C3 और C4 में, लखनऊ जा रहे है। प्रत्येक कार को एक व्यक्ति चला रहा है और किसी भी कार में दो से अधिक व्यक्ति नहीं है। ये कारें पहली से लेकर चौथी तक एक के बाद एक चल रही हैं। मिस. चिन्की और मिस. फिजा अलग-अलग कारों में यात्रा कर रहीं हैं। पहली और चौथी कार में केवल एक व्यक्ति है। जो कार मि. एमी. चला रहे हैं, मिस. दिया उसमें यात्री हैं। एक कार में मि. इमी एकमात्र व्यक्ति है।

उदा.14. निम्न व्यक्तियों में से कौन उसी कार में सफर कर सकता हैं, जिसमें मिस. चिन्की हैं?

(1) मि. एमी (2) मि. बल्ली (3) मिस. दिया
(4) मि. इमी (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.15. यदि तीसरी कार में मि. एमी और मिस दिया हैं, तो निम्न में से कौन-सा सत्य होना चाहिए?

(1) मि. इमी पहली कार में है।
(2) मिस चिन्की चौथी कार में है।
(2) मिस. फिज़ा दूसरी कार में है।
(4) मि. बल्ली दूसरी कार में हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.16. यदि मिस. चिन्की और मि. बल्ली एक ही कार में नहीं है तो निम्न व्यक्तियों में से कौन पहली कार में हो सकता है?

(1) मि. एमी (2) मि. बल्ली
(3) मिस. फिज़ा (4) मिस. दिया
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.17. यदि मिस फिजा और मि. बल्ली एक ही कार में नहीं है तो निम्न व्यक्तियों में से कौन पहली कार में हो सकता है?

(1) मि. एमी (2) मि. बल्ली
(3) मिस चिन्की (4) मिस. फिज़ा
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.18. यदि तीसरी कार में मि. बल्ली और मिस चिन्की है तो निम्न में से कौन-सा संभवत: सत्य है?

(1) मि. एमी कार C4 में
(2) मि. बल्ली कार C4 में या कार C2 में
(3) मिस. चिन्की कार C2 में या कार C4 में
(4) मिस फिज़ा कार C1 में या कार C4 में
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.14-18.

कार	निदेशक
C1	एमी/चिन्की/फिज़ा/बल्ली
C2	एमी और दिया/बल्ली/चिन्की/फिज़ा
C3	एमी और दिया/बल्ली/चिन्की/फिज़ा
C4	एमी/चिन्की/फिज़ा/बल्ली

हल.14.(2) **हल.15.(4)** **हल.16.(3)**
हल.17.(5) **हल.18.(4)**

परिवार के आधार पर पहेली

उदा.19–23. निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) 6 व्यक्तियों के एक परिवार में, दो दम्पति हैं।
(ii) वकील परिवार का मुखिया है और उसके केवल दो पुत्र है। मुकेश और राकेश दोंनों अध्यापक है।
(iii) श्रीमती रीना और उसकी सास दोनों वकील हैं।
(iv) मुकेश की पत्नी एक डॉक्टर है उनका एक पुत्र है- अजय

उदा.19. निम्न में से कौन-सा निश्चित रूप से दम्पति है?

(1) वकील.अध्यापक
(2) डॉक्टर.वकील
(3) अध्यापक.अध्यापक
(4) निर्धारित नही किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.20. राकेश की पत्नी का पेशा क्या है?

(1) अध्यापक (2) डॉक्टर (3) वकील
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.21. परिवार में कितने पुरूष सदस्य हैं?

(1) दो (2) तीन (3) चार
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.22. अजय की ग्रैंडमदर का पेशा क्या है?

(1) अध्यापक (2) वकील (3) डॉक्टर
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.23. अजय का पेशा क्या है?

(1) अध्यापक (2) वकील (3) डॉक्टर
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.19-23.

हल.19.(1) **हल.20.(3)** **हल.21.(2)**
हल.22.(2) **हल.23.(4)**

विविध प्रकार की पहेली

उदा.24–28. निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सात मित्र A, B, C, D, E, F और G अलग-अलग कालेज X, Y और Z में पढ़ते हैं और वर्तमान में अलग-अलग व्यवसाय अर्थात् चिकित्सा, फैशन डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, बिजनेस, अभिनय, शिक्षा और आर्किटेक्चर (जरूरी नहीं इसी क्रम में) हैं। दो से कम और तीन से अधिक मित्र एक ही कालेज में नहीं पढ़ते हैं।

C एक आर्किटेक्चर है और कॉलेज Y में पढ़ा है। E बिजनेसमैन नहीं है। सात मित्रों में से केवल G कॉलेज X में E के साथ पढ़ा है। F इंजीनियर है और कॉलेज Y में नहीं पढ़ा है। B एक अभिनेता है और वह F के साथ कॉलेज में नहीं पढ़ा है। A कॉलेज Z में नहीं पढ़ता है। कॉलेज X में पढ़ने वाले न तो फैशन डिजाइनर और न ही शिक्षक है। कालेज Y में पढ़ने वाला कोई भी शिक्षक नहीं है।

उदा.24. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह कालेज Y के विद्यार्थी दर्शाता है?

(1) C, E, G (2) A, C, D (3) A, B, C
(4) D, B, C (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.25. निम्नलिखित में से कौन चिकित्सा के व्यवसाय में है?

(1) E (2) G (3) A
(4) D (5) इनमें से कोई नहीं

उदा.26. A का व्यवसाय क्या है?

(1) शिक्षा (2) चिकित्सा
(3) बिजनेस (4) फैशन डिजाइनिंग
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.27. व्यक्ति, कालेज और व्यवसाय का निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन निश्चित रूप से सही है?

(1) E-X-फैशन डिजाइनिंग (2) F-X-इंजीनियरिंग
(3) A-Y-बिजनेसमैन (4) D-Z-शिक्षा
(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.28. निम्नलिखित में से किनकी पढ़ाई कालेज Z में हुई है?

(1) B,A (2) C, F (3) B, D, F
(4) A, D (5) D, F

हल.24-28.

A	Y	फैशन डिजाइनिंग
B	Y	अभिनेता
C	Y	आर्किटेक्चर
D	Z	शिक्षक
E	X	चिकित्सा
F	Z	इंजीनियरिंग
G	X	बिजनेसमैन

हल.24.(3) **हल.25.(1)** **हल.26.(4)**
हल.27.(4) **हल.28.(5)**

अभ्यास प्रश्न

प्र.1–5. दी गयी जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

P, Q, R, S, T, V और W एक परिवार के सात सदस्य हैं जिसमें तीन महिलाएं और चार पुरूष है। जिसमें दो मैनेजर, दो वकील, एक शिक्षक, एक इंजीनियर और एक डॉक्टर है। कोई महिला शिक्षक या इंजीनियर नहीं है। R एक वकील है और उसने P से विवाह किया है जो एक शिक्षक है। V इंजीनियर है जिसने S से विवाह किया है, जो न तो वकील और न तो डॉक्टर है। कोई भी दो महिलाएँ समान व्यवसाय में नहीं हैं। Q, W की बहन है, जो मैनेजर है और V का ग्रॉंडसन है। P, T का भाई है, जो V का पुत्र है तथा T अविवाहित है।

प्र.1. T, Q से किस प्रकार संबंधित है?

(1) पिता (2) बहन (3) चाचा
(4) भाई (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.2–3. निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं अत: एक समूह बनाते हैं। वह एक कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?

प्र.2. (1) P (2) T (3) V
(4) W (5) S

प्र.3. (1) Q-डॉक्टर (2) V-इंजीनियर (3) W-मैनेजर
(4) R-मैनेजर (5) T-वकील

प्र.4. निम्न में से व्यक्तियों का कौन-सा समूह एक ही व्यवसाय में है?

(1) PQ (2) WS (3) TV
(4) VS (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.5. S, R से किस प्रकार संबंधित है?

(1) माँ (2) मदर-इन-लॉ (3) बहन
(4) डॉटर-इन-लॉ (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.6–10. दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए–

एक वर्ष में जनवरी से आरम्भ करते हुए और जुलाई तक समाप्त करते हुए 6 खेलों का आयोजन किया गया है। बॉस्केटबाल फरवरी या जून में नहीं खेला जाता है। फुटबाल, हॉकी के तुरंत बाद खेला जाता है। मई के महीने में क्रिकेट नहीं खेला जाता है तथा क्रिकेट और टेनिस के बीच में एक महीने का अन्तर है। पोलो के आयोजन से एक महीने पहले कोई खेल नहीं है (क्योंकि उस महीने 'अवकाश' है और जनवरी 'अवकाश' का महीना नहीं है)

प्र.6. निम्नलिखित में से कौन-सा अन्तिम आयोजित खेल है?

(1) क्रिकेट (2) टेनिस
(3) फुटबाल (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.7. यदि मार्च 'अवकाश' का महीना है तो कोड 2–4 होगा, यदि अप्रैल 'अवकाश' का महीना है तो कोड 3–3 होगा। 'अवकाश' के महीने को ध्यान में लेते हुए निम्नलिखित में से कौन-सा कोड सही है?

(1) तय नहीं कर सकते (2) 5–1
(3) 3–3 (4) 4–2
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.8. मई के महीने में कौन-सा खेल आयोजित होगा?

(1) पोलो (2) फुटबाल
(3) बॉस्केटबॉल (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.9. पोलो और फुटबाल के बीच कितने खेलों का आयोजन किया गया था?

(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) तय नहीं कर सकते
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.10. यदि कोई फुटबाल, टेनिस और बास्केटबाल में से कोई दो खेलों में उपस्थित होना चाहता है किन्तु दोनों खेल उत्तरोत्तर (एक के बाद एक) होने चाहिए तो किन खेलों के संयोजन का चुनाव किया जाना चाहिए?

(1) टेनिस, बास्केटबॉल
(2) फुटबाल, बास्केटबॉल
(3) फुटबाल, टेनिस
(4) तीन में से कोई भी दो संभव है।
(5) उत्तरोत्तर महीनों की शर्त के साथ यह सम्भव नहीं है

प्र.11–15. निम्नलिखित सूचनाओं को ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

एक परीक्षा में छ: विषय A, B, C, D, E और F एक उम्मीद्वार के लिए उपलब्ध है, जिनमें से केवल तीन निम्न शर्तों के अंतर्गत प्रस्तावित किये जाते हैं।

1. एक जो A का प्रस्ताव रखता है B का भी हमेशा प्रस्ताव रखता है और इसके विपरीत भी रखता है।
2. एक जो A का प्रस्ताव रखता है, E का प्रस्ताव नहीं रख सकता है।
3. एक जो C या D का प्रस्ताव रखता है, F के साथ प्रस्ताव, नहीं रख सकता है।

विषयों के अनुसार उम्मीद्वारों का वितरण निम्न रूप में से किया गया है।

A – 70, B – 70, C – 90, D – 85, E – 70, F – 35

प्र.11. कुल कितने प्रकार के संयोजन स्वीकार किये जायेंगे?

(1) चार (2) पाँच (3) छ:

(4) सात (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.12. सभी में, परीक्षा के लिए कुल कितने उम्मीद्वार उपस्थित हुए?

(1) 120 (2) 130 (3) 140
(4) 380 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.13. A + B + C के संयोजन का कुल कितने उम्मीद्वारों ने प्रस्ताव रखा?

(1) 15 (2) 20 (3) 35
(4) 70 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.14. कितने उम्मीद्वारों ने C का D के साथ संयोजन किया?

(1) 15 (2) 20 (3) 35
(4) 70 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.15. कितने उम्मीद्वारों ने B का F के साथ संयोजन किया?

(1) 15 (2) 20 (3) 35
(4) 70 (5) इनमें से कोई नही

प्र.16–19. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

(I) एक कक्षा में S, T, U, V, W, X, Y और Z आठ विधार्थी है जिनमे से तीन अंग्रेजी, तीन वाणिज्य तथा दो संस्कृत पढ़ते है इनमे से हर एक का वजन अलग अलग है।

(II) सबसे भारी व्यक्ति संस्कृत और सबसे हल्का व्यक्ति अंग्रेजी नहीं पढ़ते है।

(III) X, S और V से भारी है, लेकिन Z और T से हल्का है। W, अंग्रेजी नहीं पढता है भारी है T से और ग्रुप में सबसे भारी में दूसरे स्थान पर है। Y, V से हल्का है परन्तु S से भारी है।

(IV) Z, जो ऊपर से चौथे स्थान पर है V के साथ वाणिज्य पढ़ता है।

(V) Y अंग्रेजी और संस्कृत नही पढता है। T संस्कृत नहीं पढता है।

प्र.16. सबसे भारी व्यक्ति कौन है?

(1) X (2) S (3) T
(4) V (5) U

प्र.17. सबसे हल्का व्यक्ति कौन है?

(1) V (2) W (3) U
(4) T (5) S

प्र.18. W के द्वारा कौन सा विषय पढ़ा जाता है?

(1) वाणिज्य
(2) संस्कृत
(3) अंग्रेजी
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(5) इनमे से कोई नहीं

प्र.19. वजन के अनुसार दूसरा सबसे कमजोर व्यक्ति कौन सा है ?

(1) V (2) U (3) Y
(4) T (5) X

प्र.20–23. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

आठ बॉक्स G, H, I, J, K, L, M और N ऊपर से नीचे के क्रम में व्यवस्थित किया जाता हैं। उनमें से प्रत्येक में अलग-अलग रंग नीला, पीला, लाल, काला, बैंगनी, सफेद, गुलाबी और भूरा हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो।

G और H के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए है, H जिसमें काला रंग है। वह बॉक्स जिसमें पीला रंग है और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए है। H और M के बीच जितने बॉक्स हैं उतने ही बॉक्स H और K के बीच में रखे गए है। M को K से ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है और उसमें लाल रंग है। जिस बॉक्स में भूरा रंग है, श्र और स्र के बीच रखा गया है। N, J के तुरंत नीचे रखा गया है। I और वह बॉक्स जिसमें नीला रंग है के बीच में केवल एक बॉक्स रखा गया है। जिस बॉक्स में सफेद रंग है, वह बैंगनी बॉक्स के तुरंत नीचे रखा गया है। G में सफेद रंग नहीं है।

प्र.20. निम्न में से कौन सा बॉक्स सबसे ऊपर रखा है और उसमें कौन सा रंग है?

(1) L – पीला (2) N – नीला (3) H – गुलाबी
(4) K – काला (5) M – लाल

प्र.21. G और जिसमें गुलाबी रंग है के बीच कितने बॉक्स रखे गए है?

(1) कोई नहीं (2) एक (3) दो
(4) तीन (5) चार

प्र.22. निम्न में से कौन सा बॉक्स I के तुरंत ऊपर रखा गया है?

(1) K (2) L (3) N
(4) H (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.23. N का ऊपर से स्थान क्या है?

(1) पहला (2) दूसरा (3) तीसरा
(4) चौथा (5) पांचवा

प्र.24–28. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

छह जापानी - H, N, X, K, A और Y विभिन्न स्कूलों C1, S1, I1, G1, D1और A1 में अध्ययन करते हैं और वे एक इमारत के छह अलग-अलग मंजिलों पर स्थित हैं, जिनकी संख्या 1 से 6 है। वे विभिन्न धर्मों के छह अलग-अलग त्योहारों जैसे ईद, होली, जन्माष्टमी, क्रिसमस, ओणम और दुर्गा पूजा पसंद करते है, जरूरी नहीं इसी क्रम में। प्रत्येक स्कूल सोमवार से शनिवार तक एक अलग दिन पर बंद रहता है।

जो ओणम त्योहार पसंद करता है और उसका स्कूल S1 है, वह इमारत की 6 वीं मंजिल पर है।

A और N के स्कूल सम संख्या वाली मंजिल पर हैं और A उस स्कूल में पढ़ता है जो सोमवार को बंद रहता है। C1 स्कूल सबसे निचली मंजिल पर है और यह मंगलवार को बंद रहता है।

G1 स्कूल, H की अगली मंजिल पर है और यह गुरूवार को बंद रहता है।

A1 स्कूल के छात्र को दुर्गा पूजा त्योहार पसंद है और उसका स्कूल सोमवार को बंद रहता है।

Y को क्रिसमस का त्यौहार पसंद है और उसका केवल एक पड़ोसी है।

एक स्कूल सम संख्या वाली मंजिल पर है जो शुक्रवार को बंद है।

K, X से दो मंजिल नीचे स्थित है और उसे जन्माष्टमी त्योहार पसंद है।

X को ईद का त्यौहार पसंद है और वह उस स्कूल में पढ़ता है जो बुधवार को बंद रहता है।

प्र.24. C1 में अध्ययन कौन कर रहा है?

(1) जो होली त्यौहार को पसंद करता है।
(2) वह जिसका स्कूल मंगलवार को बंद रहता है।
(3) वह जिसका स्कूल सोमवार को बंद रहता है।
(4) वह जो ईद त्यौहार पसंद करता है।
(5) H

प्र.25. H को कौन सा त्यौहार पसंद है?

(1) जन्माष्टमी (2) ईद (3) होली
(4) क्रिसमस (5) दुर्गा पूजा

प्र.26. गुरूवार को छुट्टी पर कौन है?

(1) K (2) N (3) A
(4) X (5) H

प्र.27. यदि I1 स्कूल शनिवार को बंद रहता है तो किस दिन D1 स्कूल बंद हो होगा?

(1) सोमवार (2) गुरूवार (3) शुक्रवार
(4) बुधवार (5) मंगलवार

प्र.28. निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सही है?

(1) A1 – A – सोमवार - ईद
(2) G1 – K – गुरूवार- जन्माष्टमी
(3) C1- Y - शनिवार - क्रिसमस
(4) S1 – N – बुधवार - ओणम
(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.29–33. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

आठ व्यक्ति A, S, B, F, G, H, J और K एक वृताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से प्रत्येक को अलग-अलग सब्जी मक्का, सलाद, कद्दू, टमाटर, चुकंदर, प्याज, आलू और मूली पसंद है, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो प्रत्येक व्यक्ति 4 और 40 के बीच क्रमिक 4 के गुणनफल अलग-अलग आयु वर्ग से संबंधित है, लेकिन 4 और 40 नहीं है।

जिस व्यक्ति को टमाटर पसंद है, प्याज पसंद करने वाले व्यक्ति के दायें तीसरा बैठा है जो 32 वर्ष के व्यक्ति के तुरंत दायें बैठा है।

J और 32 वर्ष के व्यक्ति के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।

G 20 वर्ष का है, कद्दू पसंद करता है, J के दायें दूसरा है।

A और F क्रमशः मक्का और मूली पसंद करते हैं और एक-दूसरे के तुरंत पड़ोसी हैं।

H, A के दायें तीसरा बैठा है और A से 16 वर्ष बड़ा है।

आलू पसंद करने वाला व्यक्ति समूह में सबसे छोटा है।

समूह का सबसे छोटा व्यक्ति और सबसे बड़ा व्यक्ति एक-दूसरे के तुरंत पड़ोसी हैं।

सबसे बड़ा व्यक्ति टमाटर और चुकंदर पसंद नहीं करता है।

B और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे है जो 16 वर्ष का हैं।

J सबसे बड़ा व्यक्ति नहीं है।

प्र.29. जब B के दायें ओर से गिना जाये तब B और जो व्यक्ति दूसरा सबसे छोटा है के ठीक बीच में कौन बैठा है?

(1) S (2) G (3) J
(4) F (5) K

प्र.30. जो व्यक्ति 28 वर्ष का है के तुरंत बाएं कौन बैठा है?

(1) जो मूली पसंद करता है।
(2) जो टमाटर पसंद करता है।
(3) जो सलाद पसंद करता है।
(4) जो कद्दू पसंद करता है।
(5) जो चुकंदर पसंद करता है।

प्र.31. 16 वर्ष के व्यक्ति के संदर्भ में 12 वर्ष के व्यक्ति का स्थान क्या है?

(1) बायें से तीसरा (2) बायें से दूसरा
(3) दायें से तीसरा (4) दायें से पांचवां
(5) दायें से दूसरा

प्र.32. निम्नलिखित पांच में से चार एक बैठने की व्यवस्था पर आधारित है और इसलिए एक समूह के रूप में एक जैसे हैं। वह एक कौनसा है जो इस समूह में नहीं आता है?

(1) B - सलाद (2) G - मूली (3) J - प्याज

(4) F - प्याज (5) A – चुकंदर

प्र.33. निम्नलिखित में से G के संदर्भ में कौन सा कथन सत्य है?

(1) G, S के बायें तीसरा बैठा है।
(2) दिए गये विकल्पों में से कोई सत्य नहीं है।
(3) G, 28 वर्ष का है।
(4) G, सबसे छोटे व्यक्ति के दायें दूसरा बैठा है।
(5) G और F के बीच केवल तीन लोग बैठें हैं।

प्र.34-37. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

एक परिवार के आठ सदस्य 11, 10, 9, 8, 7, 6, 5 और 4 एक गोलाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं, इन सभी का मुख बाहर की ओर है। उनमें से प्रत्येक को अलग-अलग ब्रांड जैसे- सोनी, एसर, एचपी, सैमसंग, लेनोवो, माइक्रोसॉफ्ट, डेल और एप्पल के लैपटॉप पसंद हैं। परिवार में तीन विवाहित जोड़े हैं।

11, जो 6 का पिता है और 5 का चाचा है, सोनी पसंद करने वाले व्यक्ति के बायीं ओर बैठा है। 6, अपनी मौसी 4 का तुरन्त पड़ोसी है जो 8 के पास में नहीं बैठी है। 9 को एप्पल या डेल पसंद नहीं है। 4, 11 की एकमात्र सिस्टर-इन-लॉ है जबकि 10 को माइक्रोसॉफ्ट पसंद है और वह 9 की बहू है। दो सबसे छोटी लड़कियां एक-दूसरे के बगल में बैठी हैं। 5 और लेनोवो पसंद करने वाले व्यक्ति के बीच वह व्यक्ति बैठा है जो एसर पसंद करता है। 5, दादी के बायें तीसरा है। वह जो माइक्रोसॉफ्ट पसंद करता है वह क्रमश: डेल और एप्पल पसंद करने वाले व्यक्तियों के बीच बैठा है। 8 का पति और पुत्र उसके बगल में बैठे हैं। 5 के पिता सैमसंग पसंद नहीं करते है। 5 को एचपी या डेल पसंद नहीं है। 8, 11 और 7 की माता है, और 7 के बायें दूसरी बैठी है।

प्र.34. परिवार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) 11, 4 का भाई है।
(2) 9, 11 का ससुर है।
(3) 10, 5 की आंट है।
(4) 6 और 5 एक विवाहित जोड़े हैं।
(5) इन विकल्पों के अलावा

प्र.35. निम्नलिखित में से कौन 10 और एसर पसंद करने वाले के बीच में बैठा है?

(1) 11 (2) 7 (3) 8
(4) 5 (5) 4

प्र.36. माइक्रोसॉफ्ट पसंद करने वाले व्यक्ति के संबंध में उस व्यक्ति की स्थिति क्या है जो सैमसंग पसंद करता है?

(1) दायें तीसरा (2) बायें दूसरा (3) तुरन्त बायें
(4) बायें तीसरा (5) बायें चौथा

प्र.37. निम्नलिखित में से किसे HP पसंद है?

(1) 4 (2) 6 (3) 5
(4) 10 (5) 7

प्र.38-42. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

आठ व्यक्ति अलग-अलग पेशे शिक्षक, बैंकर, वैज्ञानिक, इंजीनियर, वकील, दुकानदार, क्रिकेटर और डॉक्टर दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिसमें प्रत्येक पंक्ति में चार व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच एक समान दूरी है। पंक्ति 1- A, B, C और D बैठे हैं। पंक्ति 2- P, Q, R और S बैठे हैं। कुछ व्यक्तियों का मुख दक्षिण की ओर हैं और कुछ का मुख उत्तर की ओर हैं। इसलिए, दी गए व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख दूसरे पंक्ति के सदस्य के विपरीत है, जो या तो उत्तर या दक्षिण की ओर देख रहे हैं।

Q पंक्ति के किसी एक अंतिम छोर पर बैठा हैं। Q, P के दायें तीसरा बैठा है। D, वकील के तुरंत बाएं बैठा है। R, P का तुरंत पड़ोसी नहीं है उस व्यक्ति की ओर देख रहा है जो बैंकर के तुरंत दायें बैठा है। S का मुख R से विपरीत दिशा में है। क, उस व्यक्ति के तुरंत बाएं बैठा है जो फ के विपरीत बैठा है। दुकानदार, डॉक्टर के विपरीत बैठा है जो इंजीनियर के तुरंत दायें बैठा है। D और A के बीच में एक व्यक्ति बैठा है। B, A के तुरंत बायें बैठा है और वैज्ञानिक के विपरीत बैठा है। वह व्यक्ति जो पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे है विपरीत दिशाओ में देख रहे है। क्रिकेटर, R के बायें दूसरा बैठा है। D और शिक्षक एक ही दिशा में देख रहे है। शिक्षक दक्षिण दिशा में नहीं देख रहा है।

प्र.38. निम्नलिखित में से कौन वकील के सामने बैठा है?

(1) Q (2) R (3) S
(4) P (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.39. निम्नलिखित कथनों में से D के सन्दर्भ में कौन सा सत्य है?

(1) D, S के विपरीत बैठा है
(2) D का मुख दक्षिण की ओर है और C के तुरंत बाएं बैठा है।
(3) दिए गए कथन में से कोई भी सत्य नहीं है।
(4) Q उस व्यक्ति के विपरीत बैठा है, जो D के तुरंत बाएं बैठा है।
(5) D और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठा है।

प्र.40. निम्न में से कौन C के विपरीत बैठा है?

(1) डॉक्टर (2) बैंकर (3) वैज्ञानिक
(4) इंजीनियर (5) वकील

प्र.41. S के सन्दर्भ में Q का स्थान क्या है?

(1) दाएं से तीसरा (2) दाएं से दूसरा

(3) तुरंत बाएं (4) तुरंत दायें

(5) बाएं से दूसरा

प्र.42. निम्नलिखित में से कौन उत्तर दिशा की ओर देख रहे हैं?

(1) B, C, P, R (2) Q, S, D, A

(3) B, C, Q, S (4) D, A, P, R

(5) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

प्र.43-47. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

एक कॉलेज के वार्षिक समारोह में पाँच छात्र- दीपू, लखन, कमर, किरण और बोनी ने डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में भाग लिया। उन सभी ने डिस्कस फेंका लेकिन उनके द्वारा डिस्कस अलग-अलग दूरी तक फेंका गया। ये दूरियाँ 27, 29, 31, 33 और 35 फीट थीं लेकिन जरूरी नहीं वे उसी क्रम में हों जिसमें नाम हैं। इसी प्रकार, प्रत्येक व्यक्ति की कमीज का रंग अलग था। उनकी शर्ट का रंग नीला, काला, भूरा, हरा और लाल है। प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक करके डिस्कस फेंकने के लिए बुलाया गया।

अब कुछ अतिरिक्त तथ्यों को पढ़ें:

(i) लखन और वह व्यक्ति जिसे पाँचवें स्थान पर डिस्कस फेंकने का अवसर दिया गया, ने 30 फीट से अधिक दूरी तक डिस्कस फेंका और उन दोनों में से कोई भी नीले रंग की शर्ट में नहीं था।

(ii) कमर की शर्ट हरे रंग की थी। उसने पहली रैंक पाने वाले व्यक्ति से ठीक पहले डिस्कस फेंका।

(iii) वह व्यक्ति जिसने चौथे स्थान पर डिस्कस फेंका था, लाल शर्ट में था और उस व्यक्ति से दो फीट डिस्कस कम फेंका जिसने केवल एक व्यक्ति के बाद डिस्कस फेंका।

(iv) बोनी को सबसे पहले डिस्कस फेंकने के लिए बुलाया गया था लेकिन उसे अंतिम रैंक नहीं मिली।

(v) वह व्यक्ति जिसने दीपू के तुरंत बाद डिस्कस फेंका वह भूरे रंग की शर्ट में था।

(vi) किरण वह व्यक्ति नहीं था जिसने 31 या 35 फीट तक डिस्कस फेंका।

(vii) काले रंग की शर्ट वाले व्यक्ति ने 33 फीट डिस्कस नहीं फेंका।

(viii) नीले रंग की शर्ट वाले व्यक्ति ने दूसरे या चौथे स्थान पर डिस्कस नहीं फेंका था।

प्र.43. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति भूरे रंग की शर्ट में है?

(1) किरण (2) बोनी

(3) लखन (4) आंकड़े अपर्याप्त हैं

(5) इनमे से कोई नहीं

प्र.44. निम्न में से किस व्यक्ति को पहली रैंक मिली थी?

(1) लखन (2) दीपू

(3) कमर (4) आंकड़े अपर्याप्त हैं

(5) इन विकल्पों के अलावा

प्र.45. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तियों द्वारा डिस्कस फेंकने के सही क्रम को दर्शाता है?

	दीपू	लखन	कमर	किरण	बोनी
(1)	4	3	2	5	1
(2)	4	3	2	1	5
(3)	3	4	2	5	1
(4)	4	2	3	1	5

(1) 1 (2) 2 (3) 3

(4) 4 (5) इन विकल्पों के अलावा

प्र.46. निम्न में से कौन-सा व्यक्तियों द्वारा प्राप्त रैंक को सही ढंग से दर्शाता है?

	दीपू	लखन	कमर	किरण	बोनी
(1)	1	5	2	4	3
(2)	1	5	4	2	3
(3)	5	1	4	2	3
(4)	5	4	1	2	3

(1) 1 (2) 2 (3) 3

(4) 4 (5) इन विकल्पों के अलावा

प्र.47. निम्न में से किस व्यक्ति को अंतिम रैंक मिली थी?

(1) दीपू (2) लखन (3) कमर

(4) किरण (5) बोनी

प्र.48-52. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V एक सात मंजिला इमारत में रहते हैं। धरातल को 1 से प्रदर्शित किया गया है इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल को 7 से प्रदर्शित किया गया है। इनमें से प्रत्येक अलग-अलग देश जा रहा है जो इस प्रकार है, इजिप्ट, अमेरिका, सिडनी, टोक्यो, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और फ्राँस, पर इसी क्रम में नहीं है। P जिस तल पर रहता है उसके ऊपर वाले तल पर सिर्फ तीन लोग रहते हैं। P और जो व्यक्ति, ऑस्ट्रेलिया जा रहा है के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है जो अमेरिका जा रहा है। उसके तुरंत नीचे वाले तल पर U रहता है। जो व्यक्ति अमेरिका जा रहा है वो सम संख्या वाले तल पर रहता है। जो व्यक्ति ऑस्ट्रेलिया जा रहा है उसके और सिडनी जाने वाले व्यक्ति के बीच में केवल तीन लोग रहते हैं। R के तुरन्त ऊपर वाले तल पर T रहता है। T सिडनी नहीं जा रहा है। जो व्यक्ति कनाडा जा रहा है उसके और Q के बीच केवल दो लोग रहते हैं। Q के नीचे वाले तल पर वो व्यक्ति है जो कनाडा जा रहा है। जो व्यक्ति इजिप्ट जा रहा है वो Q के न तो तत्काल ऊपर वाले तल पर और न तत्काल नीचे वाले तल पर रहता है। S ना तो P के तत्काल ऊपर वाले तल पर है और न तत्काल नीचे वाले तल पर है। V टोक्यों नहीं जा रहा है।

प्र.48. तीसरे तल पर निम्न में से कौन रहता है?

(1) जो टोक्यो जा रहा है। (2) जो कनाडा जा रहा है।

(3) R (4) V

(5) T

प्र.49. T के तत्काल ऊपर वाले तल पर कौन रहता है?

(1) P (2) Q (3) S

(4) V (5) U

प्र.50. ऊपर दी गयी जानकारी के अनुसार निम्न में से कौन-सा कथन V के सापेक्ष में सत्य है?

(1) V के तत्काल नीचे तल पर वो व्यक्ति है जो अमेरिका जा रहा है।

(2) 7वें तल पर V रहता है।

(3) T के तत्काल नीचे वाले तल पर V है।

(4) सबसे निचले तल पर V है।

(5) V, ऑस्ट्रेलिया जा रहा है।

प्र.51. S और जो व्यक्ति अमेरिका जा रहा है के बीच कितने लोग रहते हैं?

(1) कोई नहीं (2) दो (3) एक

(4) तीन से अधिक (5) तीन

प्र.52. S किस देश जा रहा है?

(1) अमेरिका (2) ऑस्ट्रेलिया (3) सिडनी

(4) कनाडा (5) टोक्यो

प्र.53-57. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

आठ लोग P, Q, R, S, T, U, V और W एक इमारत के अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत आठ मंजिल की है। भूतल तल संख्या 1 है और सभी इसी प्रकार, सबको अलग-अलग विषय पसंद है जो इस प्रकार है- भौतिक, रसायन, गणित, इतिहास, भूगोल, जीवविज्ञान, अंग्रेजी और हिंदी। W को न तो गणित पसंद है न भूगोल। जिस व्यक्ति को जीवविज्ञान पसंद है तो उस व्यक्ति के तल के तत्काल नीचे रहेगा जिसे भौतिक पसंद है। T को जीवविज्ञान पसंद है। S को अंग्रेजी पसंद है और वो न तो सबसे ऊपर वाले तल पर रहेगा न सबसे नीचे वाले तल पर। P, S से ऊपर वाले तल पर रहेगा। T के तत्काल ऊपर वाले तल पर P रहेगा। U दूसरे तल पर रहेगा और उस व्यक्ति के तत्काल नीचे वाले तल पर रहेगा जिसे भूगोल पसंद है। जिस व्यक्ति को रसायन पसंद है वो उस व्यक्ति के ऊपर वाले तल पर नहीं रहेगा जिसे गणित पसंद है। U को रसायन पसंद नहीं है। जिस व्यक्ति को अंग्रेजी और हिन्दी पसंद है उसके तत्काल ऊपर या नीचे वाले तल पर R नहीं रहेगा। जिस व्यक्ति को इतिहास पसंद है उसके तत्काल नीचे वाले तल पर Q रहेगा। न तो V न ही W इतिहास पसंद करते हैं।

प्र.53. P कौन-सा विषय पसंद करता है?

(1) जीवविज्ञान (2) अंग्रेजी (3) भौतिक

(4) हिन्दी (5) गणित

प्र.54. V किस तल पर रहता है?

(1) 2 (2) 3 (3) 1

(4) 5 (5) 6

प्र.55. जो व्यक्ति अंग्रेजी पसंद करता है उसके तत्काल ऊपर वाले तल पर कौन रहता है?

(1) T (2) P (3) Q

(4) R (5) W

प्र.56. यदि V और Q अपने तल परस्पर बदल ले तो Q का नया तल कौन-सा होगा?

(1) 3 (2) 5 (3) 1

(4) 4 (5) 2

प्र.57. जो व्यक्ति Q के तत्काल नीचे वाली मंजिल पर रहता है उसे कौन-सा विषय पसंद है?

(1) हिन्दी (2) गणित (3) जीवविज्ञान

(4) भौतिक (5) अंग्रेजी

प्र.58-62. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

सात ऑफिसर A, B, C, D, E, F और G तीन अलग-अलग पाली में काम करते हैं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय, हर पाली में कम से कम दो लोग काम करते हैं। उनमें से प्रत्येक का साप्ताहिक अवकाश अलग-अलग दिन है। सोमवार से लेकर रविवार तक। B द्वितीय पाली में काम करता है पर सिर्फ F के साथ, F का साप्ताहिक अवकाश शुक्रवार को है। A के साप्ताहिक अवकाश के तुरन्त बाद E का साप्ताहिक अवकाश है और ये दोनों अलग-अलग पाली में काम करते हैं। D, तृतीय पाली में काम करता है, और उसका साप्ताहिक अवकाश शनिवार को है। G का साप्ताहिक अवकाश सोमवार को है और वो प्रथम पाली में काम करता है एक जिसका साप्ताहिक अवकाश रविवार को है, वो प्रथम पाली में काम करता है। A और D एक ही पाली में काम नहीं करते। A का साप्ताहिक अवकाश मंगलवार को है।

प्र.58. किसका साप्ताहिक अवकाश बुधवार को है?

(1) A (2) B (3) C

(4) D (5) E

प्र.59. किसका साप्ताहिक अवकाश गुरूवार को है?

(1) B (2) A (3) D

(4) E (5) F

प्र.60. निम्न में कौन-सा समूह सत्य है?

(1) F- प्रथम- सोमवार (2) G - प्रथम - सोमवार

(3) B – द्वितीय-सोमवार (4) C - तृतीय - शुक्रवार

(5) E - द्वितीय - बुधवार

प्र.61. E का साप्ताहिक अवकाश किस दिन है?

(1) सोमवार (2) मंगलवार (3) बुधवार

(4) बृहस्पतिवार (5) शुक्रवार

प्र.62. निम्न में से कौन-से अफसर, प्रथम पाली में काम करते हैं?

(1) ACG (2) AC (3) EFG
(4) BCG (5) AG

प्र.63-67. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

एक परिवार में आठ सदस्य A, B, C, D, E, F, G और H है। ये सब एक वृत्ताकार मेज के किनारे केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। इस परिवार में तीन पीढ़ियाँ हैं। D के पिता अपने नेफ्यू के बाये तीसरे बैठे हैं। B, F का बेटा है, जो कि अपने बेटे के दाये, दूसरे पर बैठी है। D, G का पिता है, G और E के बीच दो लोग बैठेंगे। D की पत्नी, E के सामने बैठेगी, D का भाई B, C के बेटे के तत्काल बगल में बैठेगा। B, H का पिता है। कोई भी पुरूष C के तत्काल बगल में नहीं बैठेगा। F, C की बहन है, जो कि B के बाये दूसरे स्थान पर नहीं है।

प्र.63. C की अपने बहू के सापेक्ष में क्या स्थित है?
(1) बायें से दूसरा (2) दायें से दूसरा (3) तुरंत बाये
(4) तुरंत दाये (5) बायें से तीसरा

प्र.64. E, C से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(1) पुत्री (2) नीस (3) पुत्र
(4) नेफ्यू (5) आँकड़े अपर्याप्त हैं

प्र.65. C की अपनी पोती के सापेक्ष में क्या स्थिति है?
(1) तुरंत दाये (2) तुरंत बायें (3) विपरीत
(4) दायें से दूसरा (5) बायें से दूसरा

प्र.66. B और उसके अंकल के बीच कितने लोग हैं, जब हम B से घड़ी की दिशा में गिनेंगे?
(1) एक (2) कोई नहीं (3) दो
(4) तीन (5) चार

प्र.67. F के कुल कितनी संताने हैं?
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) शून्य

प्र.68-71. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

दस व्यक्ति दो पंक्तियों में इस प्रकार बैठे है कि प्रत्येक पंक्ति में पाँच लोग बैठेगें पहली पंक्ति में - A, B, C, D और E जिनका मुख दक्षिण की ओर है। दूसरी पंक्ति में - P, Q, R, S और T जिनका मुख उत्तर की ओर है। प्रत्येक व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि दूसरी पंक्ति के सदस्य के आमने-सामने है और प्रत्येक व्यक्ति अलग-अलग देश से सम्बंधित है- भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, टोक्यों, पेरिस, केन्या, ऑस्ट्रिया, अमेरिका, अफ्रीका और नीदरलैण्ड, पर इसी क्रम में नहीं है जो भारत से सम्बंधित है वो एक किनारे पर बैठा है, उसके और E के बीच केवल दो लोग बैठेंगे। P, Q का तत्काल पड़ोसी नहीं है परन्तु पंक्ति के एकदम मध्य में बैठा है। Q, नीदरलैंड से सम्बंधित नहीं है। E, पेरिस से सम्बंधित है और ऑस्ट्रेलिया वाले व्यक्ति के तुरंत दायें में बैठा है। E, Q के पड़ोसी के सामने बैठा है। B बायें किनारे पर नहीं बैठेगा और P, अफ्रीका से सम्बंधित नहीं है। D, भारत से सम्बन्धित है, उसके और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठेगा। S, केन्या से सम्बन्धित है और नीदरलैण्ड का तत्काल पड़ोसी है और उस व्यक्ति के विपरीत नहीं देख रहा है जो कि कनाडा से सम्बन्धित है। R, जो कि टोक्यों से है, उस व्यक्ति का तुरन्त पड़ोसी है जो कि अफ्रीका से है। जो व्यक्ति अफ्रीका से है, वो उस व्यक्ति के सामने है, जो कि पेरिस से सम्बन्धित व्यक्ति का पड़ोसी है। जो व्यक्ति ऑस्ट्रिया और कनाडा से सम्बन्धित है उनके बीच में केवल दो लोग बैठेंगे। B ऑस्ट्रिया से नहीं है और T अमेरिका से नहीं है।

प्र.68. उपरोक्त व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार एक समान है अत: एक समूह बनाते हैं। वह एक कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?
(1) B (2) Q (3) A
(4) D (5) T

प्र.69. जिस प्रकार 'भारत', 'ऑस्ट्रिया' से सम्बन्धित है उसी प्रकार 'नीदरलैण्ड' किससे सम्बन्धित है?
(1) अमेरिका (2) टोक्यो (3) कनाडा
हल.(5) II को छोड़कर सभी निहित हैं क्योंकि यह एक दोहराया वाक्य है। इसलिए, विकल्प (5) सही है।

उदा.11. कथन:

नशीली दवाओं के कारोबार में बहुत तेजी आयी है और दिल्ली में कई झुग्गी-झोपड़ियों में स्मैक और ब्राउन शुगर के छोटे- छोटे पाउच के साथ साइकिल सवारों को देखा जा सकता है।

पूर्वधारणाएं:

I. देश में, खासकर राजधानी में नशा बढ़ता जा रहा है।

II. ड्रग्स की तस्करी में शामिल सभी बड़े डॉन (मुखिया) झुग्गी-झोपरी इलाकों में रहते हैं।

III. ज्यादातर झुग्गी-झोपड़ी के निवासी पैसे के लिए कुछ भी कर सकते है।

(1) केवल I अंतर्निहित है।

(2) केवल II अंतर्निहित है।

(3) केवल III अंतर्निहित है।

(4) केवल I और III अंतर्निहित हैं।

(5) या तो I या III अंतर्निहित है।

हल.(4) कथन में राजधानी शहरों का उदाहरण देते हुए है और ड्रग्स व्यवसाय में उछाल की बात की गई है। इसलिए I अंतर्निहित है। इसके अलावा, यह दिया जाता है कि ज्यादातर झुग्गी-झोपड़ी वासियों को ड्रग पाउच के लेन-देन में लिप्त देखा गया। इसका तात्पर्य यह है कि वे पैसे के लिए यह काम करते हैं और उसी के लिए अवैध गतिविधियों में शामिल होने में संकोच नहीं करते। तो, III अंतर्निहित है जबकि II नहीं है।

उदा.12. कथन:

XYZ सोसायटी ने एक अध्ययन किया जिसमें संकेत दिया गया कि कई लोगों को वयस्कता के दौरान सूजन और रक्त की अशुद्धता की समस्या होती है और वस्तुत: ऐसे सभी लोग जिन्हें कपिंग उपचार प्राप्त हुआ, उनमें बहुत सुधार हुआ। इसलिए, सूजन और रक्त की अशुद्धता से पीड़ित आबादी के अनुपात को कम करने के लिए, XYZ सोसायटी ने सिफारिश की कि कपिंग उपचार उन वयस्कों की ओर बढ़ाया जाए जो गंभीर रक्त अशुद्धता से पीड़ित हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सी एक पूर्वधारणा है जिस पर तर्क निर्भर करता है?

(1) कोई भी व्यक्ति जो सूजन और रक्त की अशुद्धता के लिए कपिंग उपचार प्राप्त करता है, वह भी उपचार के अन्य रूपों से लाभान्वित हो सकता है।

(2) बड़े बीमा वाहक अन्य चिकित्सा उपचारों की तुलना में कुछ हद तक रक्त की अशुद्धता की समस्याओं के लिए कपिंग उपचार को कवर करते हैं।

(3) गंभीर रक्त की अशुद्धता समस्याएं विकसित होने से पहले जिन व्यक्तियों को कपिंग या अन्य उपचार प्राप्त होते हैं, उन्हें सूजन और रक्त की अशुद्धता की समस्या होने की संभावना उन लोगों की तुलना में जो यह उपचार नहीं कराते हैं कम होती है।

(4) छिटपुट रूप से लंबे समय तक उपयोग किए जाने पर गंभीर रक्त की अशुद्धता की समस्याओं के इलाज में कपिंग उपचार अधिक प्रभावी होता है।

(5) गंभीर सूजन, रक्त की अशुद्धता और अन्य समस्याएं अक्सर व्यक्तियों के कार्यदिवस में कमी का अनुभव करती हैं।

हल.(3) यह कथन इस संभावना को नियंत्रित करता है कि कपिंग उपचार या अन्य चिकित्सा उपचार प्रभावी ढंग से उन लोगों में सूजन और रक्त की अशुद्धता को रोक सकते हैं या कम कर सकते हैं जिनमें अभी तक सूजन और रक्त अशुद्धता की गंभीर समस्याएं उत्पन्न नहीं हुई है। इसलिए, विकल्प (3) उत्तर है।

उदा.13. कथन:

''मेगा-सिटी शिक्षा विभाग नाराजगी और महत्वपूर्ण समस्याओं के बीच अंतर करने में असमर्थ है। उदाहरण के लिए, छात्रों को मोबाइल रखने से रोकना एक अतिशयोक्ति है। यदि कोई छात्र मोबाइल का उपयोग करता है और इस प्रकार निर्देश के साथ हस्तक्षेप करता है, तो उन्हें उसका मोबाइल जब्त कर लेना चाहिए। कुल मिलाकर, हमें ऐसे शैक्षिक नेतृत्व की आवश्यकता है जो समस्याओं को हल कर सकें, उन्हें पैदा न करें।- नेता ने कहा।

निम्नलिखित में से कौन-सी नेता द्वारा मानी गई पूर्वधारणा है?

(1) मोबाइल रखने वाले छात्र मेगा-सिटी के स्कूलों के लिए बहुत बड़ी समस्या नहीं हैं।

(2) छात्रों को स्कूल में मोबाइल की कोई आवश्यकता नहीं है।

(3) संकाय और कर्मचारियों को मोबाइल रखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

(4) छात्रों को मोबाइल रखने की आवश्यकता है क्योंकि उनमें से कुछ के घर पर माता-पिता नहीं रहते हैं।

(5) एक शैक्षिक नेता का समस्याओं को हल करने में रुचि रखना, सबसे महत्वपूर्ण गुण है।

हल.(1) मोबाइल का उपयोग करने वाले छात्रों का मुद्दा कि शैक्षिक नेतृत्व कैसे समस्याएं पैदा करता है का एक उदाहरण है जिसका कोई भी अस्तित्व नहीं है, लेखक को यह मानना चाहिए कि मोबाइल रखने वाले छात्र बहुत बड़ी समस्या नहीं हैं। इसलिए, विकल्प (1) उत्तर है।

उदा.14. कथन:

शिक्षा प्रणाली में बदलाव की जरूरत है, न कि ठीक-ठाक करने की। - डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने कहा, प्रारूपण समिति के अध्यक्ष और इसरो के पूर्व प्रमुख।

डॉ. के. कस्तूरीरंगन के कथन के पीछे क्या पूर्वधारणा हो सकती है?

(1) अन्य देशों में शिक्षा प्रणाली भारत की तुलना में बेहतर है।

(2) भारतीय शिक्षक विदेशी शिक्षकों की तरह परिपूर्ण नहीं हैं क्योंकि वे अधिक प्रतिभापूर्ण और शिक्षित होते हैं।

(3) आर्थिक, सामाजिक, रणनीतिक मांगों, कई अन्य चीजों में परिवर्तन हुए हैं। निश्चित रूप से, देश बहुत आगे बढ़ चुका है। 2 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रही है। इसके अलावा, एक डिजिटल समाज हमारे चारों ओर फैला है।

(4) पारंपरिक तरीका नए बदलाव में मदद करेगा। पारंपरिक तरीके का अर्थ है जिसमें एक बच्चे को घर पर शिक्षित, बोलना, विशेष रूप से संचार करना सीखाया जाता है।

(5) इनमे से कोई नहीं

हल.(3) समाज में डिजिटलीकरण और कई प्रकार के बदलाव डॉ. के. कस्तूरीरंगन के कथन के पीछे की पूर्वधारणा हो सकती हैं। इसलिए, विकल्प (3) उत्तर है।

उदा.15. कथन:

पॉप गायक क्लाइव जोन्स को छह ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामित किया गया है, और उनका नया एल्बम लगातार आठवें सप्ताह सूची में नम्बर एक स्थान पर बना हुआ है। यह कहना गलत नहीं होगा कि जोन्स आज के सर्वश्रेष्ठ पॉप कलाकार हैं।

निम्नलिखित पूर्वधारणाओं में से कौन-सी इस तर्क के लिए सबसे महत्वपूर्ण है?

(1) जोन्स के पिछले एल्बम भी सूची में शीर्ष पर थे।

(2) जोन्स का अगला एल्बम उनके मौजूदा रिलीज से अधिक बिकेगा।

(3) ग्रेमी नामांकन और रिकॉर्ड बिक्री एक कलाकार की महानता का सटीक मापक हैं।

(4) जोन्स कई ग्रैमी पुरस्कार जीतेंगे जिनके लिये उन्हें नामित किया गया है।

(5) जोन्स प्रशंसकों और संगीत आलोचकों दोनों के बीच लोकप्रिय हैं।

हल.(3) अकथित पूर्वधारणा जो इस तर्क में निष्कर्ष को आधार से जोड़ती है वह यह है कि ग्रैमी नामांकन और रिकॉर्ड बिक्री एक कलाकार की महानता के सटीक मापक हैं। स्पष्ट है कि, यह एक बेहद विवादास्पद पूर्वधारणा है, लेकिन यह आधार और निष्कर्ष के बीच आवश्यक लिंक प्रदान करती है। जॉन के पिछले एलबम की सफलता (विकल्प 1) और उसके अगले एलबम की सफलता (विकल्प 2) निष्कर्ष के लिए अप्रासंगिक हैं जो कि उनकी आज की सफलता पर केंद्रित है। हो सकता हे कि (विकल्प 4), लेकिन यह भी अनिवार्य रूप से अप्रासंगिक है, यह निष्कर्ष को आधार से तार्किक रूप से नहीं जोड़ता है प्रशंसकों और संगीत आलोचकों दोनों के बीच जोन्स की लोकप्रियता (विकल्प 5) महत्वपूर्ण है, लेकिन इसी तरह यह भी तार्किक संयोजन प्रदान नहीं करती है। इसलिए, विकल्प (3) उत्तर है।

उदा.16. दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें और बताएं की कौन-सी पूर्वधारणा अन्तर्निहित है।

सरकार ने सभी नागरिकों से अपील की है पीने योग्य पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें क्योंकि जल आपूर्ति में भारी कमी है। अत्यधिक उपयोग से भविष्य के महीनों में पानी की भारी कमी हो सकती है।

ऊपर दिये गये कथन के अनुसार कौन-सी पूर्वधारणा अन्तर्निहित है?

(1) लोग अपील को अनदेखा कर सकते हैं और पानी का उपयोग अपने विचारानुसार कर सकतें है।

(2) सरकार उन का दोहन करने में सक्षम हो सकती है जो अपील का जवाब न दें।

(3) सरकार संकट की स्थिति में पानी के वैकल्पिक स्रोत को रखने में सक्षम हो सकती है।

(4) अधिकतर लोग सरकार की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देंगे और संकट से उबरने में मदद करेंगे।

(5) केवल गरीब ही पानी की इस आपूर्ति से ग्रस्त होने जा रहे हैं।

हल.(4) चूँकि, भारत सरकार की भविष्यवाणी है की भविष्य में पानी की समस्या नागरिको को होगी। 'अपील' शब्द अनुरोध प्रकट करता है और यह एक पूर्वधारणा है कि लोग इसे एक सकारात्मक रास्ते पर ले जाएगा। अत: पूर्वधारणा (4) निहित है।

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-5. नीचे दिये प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे पूर्वधारणायें/अनुमान हैं जिन्हें क्रमांक I और II दिये गये हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहीत हो और अनुमान वह होता है जिसका दिए गए तथ्यों से अनुमान लगाया जा सकता हो। आपको दिये गये कथन और उसके नीचे दी गयी पूर्वधारणाओं/अनुमानों पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा/अनुमान कथन में अंतर्निहित है। उत्तर दीजिए -

यदि केवल I अन्तर्निहित है।

यदि केवल II अन्तर्निहित है।

यदि या तो I अथवा II अन्तर्निहित है।

यदि न तो I नही II अन्तर्निहित है।

यदि I और II दोनों अन्तर्निहित हैं।

प्र.1. **कथन :** आसान गणनाओं के लिए कैलकुलेटर का प्रयोग करने से बच्चों की गणितीय क्षमताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

पूर्वधारणाएं : **I.** जटिल गणनाओं के लिए कैलकुलेटर का प्रयोग करने से गणितीय क्षमताओं पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

II. जटिल गणनाएं कैलकुलेटर की सहायता के बिना नहीं की जा सकती।

प्र.2. **कथन :** अर्न्तजलीय युद्धों के लिए केवल X हथियारों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

पूर्वधारणाएं : **I.** जल के भीतर सभी हथियार अच्छे से काम नहीं कर सकते।

II. भूमि पर और जल के भीतर युद्धों के लिए अलग-अलग तरह के हथियार उपलब्ध है।

प्र.3. **कथन :** एक निजी एअरलाइन, ईजी एअर द्वारा एक विज्ञापन, हमारी एअर लाइन्स द्वारा मेरठ की यात्रा कीजिए और बैंकांक को खर्च अदा की हुई छुट्टी जीतने का मौका पाइए।

पूर्वधारणाएं : **I.** बैंकॉक के लिए ईजीएअर की उड़ाने उपलब्ध हैं।

II. मेरठ शहर में हवाई अड्डा है।

प्र.4. **कथन :** जैसे जैसे पेट्रोल व डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं ज्यादा से ज्यादा लोग इलेक्ट्रिक कारों का प्रयोग कर रहे हैं।

पूर्वधारणाएं : **I.** कार चलाने के लिए बिजली का प्रयोग पेट्रोल या डीजल का प्रयोग करने से कम महंगा है।

II. बहुत से लोग पेट्रोल और डीजल की बढ़ी हुई कीमतें वहन नहीं कर सकते।

प्र.5. **कथन :** पंजीकृत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अपना रेल टिकट कम से कम तीन महीने पहले बुक करें।

पूर्वधारणाएं : **I.** रेलवे यात्रा की तारीख से तीन माह से पहले बुकिंग नहीं करती।

II. एयर टिकट उतने ही पहले बुक करने पड़ते हैं जितने पहले ट्रेन की टिकट।

प्र.6-10. दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन व कुछ पूर्वधारणाएं हैं। पूर्वधारणां कोई मान लिया गया कथन होता है। आपको कथन व पूर्वधारणाएं पढ़कर यह निर्णय लेना है कि कौन-सी पूर्वधारणां अन्तर्निहित है।

प्र.6. **कथन :** हमें किसी भी सम्भावित घटना के लिए तैयार रहना चाहिए और सारे कार्य तय समय के अनुसार समाप्त हो जाने चाहिए-निर्देशक ने विभागीय सदस्यों से कहा।

पूर्वधारणाएं : **I.** किसी गम्भीर घटना की सम्भावना है।

II. सभी कार्यों के लिए तारीखें तय हैं।

III. सभी सदस्यों से कार्य पूरा करने की आशा है।

(1) सभी अंतर्निहित है। (2) केवल II और III (3) कोई नहीं (4) केवल III (5) केवल I

प्र.7. **कथन :** प्रकाश ने मई में रेलवे आरक्षण करने का निर्णय किया है। उस यात्रा के लिए जो उसे जुलाई में मद्रास के लिए करनी है।

पूर्वधारणाएं : **I.** रेलवे दो महीना पहले आरक्षण देता है।

II. मद्रास के लिए एक से अधिक ट्रेन हैं।

III. अभीष्ट श्रेणी में जगह खाली होगी।

(1) केवल II और III (2) केवल I (3) सभी अंतर्निहित है। (4) केवल I और III (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.8. **कथन :** ''X-चॉकलेट, एक आदर्श उपहार, उसके लिए जिसे आप प्रेम करते हैं'' एक विज्ञापन।

पूर्वधारणाएं : **I.** लोग प्राय: उन्हें उपहार देते हैं जिन्हें वे चाहते हैं।

II. इस तरह के विज्ञापन अक्सर लोगों को प्रभावित करते हैं।

III. चॉकलेट एक उपहार की वस्तु मानी जा सकती है।

(1) केवल I और II (2) केवल I और III (3) सभी अंतर्निहित है। (4) केवल II और III (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.9. **कथन :** हाल ही में शक्कर के मूल्यों में खुले बाजार में, वृद्धि को देखते हुए सरकार ने डीलरों से खुले बाजार में आयातित शक्कर की अधिक मात्रा देने को कहा है।

पूर्वधारणाएं : **I.** डीलर, सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे।

II. शक्कर के मूल्य कम होंगे।

III. स्वनिर्मित शक्कर के मूल्य अपरिवर्तित रहेंगे।

(1) कोई नहीं (2) केवल I और II (3) केवल I और III (4) सभी अंतर्निहित है। (5) केवल II व III

प्र.10. **कथन :** प्रबोध ने एक महीने बाद अपनी माँ को दूसरा पत्र लिखा क्योंकि उसे पहले पत्र का कोई उत्तर नहीं मिला।

पूर्वधारणाएं : **I.** प्रबोध की माँ को पत्र नहीं मिला।

II. पत्र प्राय: एक पखवाड़े में पहुँच जाते हैं।

III. उसकी माँ पत्रों का तुरन्त उत्तर देती है।

(1) केवल II और III (2) केवल III (3) कोई नहीं (4) केवल I और III (5) इनमें से कोई नही

प्र.11-13. नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे तीन पूर्वधारणायें हैं जिन्हें क्रमाक (I), (II) और (III) दिये गये हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहीत हो। आपको दिये गये कथन और उसके नीचे दी गयी पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित हैं।

प्र.11. **कथन :** सरकार ने पूरे देश के कई ब्लॉकों में हाईवे के निर्माण का कार्य निजी संस्थाओं को बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर आधार पर नीलामी करने का निर्णय लिया है।

उपरोक्त कथन में निम्न में से कौन सी पूर्वधारणाएं अन्तर्निहित है/हैं?

I. हो सकता है पर्याप्त संख्या में निजी संस्थायें सरकार की नीलामी की अधिसूचना का उत्तर न दें।

II. देश की कई निजी संस्थायें यथोचित समय के भीतर हाईवे का निर्माण करने में समर्थ हैं।

III. हो सकता है सरकार के बिल्ड-ऑपरेट-ट्रासंफर वाले प्रस्ताव का निजी संस्थाओं को वित्तीय लाभ हो।

(1) केवल I और II अन्तर्निहित हैं। (2) केवल II और III अन्तर्निहित हैं।

(3) केवल II अन्तर्निहित हैं। (4) केवल I और III अन्तर्निहित हैं।

(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.12. **कथन :** देश के विश्वविद्यालय को नियंत्रित करने वाले सर्वोच्च निकाय ने सभी तकनीकी के पाठ्यक्रमों को संशोधित करने का निर्णय लिया है ताकि उन्हें उद्योग की मौजूदा जरूरतों के प्रति ध्यान केन्द्रित किया जा सके जिससे तकनीकी स्नातक वर्तमान समय की तुलना में अधिक रोजगार योग्य हो सकें।

उपरोक्त कथन में निम्न में से कौन सी पूर्वधारणाएं अन्तर्निहित है/हैं?

I. हो सकता है विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध तकनीकी कॉलेज सर्वोच्च निकाय के फैसले का स्वागत न करें और वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रम को ही जारी रखें।

II. हो सकता है उद्योग सर्वोच्च निकाय के फैसले का स्वागत करें और इन कॉलेजों से की जाने वाली अपनी भर्ती को बढ़ा दें।

III. हो सकता है सरकार सर्वोच्च निकाय को सभी कॉलेजों में उनके फैसले को लागू करने की अनुमति न दें क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल सकती है।

(1) कोई नहीं अन्तर्निहित है। (2) केवल I अन्तर्निहित है। (3) केवल II अन्तर्निहित है।

(4) केवल III अन्तर्निहित है। (5) केवल I और II अन्तर्निहित है।

प्र.13. **कथन :**

एयरलाइंस ने अपने सभी वास्तविक यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपने घर से चलने से पहले फ्लाइट परिचालन की स्थिति जाँच लें क्योंकि भारी कोहरे से फ्लाइटों से सामान्य परिचालन में भारी कठिनाई आ रही है।

उपरोक्त कथन में निम्न में से कौन-सी अवधारणाएं अन्तर्निहित है/हैं?

I. हो सकता है अधिकाशं यात्री एयरपोर्ट के लिए अपनी यात्रा शुरू करने से पहले फ्लाइट की स्थिति की जाँच कर लें।

II. हो सकता है सरकार एयरलाइन कंपनी द्वारा जारी नोटिस पर गंभीर आपत्ति करे।

III. हो सकता हैं अधिकांश यात्री अपने टिकट रद्द करा दें और स्थिति के सामान्य होने तक अपनी यात्रा स्थगित कर दें।

(1) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है। (2) केवल I अन्तर्निहित है। (3) केवल II अन्तर्निहित है।
(4) केवल III अन्तर्निहित है। (5) केवल I और III अन्तर्निहित है।

प्र.14–18. नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा उसके बाद तीन पूर्वधारणां, संख्यांकित I, II और III दी गयी है। कोई मानी हुयी अथवा गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आपकों कथन तथा उसके बाद की पूर्वधारणाओं पर विचार करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अंतनिर्हित है तथा तब निश्चित कीजिए कि (1), (2), (3), (4) और (5) में से कौन-सा उत्तर सही है। उसे इंगित कीजिए।

प्र.14. **कथन :**

बगैर भारी मूल्य अदा कि, उच्चभ्रुओं में विचरण कीजिए —हमारे साथ एक शानदार फ्लैट बुक कराइए।' अपनी प्रतिष्ठित परियोजना के लिए एक भवन निर्माण कंपनी का यह एक विज्ञापन है।

पूर्वधारणाएं :

I. कठिन परिश्रम द्वारा चुने हुए धनी लोगों के समूह में सम्मिलित होना संभव है।

II. बगैर भारी मूल्य अदा कि, शान में रहना समाज में उच्च लोगों की कसौटी है।

III. अब शानदार फ्लैट बुक कराना बड़ा सरल हो गया है।

(1) केवल II (2) केवल III (3) केवल II और III
(4) कोई नहीं (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.15. **कथन :**

कर्मचारी संघ ने कंपनी 'S' के व्यवस्थापकों से अपील की है की अक्षम व्यक्तियों के चयन को रोकने के लिए लिपिकीय पदों की भर्ती के लिए एक लिखित परीक्षा लागू की जाए।

पूर्वधारणाएं :

I. अब तक कंपनी 'S' बिना लिखित परीक्षा लिए अभ्यर्थियों का चयन करती थी।

II. एक लिखित परीक्षा से सक्षम व्यक्तियों को पहचानने में सहायता मिलेगी।

III. उच्चतर स्तर पर लिखित परीक्षाओं का कोई अधिक उपयोग नहीं हो सकेगा।

(1) केवल I और II (2) केवल II और III (3) केवल III
(4) केवल I और III (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.16. **कथन :**

अपने घर को समुन्नत बनाने के लिए सबसे सरल एवम सबसे सस्ता उपाय आप अपने पुराने फर्नीचर के बदले में हमसे नया फर्नीचर 25 से 33 प्रतिशत की छूट पर ले जाइए। – एक फर्नीचर कंपनी का विज्ञापन।

पूर्वधारणाएं :

I. आजकल फर्नीचरों के उत्पादन की कोई माँग तब तक नहीं हैं जब तक कोई आकर्षक योजना न प्रस्तुत की जाए।

II. कुछ ग्राहक हमेशा सर्वोत्तम गुणवत्ता के इच्छुक रहते हैं वे मूल्य अथवा सुविधाओं की परवाह नहीं करते।

III. कुछ ग्राहक अपने घर को समुचित मूल्य में ही आधुनिक रखना चाहते है, तथा वें कम-से-कम दिक्कत उठाना चाहते है।

(1) केवल III (2) केवल II (3) केवल I
(4) केवल I और II (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.17. **कथन :**

उन फर्मो को जिन्हें पहले के दिए गए आर्डरों की पूर्ति में 25 प्रतिशत या उससे अधिक का देनदार पाया गया है उन्हें टेंडर का विशेष विवरण जारी नहीं किया जाएगा।' एक कंपनी 'X' की सामग्री खरीदने के हेतु टेण्डर आमंत्रित करने की शर्त।

पूर्वधारणाएं :

I. कंपनी 'X' अपने पूर्तिकर्ताओं के कामकाज की गुणवत्ता देखती रहेगी।

II. इस बार फर्मो को देनदार का प्रतिशत यथासंभव कम रखने पर ध्यान देना होगा।

III. कंपनी 'X' अपने पूर्तिकर्ताओं से गुणवत्ता तथा व्यावसायिक निकटता की आशा रखती है।

(1) केवल I (2) केवल II (3) केवल III
(4) या तो II अथवा III तथा I (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.18. **कथन :**

इस राज्य की कतिपय श्रम एवं औद्योगिक अदालतों में कोई समुचित स्थान नहीं है। न्यायधीशों एवंम आशुलिपिकों के पद रिक्त पड़े है।' 'X' राज्य के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश का कथन।

पूर्वधारणाएं :

I. कर्मचारियों एवंम न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या से औद्योगिक एवं श्रम न्यायालय का कार्य सुचारू रूप से चलने में सहायक होता है।

II. राज्य को श्रम एवम औद्योगिक न्यायालय की दशा के बारे में कोई परवाह नहीं हैं।

III. किसी कार्यालय की भौतिक सुविधाँ, ही उसके कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि करने में सहायक होती है।

(1) केवल II (2) केवल I और III (3) केवल II और III

(4) सभी I, II और III (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.19. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

प्राकृतिक संसाधन बहुत ही तेजी से कम हो रहे है। इसे सुधारने के लिए संयुक्त राज्य को संसाधन उपभोग को कई सालो तक बचाए रखना पड़ेगा।

ऊपर दिया हुआ तर्क किस पूर्वधारणा पर निर्भर करता है?

(1) प्रतिव्यक्ति आय संसाधन का उपयोग संयुक्त राज्य में हर समय सबसे ज्यादा होता है।

(2) संयुक्त राज्य संसाधनों को जाया करता है।

(3) संयुक्त राज्य किसी दूसरे देश से संसाधनों का प्रयोग ज्यादा करता है।

(4) संयुक्त राज्य अमेरिका अधिकांश संसाधनों का उपयोग करने के बजाए इसका आयात करता है।

(5) संयुक्त राज्य के संसाधन प्रयोग पर नजर विश्व संरक्षण के लिए लाभप्रद हो सकती है।

व्याख्या

प्र.1.(4) **प्र.2.(5)** **प्र.3.(5)** **प्र.4.(5)** **प्र.5.(4)**

प्र.6.(1) सभी अंतर्निहित हैं।

प्र.7.(2) केवल I अंतर्निहित है क्योंकि प्रकाश ने दो महीने पहले टिकट लेने का निर्णय लिया। II अंतर्निहित नहीं है क्योंकि हमें ट्रेन की संख्या ज्ञात नहीं है। III अंतर्निहित नहीं है क्योंकि ट्रेन में वांछित वर्ग में सीट होगी या नहीं होगी।

प्र.8.(3)

प्र.9.(2) सरकार के निर्देश का सभी डिलरों को पालन करना होगा। इसलिए I अंतर्निहित है। निश्चित रूप से आयातित चीनी की बड़ी मात्रा जारी होने के बाद, कीमत में कमी आयेगी। इसलिए II अंतर्निहित है लेकिन III अंतर्निहित नहीं है यह कथन के विपरीत है।

प्र.10.(4) I अंतर्निहित है क्योंकि यह संभावना हो सकती है। II अंतर्निहित नहीं है क्योंकि प्रबोध एक महीने के बाद अपनी माता को दूसरा पत्र लिखा लेकिन पाक्षिक का अर्थ केवल 15 दिन से है और हमें सही समय नहीं ज्ञात है। III अंतर्निहित है इसलिए प्रबोध चिंतित है।

प्र.11.(2) केवल II और III अंतर्निहित है क्योंकि यह दोनों स्थिति के साथ प्रासंगिक है जबकि I कथन के लिए उचित नहीं है।

प्र.12.(3) केवल II अंतर्निहित है क्योंकि यह पूर्वधारणा कथन के लिए उचित है जबकि I और III पूर्वधारणा उचित नहीं है। यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।

प्र.13.(2) केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है क्योंकि अधिकांश यात्री उड़ान का समय जाँच सकते है। जबकि II और III पूर्वधारणाएं कथन के लिए असंगत (व्यर्थ) हैं।

प्र.14.(2) कठिन परिश्रम के संदर्भ में कुछ नहीं उल्लेखित है। इसलिए I अंतर्निहित नहीं है II भी अंतर्निहित नहीं है क्योंकि यह समाज के ऊपरी लोगों के बारें में बात कर रहा है लेकिन III अंतर्निहित है क्योंकि उनके विज्ञापन का अर्थ है कि आलिशान फ्लैट की बुकिंग आसान नहीं है।

प्र.15.(1) I अंतर्निहित है इसलिए एसोशिएशन ने लिखित परीक्षा के लिए अपील की है II भी अंतर्निहित है लेकिन III अंतर्निहित नहीं है क्योंकि हम उच्च स्तर के लिए प्रक्रिया नहीं जानते हैं।

प्र.16.(1) केवल III अंतर्निहित है। यहाँ कुछ ग्राहक उचित लागत के साथ अपने घर को नवीनतम बनाना चाहते थे।

प्र.17.(5) यदि कम्पनी X, निविदाओं के लिए कुछ शर्ते रखता है जिसका अर्थ है कि कम्पनी गुणवत्ता प्रदर्शन और उसकी अपेक्षा दोनों चाहती थीं। इसलिए I और III अनुसरण करता है।

प्र.18.(2)

प्र.19.(5)

कारण और प्रभाव
(Cause & Effect)

Scan the QR code to get video of this chapter.

कारण का अर्थ किसी घटना के लिए तार्किक या वैज्ञानिक व्याख्या से है। दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं कि किसी भी कारण के पीछे सशक्त व्याख्या को **कारण** के रूप में जाना जाता है और कारण के प्रभाव को **प्रभाव** के रूप में जाना जाता है।

कारण और प्रभाव के प्रश्नों में उम्मीदवारों को यह निर्धारित करने के लिए कहा जाता है कि दी गई घटना एक कारण है या एक प्रभाव। अभ्यर्थियों को हमेशा यह याद रखना चाहिए कि कारण हमेशा प्रभाव से पहले और प्रभाव परिणामत: कारण के बाद होता है।

कारण और प्रभाव का प्रश्न उम्मीदवारों की क्षमता का परीक्षण करने के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें वे दिए गए कथनों का विश्लेषण करते है और फिर उन्हें कारण और प्रभाव के रूप में सहसंबंधित करते हैं।

जब घटना (कारण) कि वजह से दूसरी घटना (प्रभाव) बनती है।

''कारण'' मतलब ''क्यों'' हुआ,

''प्रभाव'' मतलब ''क्या'' हुआ।

कारण और प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण शब्द।

कारण और प्रभाव

<u>कारण और प्रभाव कि पाँच संभावनाएँ</u>

1. पहले कथन का तथ्य, दूसरे कथन के प्रभाव को दर्शाता है, दूसरा कथन कारण है पहले कथन का प्रभाव है।
2. पहले कथन का विषय दूसरे कथन में चर्चा किए गए परिणाम का प्रत्यक्ष (सीधा) कारण है।
3. दोनो कथन सामान्यीकृत परिणाम को दर्शाते हैं जो कि किसी एक कारण को नहीं बल्कि कुछ अन्य कारकों को प्रभावित कर सकते है।
4. दोनों ही कथन स्वतंत्र है और उनको स्वतंत्र कारणों के द्वारा समझा जा सकता है।
5. दोनों कथनों में प्रभाव का कारण एक ऐसी अन्य अवीर्णत घटना है जो कि एक सामान्य कारण कि वजह से हो सकती है।

उदा.1-3. नीचे प्रत्येक प्रश्न में (A) और (B) दो कथन दिये गये हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या सामान्य कारणों के परिणाम हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िये और तय कीजिये कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों कथनों के बीच सही संबंध बताता है।

उत्तर (1) दीजिये यदि कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

उत्तर (2) दीजिये यदि कथन (B) कारण है और कथन (A) उसका परिणाम है।

उत्तर (3) दीजिये यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

उत्तर (4) दीजिये यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

उत्तर (5) दीजिये यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारणों के परिणाम हैं।

उदा.1. (A) वर्तमान वर्ष में शहर के दिन का औसत तापमान पिछले दस वर्षो के औसत तापमान की तुलना में लगभग 2 डिग्री बढ़ गया है।

(B) पिछले वर्ष की तुलना में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे अधिक लोगों ने शहरी क्षेत्रों को विस्थापित होना शुरू कर दिया है।

हल.(4) कथनों को देख कर यह ज्ञात होता कि दोनों में कोई संबंध नहीं है इसलिए, दोनों प्रभाव स्वतंत्र है।

उदा.2. (A) क्षेत्र के अधिकांश दुकानदारों ने लगातार दूसरे दिन अपनी दुकानें बंद रखीं।

(B) क्षेत्र में रह रहे लोगों के दो समूह एक दूसरे से ईंट पत्थर से लड़ते रहे हैं जिससे लोग घरों के अंदर रहने को बाध्य हुये हैं।

हल.(2) कथन (A) दुकानदार अपनी दुकान बंद कर देता है उसका कारण 'क्यों' की व्याख्या कथन (B) में हैं। इसलिए कथन (B) कारण है और (A) प्रभाव है।

उदा.3. (A) इंजीनियरिंग कॉलेज के पहले वर्ष के अधिकांश छात्र अर्धवार्षिक परीक्षा में गणित फेल हो गये।

(B) पहले वर्ष के छात्रों को गणित पढ़ाने वाले प्रोफेसर के कांट्रैक्ट को कॉलेज अधिकारियों ने समाप्त कर दिया।

हल.(1) कथन (A) और (B) दोनों सें यह प्रतीत होता है कि छात्रों के गणित में फेल होने के कारण कि वजह से ही अधिकारियों का अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया।

उदा.4-7. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:

उदा.4. मानसून के पहले दो महीनों के दौरान शहर की सड़कों की हालत काफी ज्यादा खराब हो गई है और सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं।

उपरोक्त कारण का संभावित प्रभाव निम्न में से कौन-सा हो सकता है?

(1) नगर निगम ने मानसून शुरू होने से पहले अच्छी क्वालिटी के सामान के साथ शहर की सड़कों की मरम्मत की थी।
(2) शहर के अंदर सड़क से नियमित रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने के बाद बड़ी संख्या में लोगों को रीढ़ की हड्डी से जुड़ी चोटे लगी हैं।
(3) विगत वर्षों में सड़कों की मरम्मत के लिए ठेकेदारों का चुनाव करने में नगर निगम सावधान रहा है।
(4) मानसून के महीनों में लोग हमेशा सड़कों पर गड्ढों की शिकायत करते हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2) कथन को देखते हुए ''सड़को कि हालत काफी खराब हो गई है'' इसलिए निम्न शब्दों का प्रभाव इस प्रकार चुनिए-

(1) ___ "मरम्मत की थी" _____ X
(2) ___ "हड्डी से जुड़ी चोटे लगी" __ √
(3) ___ "चुनाव करने में सावधान रहा"___ X
(4) ___ "लोगों की शिकायत" _____ X

उदा.5. हाल ही के वर्षों में यह रिपोर्ट किया गया है कि देश में इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश सत्र की समाप्ति पर बड़ी संख्या में सीटें खाली रह जाती हैं।

उपरोक्त कारण का संभावित प्रभाव निम्न में से कौन-सा होगा?

(1) हाल के वर्षों में आर्थिक मंदी के कारण इंजीनियरिंग ग्रेजुएटों को नौकरी पर रखने में काफी कमी आई है।
(2) छात्रों ने हमेशा इंजीनियरिंग को पूरा करने के लिए चार वर्षों के बजाए तीन वर्षों के समय को प्राथमिकता दी है।
(3) सरकार ने हाल में सभी इंजीनियरिंग ग्रेजुएटों को योग्यता प्राप्ति के बाद अपने खर्चे पर प्रोफेशनल प्रशिक्षण देने का निर्णय किया है।
(4) इंजीनियरिंग छात्रों में सफलता की दर हमेशा से बहुत खराब रही है।
(5) इनमें से कोई नही

हल.(3) जैसे कि प्रभाव दर्शाता है ''खाली सीटें इंजीनियरिंग कॉलेज'' इसलिए, हम कारण को निम्न शब्दों के आधार पर चुन सकते हैं

(1) "आर्थिक मंदी" _____ X
(2) "चार वर्षों की जगह पर तीन वर्षों में" _ X
(3) "पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करने वाली सरकार" √
(4) "खराब सफलता दर" _____ X

उदा.6. नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया हैं। यह कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकता हैं या स्वतंत्र कारण या सामान्य कारण का परिणाम हो सकता है।

प्रभाव : सप्ताहांत के दौरान स्कूल पिकनिक के लिए जाते समय कम से कम बीस बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उपरोक्त प्रभाव का संभावित कारण निम्न में से कौनसा हो सकता है?

(1) यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों के साथ गया शिक्षक बीमार पड़ गया।
(2) जिस बस में बच्चे यात्रा कर रहे थे, वह मुख्य राजमार्ग पर टर्न लेते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई।
(3) जिस बस में बच्चे यात्रा कर रहे थे उसका ड्राइवर यात्रा में पड़ाव स्थल पर रूकने के बाद नहीं आया।
(4) स्कूल अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से अगले छः महीने के लिए सभी स्कूल पिकनिकों पर रोक लगा दी।
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2)
(1) शिक्षक बीमार .... मान्य नहीं है
(2) टर्न लेते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई .... मान्य है
(3) ——— ड्राइवर यात्रा में पड़ाव स्थल पर रूकने के बाद नहीं आया .... मान्य नहीं है
(4) .... छः महीने के लिए सभी स्कूल पिकनिकों पर रोक .... मान्य नहीं है

उदा.7. इस वर्ष पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें 30% तक बढ़ गई। निम्नलिखित में से कौन सा उपरोक्त प्रभाव का संभावित कारण हो सकता है?

(1) खाद्य पदार्थों और सब्जियों के मूल्य 40% तक बढ़ गए हैं।
(2) ट्रक मालिकों के संगठनों ने निर्णय लिया कि भाड़े किराए में 30% तक की वृद्धि तत्काल प्रभाव से करेगें।
(3) अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में ध्यान आर्कषण तक की वृद्धि पिछले कुछ सप्ताह में देखी गई है।
(4) लोगों ने निर्णय लिया है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमत में वृद्धि के विरोध में सरकार की उदासीनता के विरूद्ध प्रदर्शन करेंगे।
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(5)
(1) .... 40% तक बढ़ गए ...... मान्य नहीं है
(2) .... भाड़े किराए में 30% तक कि वृद्धि ...... मान्य नहीं है
(3) .... अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत वृद्धि ...... मान्य नहीं है
(4) .... कीमत में वृद्धि के विरोध में सरकार की उदासीनता के विरूद्ध प्रदर्शन .... मान्य नहीं है

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-4. नीचे प्रत्येक प्रश्न में (A) और (B) दो कथन दिये गये हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या सामान्य कारणों के परिणाम हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िये और तय कीजिये कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों कथनों के बीच सही संबंध बताता है। उत्तर दीजिए-

(1) यदि कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

(2) यदि कथन (B) कारण है और कथन (A) उसका परिणाम है।

(3) यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

(4) यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

(5) यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं।

प्र.1. **(A)** स्कूल में विद्यार्थियों को कठिनाई है।

(B) स्कूल के शौचालय का रख-रखाव एंव सफाई उचित नहीं है।

प्र.2. **(A)** प्रधानाध्यापक ने निगम के इंजीनियर से शिकायत की।

(B) निगम के पास पैसो का अभाव है।

प्र.3. **(A)** विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक कार्यालय जाने में असहनीय बदबू का सामना करना पड़ता है।

(B) स्कूल के शौचालय में मलजल का रूकाव है।

प्र.4. **(A)** विद्यार्थी स्कूल में बहुत कम शौचालय का प्रयोग करते है।

(B) स्कूल के विद्यार्थियों की संख्या आत्यधिक कम है।

प्र.5-9. प्रश्नों में दो घटनाएं, A व B दी गई हैं। आपको दोनों घटनाओं A व B को पढ़कर उनके आपस के सम्बन्ध को तय करना है। उत्तर का निर्णय करते समय A व B में दी गई जानकारियों को सही मानिए। दी गई जानकारी के अलावा कोई भी पूर्वधारणा करने की आवश्यकता नहीं है। उत्तर दीजिए-

(1) यदि A प्रभाव है और B उसका त्वरित व मुख्य कारण है।

(2) यदि A त्वरित व मुख्य कारण है व B उसका प्रभाव है।

(3) यदि A प्रभाव है लेकिन B त्वरित व मुख्य कारण नहीं है।

(4) यदि B प्रभाव है लेकिन A उसका त्वरित व मुख्य कारण नहीं है।

(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.5. **घटना (A) :** स्थानीय बाजार में स्वर्ण मूल्यों में बढ़ोत्तरी हुई है।

घटना (B) : स्वर्ण आभूषणों की डिजाइन में भारत ने कई पुरस्कार जीते हैं।

प्र.6. **घटना (A) :** आज, देश P और Q के प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए कदम उठाने का फैसला किया है।

घटना (B) : अगले सप्ताह विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति ने देश P और Q के रिश्ते सुधारने के लिए और कदम उठाएगे।

प्र.7. **घटना (A) :** हाल ही में पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) की कीमतों में कमी आई है।

घटना (B) : कुछ स्कूली बच्चे कंप्यूटर सीखने में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

प्र.8. **घटना (A) :** इस साल बैंक M ने अपनी रजत जयंती मनाई है।

घटना (B) : अधिक ग्राहक बैंक M की बाजार शाखा की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

प्र.9. **घटना (A) :** हाल ही में शहर 'Z' के एमजी रोड पर ट्रैफिक जाम कम नहीं हुआ है, लेकिन ट्रैफिक भी मैनेज हो गया है।

घटना (B) : शहर 'Z' के एमजी रोड पर फ्लाईओवर को हाल ही में चालू किया गया है और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है।

प्र.10-14. दिए गए प्रश्नों में A व B घटना-युग्म दिए गए हैं। आपको उनके सम्बन्धों की प्रकृति को तय करना है। A व B में दी गयी जानकारी को सही मानते हुए उत्तर दीजिए। उत्तर देने में दी गई जानकारी के अलावा कुछ भी मानने की आवश्यकता नहीं है। उत्तर दीजिए-

(1) यदि A प्रभाव है और B इसका त्वरित व प्रमुख कारण है।

(2) यदि A त्वरित व प्रमुख कारण है और B प्रभाव है।

(3) यदि A प्रभाव है लेकिन B प्रमुख कारण नहीं है।

(4) यदि B प्रभाव है लेकिन A त्वरित व प्रमुख कारण नहीं है।

(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.10. **घटना (A) :** खाद्य पदार्थों व खाद पर से सब्सिडी हटाने के निर्णय के कारण विपक्ष, सरकार का विरोध कर रही है।

घटना (B) : सरकार ने कई वस्तुओं पर से सब्सिडी, अर्थव्यवस्था सुधार के लिए हटाने का निर्णय लिया है।

प्र.11. **घटना (A) :** भारतीय नवजात मृत्यु दर बढ़ रही है।

घटना (B) : भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

प्र.12. **घटना (A) :** भारतीय बार काउंसिल ने आने वाले शैक्षिक सत्र से भारत के सांध्य लॉ कालेजो को बन्द करने का आदेश दिया है।

घटना (B) : सांध्य लॉ कालेज में शिक्षा का स्तर क्षीण अवस्था में पाया गया।

प्र.13. **घटना (A) :** सरकार ने विभिन्न स्रोतों से शहरी क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण के स्तर को नियंत्रण करने के लिए नियम बनाए हैं।

घटना (B) : उचित प्राधिकारी से अनुमति के बाद ही लाउडस्पीकर प्रयोग किए जा सकते हैं।

प्र.14. **घटना (A) :** जेल रोड पर किसी भी यातायात की अनुमति नहीं दी जाएगी।

घटना (B) : फ्लाईओवर निर्माण के कारण, यातायात पुलिस ने कई यातायात परिर्वतन किया हैं।

प्र.15. **कथन :** विश्वविद्यालय के विशेष दल ने अंतिम परीक्षाओं के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए कई छात्र पकड़े।

उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों का संभावित परिणाम निम्न में से कौन-सा हो सकता है?

(A) जिन सारे परीक्षा हॉलों में छात्र पकड़े गए हैं, उनमें निरीक्षण के उत्तरदायी शिक्षकों को सेवा से निलंबित किया जाएगा।

(B) अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़े गए सभी छात्रों पर एक वर्ष के लिए परीक्षा में बैठने से रोक लगेगी।

(C) विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज को कम से कम एक वर्ष के लिए परीक्षा लेने के लिए वर्जित सूची में डाल दिया जाना चाहिए।

(1) केवल (A) (2) केवल (B) (3) केवल (C) (4) केवल (B) और (C) (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.16. **कथन :** पिछली रात स्थानीय स्कूल की बाउंडरी वाल का अधिकांश भाग ढह गया।

उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों का संभावित परिणाम निम्न में से कौन-सा हो सकता है?

(A) जब तक बाउंडरी वाल बनाई न जाए, तब तक स्थानीय स्कूल अधिकारी स्कूल को बंद कर देंगे।

(B) सरकार स्कूल प्रबंधन पर उनकी लापरवाही के लिए दंड लगाएगी।

(C) जब तक कि बाउंडरी वाल न बनाई जाये स्कूल के प्रबंधन अस्थायी बाड़ लगवाए।

(1) केवल (A) (2) केवल (B) (3) केवल (C)

(4) केवल (A) और (C) (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.17. **कथन :** खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार दूसरे हफ्ते में कमी आई है।

उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों का संभावित परिणाम निम्न में से कौन-सा हो सकता है?

(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में काफी कमी आएगी।

(B) लोग आवश्यक वस्तुओं व खाद्यान्न की खरीद की मात्रा बढ़ा देंगे।

(C) सरकार आवश्यक वस्तुओं और खाद्यान्न पर अपने कर बढ़ा देगी।

(1) केवल (A) और (B) (2) केवल (B) और (C) (3) केवल (A) और (C)

(4) सभी (A), (B) और (C) (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.18. **कथन :** नगर प्राधिकरण द्वारा सप्लाई किए जाने वाले खराब क्वालिटी के पेय जल का उपभोग करने के बाद इलाके के कई लोगों का गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल रोगों से पीड़ित होने का निदान किया गया।

उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों को निम्न में से कौन-सा प्रमाणित करता है?

(1) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल रोग बहुत गंभीर प्रकृति के रोग नहीं है।

(2) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को दवा लेने की जरूरत नहीं होती।

(3) कई लोगों को बासी खाना खाने के बाद गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल रोग हो जाते हैं।

(4) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल रोग पानी से होने वाले रोग हैं।

(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.19. कई प्रमुख अखबारों में यह रिपोर्ट किया गया है कि वर्तमान वर्ष का मानसून अपेक्षित स्तर से कम हो सकता है क्योंकि देश के कई भागों में अभी भी पर्याप्त वर्षा नहीं हो रही है।

उपरोक्त स्थिति का संभावित परिणाम निम्न में से कौन-सा हो सकता है?

(1) कम वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों के लोग शहरी क्षेत्रों को विस्थापित हो सकते हैं।

(2) इन क्षेत्रों में प्रभावित सभी किसानों के लिए सरकार अनुग्रह राशि की घोषणा कर सकती है।

(3) सरकार इन क्षेत्रों को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर सकती है।

(4) लोग सरकार पर दोष लगा सकते हैं और खेती के लिए पर्याप्त जल न मिलने पर विरोध कर सकते हैं।

(5) इनमें से कोई नहीं

प्र.20–23. दिए गए कथनों को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्र.20. किसानों की भूमि के अर्जन के बदले सरकार द्वारा उनके लिए मुआवजा नीति की घोषणा के बाद, किसानों ने इस नीति के लिखित प्रमाण की माँग की।

लिखित प्रमाण माँगने के कारण संभवत: निम्नलिखित में से क्या हो सकता है?

(1) पहले की ऐसी नीतियों में किसान अपनी भूमि के लिए अपर्याप्त मुआवजे का विरोध नहीं कर सकते थे।

(2) नीति में आश्वासित मुआवजा बहुत ही कम था।

(3) किसान सरकार को अपनी भूमि समर्पित नहीं करना चाहते थे।

(4) किसान सरकार को उनकी भूमि से होने वाली आय के कुछ प्रतिशत हिस्से की माँग कर रहे हैं।

(5) किसानों के लिए मुआवजा नीति बनाने के लिए सरकार पर दबाव डालने का एक मात्र विकल्प प्रमाण की माँग करना है।

प्र.21. स्थानीय ग्रामीणों में, असंक्रामक रसायनिक विषाक्तिकरण संबंधी मामले बढ़ते जा रहे हैं।

उपरोक्त कथन का कारण संभवत: निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?

(1) सरकार ने इस मामले में तुरंत जाँच के आदेश दिए हैं।

(2) मरीजों का समय पर उपचार नहीं किए जाने पर विषाक्तिकरण जानलेवा साबित हो सकता है।

(3) गाँव के आस-पास के बहुत से कारखाने अपने अपशिष्ट (wastes) का उचित रूप से निपटान नहीं करते हैं।

(4) क्षेत्र का एक मात्र अस्पताल रासायनिक विषाक्तिकरण संबंधी रोगों का उपचार करने के लिए लैस नहीं है।

(5) दो वर्ष पूर्व किए गए एक अध्ययन ने रिपोर्ट किया था कि स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के कारण बहुत से किसानों ने रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बंद कर दिया था।

प्र.22. दो वर्ष पूर्व की गई सरकारी पहल में एक विशेष राज्य के शिक्षकों को नियमित स्कूल समय के बाद रोज शाम को निरक्षरों को पढ़ाने के काम में लगाया गया था।

ऊपर दिये गये कथन का निम्नलिखित में से क्या प्रभाव हो सकता है?

(1) दो वर्ष पूर्व राज्य सरकार को दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ अन्य राज्यों की तुलना में निरक्षर जनसंख्या का प्रतिशत अधिक है।

(2) सरकार द्वारा आरंभ की गई योजना में जुड़ने के लिए बहुत से शिक्षक प्रेरित हुए थे क्योंकि उन्हें दिया गया पारिश्रमिक आकर्षक था।

(3) स्कूल तक न पहुँच पाना और अत्यंत गरीबी राज्य में निरक्षरता के प्रमुख कारण थे।

(4) शाम की कक्षाएं दहाडी मजदूर के रूप में काम करने वाले लोगों को काम के बाद कक्षाओं में उपस्थित होने में सहायक होती हैं।

(5) इस वर्ष राज्य में साक्षरता दर में बहुत सुधार हुआ है।

प्र.23. शहर में विदेशी खुदरा स्टोर की श्रृंखला के आने के विरोध में छोटे किराना व्यापारियों ने एक दिन हड़ताल की है।

उक्त कथन का प्रभाव निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हो सकता है।

(1) छोटे किराना दुकानदार बड़े भीमकाय खुदरा व्यापारियों को शार्क मछली की तरह समझते हैं। उपलब्ध बाजार पर शासन करने के लिए प्रयासरत है।

(2) दो वर्षों से खुदरा व्यापार में विदेशी निवेश में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

(3) ऐसे कई देश हैं जहाँ भीमकाय रिटेल श्रृंखला ने लघु किराना दुकानों का सफाया कर दिया है।

(4) सरकार लघु खुदरा व्यापारियों के हित की रक्षा हेतु सभी राजनीतिक कदम उठाने के लिए सहमत है।

(5) हाल ही के सर्वेक्षण ने दर्शाया है कि बड़ी संख्या में लोग अपनी दैनिक किराना मदों को बड़े खुदरा श्रृंखला स्टोरों के बदले पास के किराना स्टोरों से खरीदना पसंद करते हैं।

प्र.24. **प्रभाव :** कृषि के लिए अधिक से अधिक समर्थन के पक्ष में विश्व आर्थिक नीति में एक बड़ा बदलाव।

निम्न में से कौन सा उपरोक्त प्रभाव का एक संभावित कारण हो सकता है?

(1) सरकारों ने पारंपरिक रूप से सीमेंट कारखानों को आर्थिक प्रगति के रूप में देखा है।

(2) भोजन की कमी, गरीबी हटाने की प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार और भारी मंदी का डर।

(3) विकासशील देशों की सरकारें और अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने कृषि में निवेश किया है।

(4) भारत और चीन जैसे उच्च विकास दिग्गजों के उपभोक्ता अमीर हो गए हैं, उन्होंने अधिक मांस खाना शुरू कर दिया है, इसलिए कभी मानव उपभोग के लिए इस्तेमाल होने वाला अनाज अब पशुधन के मांस के लिए खपाया जाता है।

(5) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या

प्र.1.(2) **प्र.2.(4)**

प्र.3.(2) **प्र.4.(4)**

प्र.5.(5) दोनों स्वतंत्र घटनाएं हैं।

प्र.6.(2) P और Q देश के प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का निर्णय लिया है जिसके बाद दोनों देशों के अधिकारी काम करेंगे।

प्र.7.(5) दोनों स्वतंत्र घटनाएं हैं।

प्र.8.(5) दोनों स्वतंत्र घटनाएं हैं।

प्र.9.(1) एमजी रोड़ पर फ्लाईओवर को हाल ही में चालू किया गया है और ट्रॉफिक पुलिस कर्मियों की संख्या में वृद्धि की गई है, इस कारण ट्रॉफिक संचालनीय हो गया है।

प्र.10.(1) जब सरकार ने सब्सिडी वापस लेने का फैसला किया तो विपक्ष फैसले का विरोध कर रहा है।

प्र.11.(5) दोनों स्वतंत्र घटनाएं हैं।

प्र.12.(1) सांध्या कॉलेज में शिक्षा का स्तर बहुत खराब है इसलिए भारतीय बार काउंसलिंग ने इस प्रकार का निर्णय लिया है।

प्र.13.(2) जब सरकार ने ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नियम बनाये हैं तो उसके बाद सभी को लाउडस्पीकर की अनुमती लेनी होगी।

प्र.14.(1) फ्लाईओवर का निर्माण एक कारण है और ट्रैफिक डायवर्जन (परिवर्तन) एक प्रभाव है।

प्र.15.(2) अन्य छात्रों को सबक सिखाने के लिए अनुचित साधनों का प्रयोग करते पकड़े गये छात्रों को एक वर्ष के लिए परीक्षा देने से रोक देना चाहिए।

प्र.16.(3) बाउंडरी बनने तक प्रबंधन को अस्थाई बाड़ बनवा देना चाहिए।

प्र.17.(1) आवश्यक वस्तुओं के मूल्य लगातार घटने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक कम होगा।

प्र.18.(4) दिया गया कथन दर्शाता है कि गैस्ट्रो-इंटोस्टाइनल रोग पानी से होने वाला रोग है।

प्र.19.(3)

प्र.20.(1)

प्र.21.(3)

प्र.22.(5)

प्र.23.(4)

प्र.24.(2)

कथन और तर्क
(Statement and Argument)

Scan the QR code to get video of this chapter.

तर्क दो या दो से अधिक वाक्यांशों / खंडों / वाक्यों का एक अनुक्रम है जिसमें एक दावा या निष्कर्ष शामिल होता है। हम एक या एक से अधिक कथन की सहायता से ऐसे निष्कर्ष पर पहुँचते हैं, जिसे एक आधार या प्रस्ताव कहा जा सकता है।

तर्क आम तौर पर कुछ पूर्वधारणाओं और निष्कर्षों पर आधारित होते हैं। कोई तर्क कथन के पक्ष में या उसके खिलाफ हो सकता है। आपको तर्क की सशक्तता की जांच करनी होगी। आपको भ्रमित नहीं होना चाहिए कि केवल अनुकूल तर्क ही सही हैं। इसलिए, यह अप्रासंगिक है कि कोई तर्क अनुकूल है या कथन के विरुद्ध है।

मजबूत तर्क की शर्ते

1. **सार्वभौमिक सत्य:** यदि कोई तर्क सार्वभौमिक रूप से मान्य है जिसका खण्डन नहीं किया जा सकता है और कथन से सम्बंधित है तब यह सार्वभौमिक सत्य होगा।

उदा. लाइट (प्रकाश), ध्वनि की तुलना में अधिक तीव्र गति से चलता है। ये तर्क सार्वभौमिक और आम तौर पर स्वीकार किए जाते है।

2. **विश्लेषणात्मक सत्य:** हमारी सरकार उच्च न्यायालय संवैधानिक संस्था: संयुक्त राष्ट्र या किसी सर्वोच्च प्राधिकरण द्वारा लिए गए निर्णय विश्लेषणात्मक सत्य के रूप में समझा जाता है।

उदा. एल.पी.जी. लगवाने के लिए आधार कार्ड आवश्यक है। (सरकार द्वारा निर्धारित है।)

3. **अनुभव आधारित:** यदि कोई भी तर्क अनुभव पर आधारित हो तो वह निश्चित रूप से मान्य होगा।

उदा. ग्रामीण क्षेत्रों में उपस्थित सभी बैंक शाखांए कम्प्यूटरीकृत होनी चाहिए।

कमजोर तर्क की शर्ते

1. **अस्पष्ट:** तर्क जो अर्थ में स्पष्ट न हो और दिमाग में सन्देह अथवा भ्रम उत्पन्न करता है। एक अस्पष्ट तर्क की तरह लिया जाता है।

उदा. किसी को निश्चित होकर खाना पीना चाहिए क्योंकि कल सबको मरना है।

2. **सामान्य जानकारी:** यदि कोई तर्क यह दर्शाता है कि कथन में किसी बात की नकल की जा रही है तो इस तथ्य को स्वीकृति नहीं दी जा सकती है।

उदा. सचिन को क्रिकेट से सन्यास ले लेना चाहिए क्योंकि उसकी उम्र के अधिकतर खिलाड़ी सन्यास को महत्व देते हैं।

अत: यह कमजोर तर्क है क्योंकि यह अन्य खिलाड़ियों की नकल करने को दर्शाता है।

3. **निरर्थक:** यदि कोई तर्क जो स्वीकार्य न हो तो उसको निरर्थक माना जाता है।

महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय सशक्त और कमजोर तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। सशक्त तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे संबंधित होते हैं। कमजोर तर्क कम महत्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे संबंधित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से संबंधित हो सकते हैं।

निम्नलिखित उदाहरण के साथ तर्क के संदर्भ को अच्छे से समझा जा सकता है-

उदा. मिस्टर X आज के क्रिकेट में सबसे ज्यादा आक्रमण करने वाले बल्लेबाज हैं, इसलिए इसलिए भारत शेष 4 ओवरों में आवश्यक 50 रन बनाएगा।

हल. उपर्युक्त उदाहरण में, तर्क यह निष्कर्ष देता है कि ''भारत शेष 4 ओवरों में आवश्यक 50 रन बनाएगा''। यह निष्कर्ष सहायक साक्ष्य या आधार की सहायता से प्राप्त हुआ है। मिस्टर X आज के क्रिकेट में सबसे अधिक आक्रमण करने वाले बल्लेबाज हैं। निष्कर्ष और आधार इस धारणा से जुड़े हुए हैं (जो सीधे तौर पर नहीं कहा जाता है या अनकहा या छिपा हुआ है) कि ''एक हमलावर बल्लेबाज 4 ओवर में 50 रन बनाने में सक्षम है।''

अब हम दिए गए कथन को तीन भागों में विभाजित कर सकते हैं।

आधार – मिस्टर X आज के क्रिकेट में सबसे अधिक आक्रमण करने वाले बल्लेबाज हैं।

धारणा (छिपा हुआ आधार)- एक हमलावर बल्लेबाज 4 ओवर में 50 रन बनाने में सक्षम है।

निष्कर्ष - भारत को 4 ओवर में 50 रन बनाने होंगे।

प्रश्नों के प्रकार

इस अध्याय के सभी प्रश्नों को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है:

प्रकार I– दो तर्क पर आधारित

प्रकार II– दो से अधिक तर्क पर आधारित

प्रकार I– दो तर्क पर आधारित

उदा.1. **कथन :** क्या बीमा पॉलिसियों में धन का निवेश एक बुद्धिमानी भरा कदम है?

तर्क :

I. हां, यह सुरक्षा सुनिश्चित करता है और जोखिम को कवर करता है।

II. नहीं, जब तक पॉलिसी पूरी होती है, तब तक पैसे का मूल्य काफी कम हो जाता है।

हल. बीमा जीवन और संपत्ति के जोखिम को कवर करने के लिए है और यह बचत को भी बढ़ावा देता है। इसलिए तर्क I सशक्त है। स्पष्ट तर्क की कमी के कारण तर्क II कमजोर है।

उदा.2. **कथन :** क्या महिलाओं को विभिन्न विभागों में आरक्षण देने से समाजिक व्यवस्था भंग होगी ?

तर्क :

I. हाँ, पुरूष और महिलाओं के कार्य प्रकृति द्वारा विभाजित हैं।

II. नहीं, जो व्यक्ति जिस क्षेत्र के लिए उपयोगी व सुयोग्य हो उसे उसके अनुसार ही पद पर प्रतिष्ठित किया जाना चाहिए।

हल. यह सही है कि आरक्षण का फैसला किसी व्यक्ति की पात्रता द्वारा तय किया जाना चाहिए। इसलिए तर्क II सशक्त है। तर्क I कमजोर है क्योंकि वह उचित नहीं है।

उदा.3. **कथन :** क्या सभी विदेशी कम्पनियों को भारत में उनके कारोबार को बंद करने के लिए कह दिया जाना चाहिये?

तर्क :

I. नहीं, यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

II. हाँ, यही एकमात्र तरीका है कि भारतीय कम्पनियां संरक्षित रहकर समृद्धि प्राप्त कर सकती है।

हल. यदि विदेशी कंपनियों ने अपना कारोबार बंद कर दिया तो इससे निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। इसलिए तर्क I सशक्त है। तर्क II कमजोर है क्योंकि ''केवल'' शब्द का उपयोग किया गया है।

उदा.4. **कथन :** क्या दहेज लेने और देने वाले व्यक्ति को कानून के तहत दंडित किया जाना चाहिए?

तर्क :

I. नहीं, दहेज देने वाला व्यक्ति दबाव में है इसलिए उसे दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

II. नहीं, क्योंकि दहेज लेने वाले व्यक्ति को दहेज से आर्थिक मदद मिलती है इसलिए उसे दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

हल. दिए गए दोनों तर्क कमजोर हैं क्योंकि ये कथन का समर्थन नहीं करते हैं। इसलिए तर्क I और II दोनों सशक्त नहीं है।

उदा.5. **कथन :** बढ़ता सड़क यातायात, अवैध पार्किंग, प्रदूषण, सड़क जाम के कारण सरकार को प्रति परिवार केवल 1 चार पहिया वाहन नीति के साथ आना चाहिए?

तर्क :

I. हां, यह सड़क पर वाहनों की संख्या को सीमित कर देगा।

II. नहीं, यह चार पहिया वाहन उद्योग को भारी नुकसान पहुंचाएगा।

हल. I और II दोनों तर्क सशक्त हैं क्योंकि दोनों ही नीति के प्रभाव का वर्णन कर रहे हैं।

प्रकार II– दो से अधिक तर्क पर आधारित

उदा.6. **कथन :** क्या एक या दो साल बाद प्रशासनिक अधिकारी का तबादला कर दिया जाना चाहिए?

तर्क :

I. हां, वे स्थानीय लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हैं और लोग उनके साथ हेराफेरी करते हैं।

II. नहीं, जब तक उनकी नीतियां और योजनाएं आकार लेने लगती हैं, उन्हें छोड़कर जाना पड़ता है।

III. नहीं, इससे बहुत सारी प्रशासनिक बाधाएँ पैदा होंगी और अधिकारियों को बहुत असुविधा होगी।

(1) केवल II सशक्त है।

(2) I और II सशक्त हैं।

(3) II और III सशक्त हैं।

(4) I और III सशक्त हैं।

(5) सभी सशक्त हैं।

हल.(3) प्रशासनिक अधिकारी को स्थानीय लोगों के साथ मित्रवत रहना चाहिए। इसलिए, तर्क I असंगत है और सशक्त नहीं है।

तर्क II और III सशक्त हैं क्योंकि प्रशासनिक अधिकारी को अपनी योजनाओं और नीतियों को लागू करने के लिए

कुछ समय की आवश्यकता होती है। छोटी अवधि के बाद स्थानांतरण अधिकारियों के लिए बहुत असुविधा पैदा करता है।

उदा.7. **कथन :** पिछले कुछ वर्षों में वितरित किए गए शैक्षिक ऋणों के मामले में बैंक भारी NPA से पीड़ित हैं क्योंकि शिक्षा ऋण लेने वाले 50% छात्र आसानी से राशि नहीं चुकाते हैं। क्या बैंकों को अब शिक्षा ऋण प्रदान करना बंद कर देना चाहिए?

तर्क :

I. नहीं, बैंकों को शैक्षिक ऋण प्रदान करना बंद नहीं करना चाहिए, बजाय इसके कि वे ऋणों को पुनर्प्राप्त करने के तरीकों के साथ आएं।

II. नहीं, चूंकि उच्च शिक्षित जनता के निर्माण द्वारा शिक्षा ऋण किसी देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

III. हां, अपने NPA को कम करने और नुकसान को दूर करने के लिए बैंकों को शैक्षिक ऋण प्रदान करना बंद करना चाहिए।

(1) यदि केवल तर्क I और II सशक्त है।

(2) यदि केवल तर्क I और III सशक्त है।

(3) यदि केवल तर्क II और III सशक्त है।

(4) यदि केवल तर्क II सशक्त है।

(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(1) केवल I और II सशक्त हैं क्योंकि शिक्षा ऋण किसी देश के मानव संसाधन विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऋण वितरण को रोकने के बजाय बैंकों को ऋण वसूली और पूर्व-ऋण वितरण विश्लेषण के अधिक विश्वसनीय तरीके बनाने होंगे।

उदा.8–12. नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद तीन (I), (II) और (III) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क 'सशक्त' है और कौन-सा तर्क 'कमजोर' हैं।

(1) केवल I और II सशक्त हैं।

(2) केवल II सशक्त है।

(3) केवल II और III सशक्त हैं।

(4) सभी I, II और III सशक्त हैं।

(5) इनमें से कोई नहीं

उदा.8. **कथन :** क्या, सरकार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर दी गई सभी सहायिकी को वापस ले लेना चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, इससे तेल कंपनियों को अपने उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मक कीमत पर बेचने में बहुत सहायता होगी।

II. नहीं, आम जनता इन उत्पादों को वास्तविक कीमतें अदा करने में समर्थ नहीं है।

III. हाँ, सरकार को इन उत्पादों के लिए सहायकी बंद कर देनी चाहिए और प्राप्त धन विकास परियोजनाओं में लगाना चाहिए।

हल.(1) पहला एवं दूसरा तर्क सशक्त है क्योंकि सरकार उन उत्पादों पर जनता को सहायकी प्रदान करती है जिनका वास्तविक मूल्य अधिक होता है और ऐसे उत्पाद जो जनता के दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण होते हैं अत: सहायकी वापस लेने के उपरान्त जनता को वास्तविक कीमतें अत्यधिक महँगी पड़ेंगी एवं कंपनियाँ उसे अलग-अलग कीमतों पर गुणवत्ता के अनुसार बेचना शुरू करेंगी।

जबकि अन्य कथन में विकास परियोजनाओं के बारे में कुछ नहीं दिया गया है।

उदा.9. **कथन :** क्या, सरकार को देश भर की सभी लघु एवं मध्यम उद्योगों का अधिग्रहण कर लेना चाहिए और उन्हें विशेष सुविधा देना चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, यदि सरकार बेरोजगारी की समस्या को नियंत्रित करना चाहती है तो यह किया जाना चाहिए।

II. नहीं, ऐसे उद्योगों को परिचालित करने की विशेषज्ञता सरकार के पास नहीं है।

III. हाँ, इस प्रकार से रोजगार और उत्पादन दोनों के अवसर उत्पन्न किये जा सकते हैं।

हल.(5)

उदा.10. **कथन :** क्या, IITs और IIMs जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों को भारत सरकार के नियंत्रण से पूर्णत: मुक्त कर दिया जाना चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, विकसित देशों में ऐसे संस्थान गैर-सरकारी एजेंसियों द्वारा चलाए जाते हैं।

II. नहीं, सरकार को राष्ट्रीय हित में इन संस्थानों की कार्य प्रणाली को नियंत्रित करना चाहिए।

III. नहीं, ये संस्थान सुचारू कामकाज के लिए नीतिगत निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं।

हल.(2)

उदा.11. **कथन :** क्या, भारत में संसद के चुनाव देशभर में दो वर्ष के अंतर पर किए जाने चाहिए?

तर्क :

I. हाँ, यह भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने का एकमात्र तरीका है।

II. हाँ, यह देश में एक समुचित नियंत्रण व्यवस्था प्रदान

करेगा।

III. नहीं, कुछ अन्य देश दो वर्षों के अंतर में चुनाव कराते हैं।

हल.(1) तर्क I में 'केवल' शब्द का प्रयोग हुआ है अत: तर्क I कमजोर है क्योंकि यही केवल भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने का एकमात्र तरीका नहीं है। वर्तमान समय में, पाँच साल के अंतराल पर भारत में संसद चुनाव होते है अत: हम यह सुनिश्चित नहीं कर सकते हैं कि दो वर्ष में एक समुचित नियंत्रण व्यवस्था देश को प्रदान कर पाये। अत: तर्क II कमजोर है।

तर्क III भी कमजोर है क्योंकि यहाँ दूसरे देशों से तुलना की गयी है। हम अपने देश की तुलना दूसरे देशों से नहीं कर सकते हैं क्योंकि सभी देश के संविधान अलग-अलग हैं।

उदा.12. कथन : क्या, देश में केन्द्र सरकार और सभी निजी संस्थानों के कर्मचारियों का वेतन ढाँचा एक समान होना चाहिए?

तर्क :

I. नहीं, प्रत्येक निजी संस्थानों को अपने कर्मचारियों की वेतन ढांचा तय करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

II. नहीं, केन्द्र सरकार और निजी संस्थान के कर्मचारियों का कार्यभार और उत्तरदायित्व भिन्न होते हैं अत: वेतन ढाँचा अलग-अलग होना चाहिए।

III. हाँ, सभी सरकारी कर्मचारी और निजी कर्मचारियों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए चाहे वे केन्द्र सरकार के साथ काम कर रहे हों या निजी संस्थानों के साथ।

हल.(1) तर्क I और II सशक्त हैं, क्योंकि दोनों क्षेत्र कर्मचारियों की योग्यता एवं कार्य करने की क्षमता के अनुसार वेतन ढ़ाँचा को सुनिश्चित करने के लिये स्वतंत्र हैं और तर्क III कमजोर है क्योंकि दोनों क्षेत्रों में कई विभिन्नताएं हैं।

उदा.13–17. निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

उदा.13. कथन : हाल ही के एक अध्ययन में यह बताया गया है कि मध्यम मात्रा में मिल्क चॉकलेट के सेवन से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारी से पीड़ित होने का खतरा कम हो जाता है।

उपरोक्त कथन में वर्णित अध्ययन द्वारा निम्न तर्कों में से कौन-सा कमजोर होगा?

(1) युवा होने पर लोग आमतौर पर चॉकलेट खाना पसंद करते हैं।

(2) केंद्रीय तंत्रिका तंत्र से संबंधित निदान न मिलने वालों में अधिकांश लोग अपने जीवन में चॉकलेट खाने से दूर रहे।

(3) चॉकलेट में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के कार्यों को मजबूत करते हैं।

(4) केंद्रीय तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों से पीड़ित अधिकांश लोग मध्यम आयु वर्ग के होते हैं।

(5) जो लोग मधुमेह से पीड़ित हैं उनमें से कई अन्य बड़ी बीमारियों से भी पीड़ित होते हैं।

हल.(2) अध्ययन में बताया गया है कि चॉकलेट केंद्रीय तंत्रिका तंत्र से पीड़ित होने के जोखिम को कम करता है तर्क (2) कमजोर है जो कहता है कि ''केंद्रीय तंत्रिका तंत्र से संबंधित निदान नहीं मिलने वालों में अधिकांश लोग अपने जीवन में चॉकलेट खाने से दूर रहे हैं।''

उदा.14. कथन : अभिनव बिंद्रा स्पष्ट रूप से एक अयोग्य जासूस है। उन्होंने पिछले 3 वर्षों में उन्हें सौंपे गए मामलों का एक छोटा प्रतिशत अर्थात् 25 में से केवल 1 ही हल किया है जो पुलिस बल पर किसी अन्य जासूस की तुलना में कम है।

निम्न में से कौन-सा, यदि सत्य है, तो सबसे अधिक गंभीरता से उपरोक्त तर्क को कमजोर करता है?

(1) क्योंकि पुलिस प्रमुख अभिनव बिंद्रा को सबसे सक्षम जासूस के रूप में मानते हैं, वह उन्हें केवल सबसे कठिन मामले सौंपती हैं, जिन्हें अन्य लोग हल करने में विफल रहे हैं।

(2) एक जासूस बनने से पहले, अभिनव बिंद्रा एक पड़ोसी पुलिस अधिकारी थे और पड़ोस के निवासियों द्वारा उनके द्वारा किए गए गश्त को बहुत सम्मान दिया जाता था।

(3) पुलिस बल पर जासूस, जिन पर अभिनव बिंद्रा सेवाएं प्रदान करते हैं, उन्हें एक बड़े कंप्यूटर डेटाबेस के उपयोग सहित व्यापक संसाधन प्रदान किए जाते हैं, ताकि उन्हें अपराधों को सुलझाने में मदद मिल सके।

(4) अभिनव बिंद्रा पहले एक अन्य शहर में पुलिस विभाग में एक जासूस थे, और 4 साल उन्होंने वहां बिताए, उन्होंने 30 अपराधों में से केवल 1 को हल किया।

(5) पुलिस विभाग के कई अधिकारी जिनमें अभिनव बिंद्रा पिछले 5 वर्षों के भीतर काम पर रखे गए थे या पदोन्नत किए गए थे।

हल.(1) यदि हम ध्यान दें कि अभिनव बिंद्रा सबसे मुश्किल मामलों को प्राप्त करते है, तो क्या कोई यह उम्मीद करेगा कि सबसे मुश्किल मामलों में सफलता की दर कम होगी। ध्यान दें कि प्रश्न में हमसे सबसे कमजोर तर्क पूछा गया है अर्थात् पूर्वानुमान को संबोधित नहीं किया गया जबकि निष्कर्ष पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

उदा.15. कथन : सिगरेट कंपनियों का दावा है कि निम्न और उच्च-निकोटीन दोनों सिगरेटों का निर्माण धूम्रपान करने वालों को यह चुनने की अनुमति देता है कि वें कितना निकोटीन

चाहते हैं। हालांकि, एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि वह व्यक्ति जो प्रतिदिन एक पैकेट सिगरेट का धूम्रपान करता हैं के रक्त में निकोटीन का स्तर, पूरा दिन धूम्रपान करने वाले व्यक्ति में निकोटिन के स्तर के समान हैं, भले ही वें धूम्रपान करते समय सिगरेट में निकोटीन का स्तर कुछ भी ले रहे हो।

निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क 'निकोटीन स्तर की व्याख्या को समझने में अधिक सहायक है' के संबंध में सशक्त है?

(1) रक्त प्रतिदिन निकोटीन की उतनी अधिक मात्रा अवशोषित नहीं कर सकता जितना कि सबसे कम निकोटीन उपलब्ध सिगरेट के एक पैकेट से प्राप्त धुएं से करता है।

(2) सबसे कम निकोटीन वाली सिगरेट के धूम्रपान करने वाले लोग आम तौर पर उच्च-निकोटीन सिगरेट के धूम्रपान करने वालों की तुलना में प्रतिदिन अधिक सिगरेट पीते हैं।

(3) धूम्रपान करने वाले के रक्त में सबसे अधिक निकोटीन अवशोषित होता है, भले ही यह कम मात्रा में दिया गया हो।

(4) सिगरेट में टार का स्तर कुछ उच्च-निकोटीन वाली सिगरेट की तुलना में लो-निकोटीन वाली सिगरेट में अधिक होता है।

(5) जब हम सिगरेट धूम्रपान द्वारा निकोटीन लेना बंद कर देते है तो रक्त में निकोटीन का स्तर लगातार कम हो जाता है।

हल.(1) निकोटीन की अधिकतम मात्रा अवशोषित करने वाले चाहे कम मात्रा अवशोषित करने वाले उन सभी के रक्त में समानता होती है। क्योंकि प्रतिदिन अवशोषित निकोटीन की अधिकतम मात्रा कम निकोटीन सिगरेट वाले एक पैकेट में निकोटीन के बराबर होती है, प्रत्येक व्यक्ति निकोटीन की मात्रा कम-निकोटीन पैक के बराबर ही अवशोषित करता है भले ही वह किसी भी प्रकार की सिगरेट पी रहा हो (अर्थात् सिगरेट के प्रकार की परवाह किए बिना)।

उदा.16. स्थावर संपदा (रीयल स्टेट) के बिल्डरों ने इस वर्ष यथा सरकार द्वारा प्रस्तावित संपत्ति की कीमतें कम करने से इन्कार कर दिया है।

निम्नलिखित में से कौन-सा बिल्डरों द्वारा लिए गए पक्ष को मजबूत बनाता है?

(1) बिल्डरों द्वारा निर्धारित अत्यधिक कीमतों के कारण बहुत कम लोगों ने इस वर्ष प्रोपर्टी खरीदने का साहस किया है।

(2) सीमेन्ट और स्टील जैसी आधारिक सामग्री की सतत बढ़ती हुई कीमत के साथ इस वर्ष बिल्डरों का लाभ 48% कम हो गया है।

(3) कम लागत की आवास सोसाइटियों के निर्माण की सरकारी योजना में बिल्डरों ने भारी लाभ कमाया है।

(4) एक राष्ट्रीय दैनिक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, एक बिल्डर द्वारा प्रति वर्ग फुट अर्जित लाभ उसकी लागत कीमत के अस्सी प्रतिशत जितना है।

(5) बिल्डरों को स्थावर संपदा (रीयल स्टेट) की कीमतों के नियंत्रण संबंधी सरकारी डिग्री का आवश्यक पालन करना होता है।

हल.(2) बिल्डर ने कीमतों को नीचे लाने से मना कर दिया और हमें उस तर्क को ज्ञात करने की आवश्यकता है जो इस लेखक के कथन का समर्थन करता है। कीमतें सीधे निर्माण सामग्री की कीमतों से सम्बन्धित हैं अतः यहाँ 2, बिल्डरों द्वारा दिये गये तर्क का समर्थ करेगा।

उदा.17. एक समिति ने खेल मंत्रालय को खेल-कूद के क्षेत्र में दो खिलाड़ियों से उच्चतम पुरस्कार वापस लेने के लिए सूचित किया है जिन पर मैच फिक्सिंग से संबंद्ध होने का आरोप था।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन खेल मंत्रालय को दिए गए समिति के तर्क को कमजोर बनायेगा?

(1) पिछला अच्छा व्यवहार और खिलाड़ियों के खिलाफ सबूत का अभाव उनके विरूद्ध मामले को बहुत कमजोर बना देते हैं।

(2) समिति द्वारा पूर्व में की गई सिफारिशों को खेल मंत्रालय ने कभी भी अस्वीकार नहीं किया है।

(3) खिलाड़ियों से पुरस्कार वापस लेना अन्य खिलाड़ियों के लिए भविष्य में ऐसे कृत्य नहीं करने के लिए अच्छा उदाहरण होगा।

(4) पहले भी ऐसे मामले हुए हैं, जिनमें बाद में किसी कदाचार के कारण खिलाड़ियों से पुरस्कार वापस लेना पड़ा था।

(5) यह समिति खेल और राजनीति के क्षेत्र से अत्यधिक प्रतिष्ठित और माननीय सदस्यों से बनी है।

हल.(1) इस कथन में यह गर्व की बात है कि अपने खिलाड़ी से वापस सर्वोच्च पुरस्कार वापस लेना और हमें उस तर्क को ज्ञात करने की आवश्यकता है जो दिये गये को कमजोर करता है। जैसा कि अतीत में साक्ष्य की कमी और अच्छा व्यवहार निश्चित रूप से तर्क को कमजोर करेगा। अतः यहाँ 1, तर्क को कमजोर कर देगा।

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-2. महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय सशक्त और कमजोर तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। सशक्त तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे संबंधित होते हैं। कमजोर तर्क कम महत्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे संबंधित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से संबंधित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क सशक्त है और कौन सा कमजोर है। उत्तर दीजिए –

(1) यदि केवल तर्क I सशक्त है।
(2) यदि केवल तर्क II सशक्त है।
(3) यदि या तो तर्क I या तर्क II सशक्त है।
(4) यदि न तो तर्क I न II सशक्त है।
(5) यदि दोनों तर्क I और II सशक्त हैं।

प्र.1. **कथन :** क्या बड़े शहरों में सड़क पर दुकाने लगाने वालों को बलपूर्वक गाँव भेज देना चाहिए?

तर्क : **I.** नहीं, यह असंगत है और लोगों को अपने व्यापार के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

II. नहीं, इन लोगों को शहर में एक निश्चित स्थान पर उनके व्यवसाय को स्थापित करने के लिए भेजना चाहिए।

प्र.2. **कथन :** क्या भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बैंकों का अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की तरह एक चरणबद्ध रूप से निजीकरण होना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, यह बैंकों को प्रतिस्पर्धा में लाने के लिए और जनता के लिए बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए सक्षम बनाने के लिए एकमात्र तरीका है।

II. नहीं, सभी बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर जा सकते हैं।

प्र.3-7. नीचे प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क संख्याकित I और II हैं। आपकों तय करना है कि इनमें से कौन-से तर्क दमदार (सशक्त) तथा कौन-सी लचर (खोखली) है। महत्वपूर्ण प्रश्नों पर निर्णय करते समय जहाँ तक प्रश्न का संबंध है उनके बीच में दमदार (सशक्त) दलीलों तथा लचर (खोखली) दलीलों का अंतर करने की योग्यता वांछनीय है। दमदार दलीलें वह होती हैं जो प्रश्न से प्रत्यक्षत: संबंधित हो तथा उसके महत्वपूर्ण पहलुओं से संबंधित हों। लचर दलीलें वह है जो प्रश्न के गौण अथवा मामूली महत्व को ध्यान में रखकर दी जाती हैं तथा वह प्रश्न से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी नहीं होती है। उत्तर दीजिए-

(1) यदि केवल तर्क I सशक्त है।
(2) यदि केवल तर्क II सशक्त है।
(3) यदि या तर्क I या II सशक्त है।
(4) यदि न तो तर्क I न ही तर्क II सशक्त है।
(5) यदि दोनों तर्क I और II सशक्त है।

प्र.3. **कथन :** क्या संगणक ज्ञान को भारत में सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट (एस.एस.सी.) परीक्षा में अनिवार्य विषय बना दिया जाना चाहिए?

तर्क : **I.** नहीं, हमारी जरूरत सभी के लिए 'जीविका (रोटी)' है, हम पश्चिमी म२डल का पालन नहीं कर सकते।

II. हां, वर्तमान और भविष्य की मांग के अनुसार, कंप्यूटर ज्ञान हमारे बच्चों के लिए आवश्यक है।

प्र.4. **कथन :** क्या भारत में मतदाता होने के लिए साक्षरता ही न्यूनतम कसौटी होनी चाहिए?

तर्क : **I.** नहीं, किसी व्यक्ति की राजनीतिक परिपक्वता की गारण्टी केवल साक्षरता ही नहीं है।

II. हाँ, निरक्षर लोगों को राजनीतिक रूप से किसी व्यक्ति एवं दल के अभ्यर्थी का चयन करने में कम समझदारी रहती है।

प्र.5. **कथन :** क्या भारत की सभी सार्वजनिक क्षेत्र की बीमारी इकाइयों में एच्छिक सेवा निवृत्ति की योजना लागू की जानी चाहिए ?

तर्क : **I.** हाँ, अधिक एवं अक्षम कर्मचारीगण ही सार्वजनिक क्षेत्र की बीमारी इकाइयों में ऐच्छिक सेवा निवृत्ति की योजना लागू की जानी चाहिए।

II. हाँ, विकसित देशों में निजी एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ यही तो करती है।

प्र.6. **कथन :** क्या डाक सेवा का भारत में निजीकरण कर दिया जाना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, इससे भारत के नागरिकों का जीवन सरल हो जाएगा।

II. नहीं, निजीकरण सभी समस्याओं की रामबाण दवा नहीं है। यहाँ तक कि निजी सेवाएँ भी समान रूप से बुरी हो सकती है।

प्र.7. **कथन :** क्या भारत के सभी सरकारी कार्यालयों में केवल सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को ही सरकारी नौकरी देने का नियम लागू किया जाना चाहिए?

तर्क : **I.** नहीं, इससे बहुत से योग्य व्यक्तियों को अवसर से विमुख होना पड़ेगा तथा आगे चलकर सरकार को हानि उठानी पड़ सकती है।

II. नहीं, यह समानता के सिद्धांत के विरूद्ध है तथा क्या सरकार का अपने सभी नागरिकों के साथ दायित्व नहीं है।

प्र.8-11. मुख्य प्रश्नों के मामले में निर्णय लेते समय, 'सशक्त' व 'कमजोर' कथन के बारे में निर्णय लेना वांछनीय है। सशक्त तर्क महत्वपूर्ण व कथन से सीधे सम्बन्धित होता है। जबकि कमजोर तर्क प्रश्न से सम्बन्धित नहीं होता व कम महत्वपूर्ण होता है। नीचे दिए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क दिए हैं, आपको सशक्त व कमजोर तर्क का निर्णय करना है।

उत्तर दीजिए -

(1) यदि केवल तर्क I सशक्त है।

(2) यदि केवल तर्क II सशक्त है।

(3) यदि तर्क I या II सशक्त है।

(4) यदि कोई भी सशक्त नहीं है।

(5) यदि दोनों I और II सशक्त है।

प्र.8. **कथन :** क्या सरकारी कार्यालयों में अफसरों की नियुक्ति की न्यूनतम आयु बढ़ायी जानी चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, आयु बढ़ने के साथ, सेवा निवृत्ति के समय कार्यालयों में लोग उम्र दराज दिखते हैं।

II. नहीं, यह देश में बेरोजगारी की समस्या को और बढ़ाएगा।

प्र.9. **कथन :** क्या मुम्बई में भूमिगत यातायात व्यवस्था को लागू करना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, यात्रियों की परेशानी व प्रदूषण दोनों कम होगा।

II. नहीं, यह राष्ट्रीय खर्च पर अत्यधिक बोझ डालेगा

प्र.10. **कथन :** क्या, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के प्रथम श्रेणी के अधिकारियों के बच्चों को नौकरी में आरक्षण देना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, सभी अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को, उनके अभिभावकों के पद पर बिना ध्यान दिए, आरक्षण देना चाहिए।

II. नहीं, ऐसे बच्चों के अभिभावकों के उच्च पद पर होने के कारण उनको नौकरी की आवश्यकता नहीं है।

प्र.11. **कथन :** क्या, केन्द्रीय लोक सेवा आयोग के प्रत्येक परीक्षा में अंग्रेजी भाषा की परीक्षा अवश्य होना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, यह भारत में अंग्रेजी प्रसार का एक मात्र तरीका है।

II. नहीं, अंग्रेजी ऐसी भाषा नहीं है जिसे भारत के सभी भागों में पढ़ा, लिखा व समझा जा सकता हो, अतः कार्यालयों में इस भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

प्र.12-16. महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय सशक्त और कमजोर तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। सशक्त तर्क महत्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे संबंधित होते हैं। कमजोर तर्क कम महत्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे संबंधित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से संबंधित हो सकते हैं।

नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद तीन तर्क I, II और III दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क सशक्त है और कौन-सा कमजोर है।

प्र.12. **कथन :** क्या सरकार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की खुदरा कीमतों का अविनियमन कर कीमतों को बाजार की स्थिति के अनुसार चलने देना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, इससे तेल कंपनियों, को अपने उत्पाद प्रतिस्पर्धा कीमत पर बेचने में बहुत सहायता होगी।

II. नहीं, आम जनता इन उत्पादों के लिए बाजार आधारित कीमतें अदा करने के लिए समर्थ नहीं है।

III. हाँ, सरकार को इन उत्पादों के लिए बाजार आधारित कीमतें अदा करने के लिए समर्थ नहीं है।

(1) केवल I और II सशक्त है। (2) केवल I और III सशक्त है। (3) केवल II और III सशक्त है।
(4) सभी I, II और III सशक्त है। (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.13. **कथन :** क्या सरकार को देश भर के सभी निजी परिवहन कंपनियों को ले लेना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, जैसे सरकार रेल चलाती है वैसे ही यह किया जाना चाहिए।

II. नहीं, ऐसे परिचालन संभालने की विशेषज्ञता सरकार के पास नहीं है।

III. हाँ, इस प्रकार आम जनता को प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कम्पनियों के चंगुल से छुड़ाया जा सकता हैं।

(1) केवल I सशक्त है। (2) केवल I और II सशक्त है। (3) केवल II और III सशक्त है।
(4) सभी I, II और III सशक्त है। (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.14. **कथन :** क्या सभी मानित विश्वविद्यालयों की मान्यता रद्द् कर उन्हें भारत में किसी केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय के साथ जोड़ दिया जाना चाहिए?

तर्क : **I.** हाँ, इन मानित विश्वविद्यालय में से कई संपूर्ण विश्वविद्यालयों के आवश्यक मानकों के समानुरूप नहीं है अत: शिक्षा के स्तर के साथ समझौता किया जाता है।

II. नहीं, ये मानित विश्वविद्यालय, विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं के उपयुक्त नवीन पाठ्यक्रम लागू कर पाए हैं क्योंकि ये सख्त सरकारी नियंत्रणों से मुक्त हैं।

III. हाँ, यह बहुत से विश्वविद्यालयों की मूलत: धन कमाने की गतिविधियां हैं और इन संस्थानों में शिक्षा को कम महत्व दिया जाता है।

(1) केवल I और II सशक्त है। (2) केवल II और III सशक्त है। (3) केवल I और III सशक्त है।
(4) सभी I, II और III सशक्त है। (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.15. **कथन :** क्या भारत में सिंचाई हेतु भूमिगत जल खींचने पर उच्चतम सीमा लगाई जानी चाहिए?

तर्क : **I.** नहीं, भारत में खाद्यान्न उत्पादन हेतु सिंचाई बहुत महत्वपूर्ण है और देश के बहुत से भागों में यह भूमिगत जल पर अत्यधिक निर्भर है।

II. हाँ, देश के कुछ भाग जहाँ सिंचाई प्राथमिकत: भूमिगत जल पर निर्भर है वहाँ भूमिगत जल का स्तर अत्यधिक नीचा चला गया है। इसका नतीजा पर्यावरण के लिए गंभीर हो सकता है।

III. हाँ, भारत अब और भूमिगत जल खींच नहीं सकता क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत को इसके खिलाफ चेतावनी दी है।

(1) केवल I और II सशक्त हैं। (2) केवल II और III सशक्त हैं। (3) केवल I और III सशक्त हैं।
(4) सभी I, II और III सशक्त हैं। (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.16. **कथन :** क्या भारत के बड़े शहरों में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण पर प्रतिबंध लगना चाहिए?

तर्क : **I.** नहीं, भारत के बड़े शहरों में बढ़ती जनसंख्या के रहने के लिए खाली जमीन के पर्याप्त प्लाट नहीं है।

II. हाँ, बहुमंजिला इमारतों के निर्माण से सिर्फ बिल्डरों और डेवलपरों को फायदा होता है।

III. हाँ, नई बहुमंजिला इमारतों के निर्माण की अनुमति देने से पहले सरकार को मौजूदा इमारतों को पर्याप्त संरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए।

(1) केवल II सशक्त है। (2) केवल III सशक्त हैं। (3) केवल I और III सशक्त हैं।
(4) केवल I सशक्त है। (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.17-19. निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।

प्र.17. भर्ती हेतु परीक्षा लेने के बदले बहुत से संगठन ग्रेजुएट/पोस्ट-ग्रेजुएट स्तर की परीक्षाओं में कार्य निष्पादन के आधार पर भर्ती करने लगे हैं।

उक्त कथन में दिए गए तर्क को निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मजबूत बनायेगा?

(1) हाल ही के एक अध्ययन ने यह दर्शाया है कि पिछले कार्य निष्पादन का भर्ती परीक्षाओं में निष्पादन से कोई संबंध नहीं है।

(2) ग्रेजुएट/पोस्ट-ग्रेजुएट परीक्षाओं को काम संबंधी परिदृश्य में प्रशिक्षित करने में बहुत ही अदक्ष माना गया है।

(3) ग्रेजुएट/पोस्ट-ग्रेजुएट परीक्षाओं के आधार पर भर्ती करने वाले संगठनों ने भर्ती किये गये कर्मचारियों की गुणवत्ता में बहुत गिरावट रिपोर्ट की है।

(4) ऐसी नीति से ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन में औसत से नीचे के कार्य निष्पादन वाले विद्यार्थियों में बेरोजगारी की वृद्धि होगी।

(5) ऐसी नीतियों से संगठन के समय, धन और संसाधन में बचत होगी जो भर्ती परीक्षाओं के आयोजन में बरबाद होते हैं।

प्र.18. हाल ही के एक सरकारी निर्देश के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र की बैंक की सभी शाखाओं का कंप्यूटरीकरण किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सरकार के तर्क को कमजोर बना देगा?

(1) शहरी क्षेत्रों में बैंक की शाखाओं के कंप्यूटरीकरण ने उनके कार्य निष्पादन को अधिक दक्ष और तेज बनाने में सहायता की है।

(2) दक्ष और अर्हता प्राप्त मानव शक्ति की कमी का उचित रूप से बैंकों में कंप्यूटरों द्वारा पूरा कर दिया गया है।

(3) ग्रामीण क्षेत्र की अंकप्यूटरीकृत शाखाएँ अपने कंप्यूटरीकृत प्रतिपक्ष जितनी ही दक्ष साबित हुई हैं।

(4) सरकार ने बैंकों की सभी भर्ती परीक्षाओं में कंप्यूटर ज्ञान के लिए एक विशेष परीक्षा शुरू की है।

(5) अधिक से अधिक व्यावसायिकों को कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी नियंत्रित की जा सकती हैं।

प्र.19. हाल ही में किए गए एक अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, यह रिपोर्ट किया गया है कि पके हुए आम के नियमित उपभोग से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है क्योंकि यह रक्त प्रवाह में पोटैशियम का स्तर बढ़ा देता है।

उपरोक्त कथन में बताए गए निष्कर्षों का निम्न में से कौन-सा विरोध करता है?

(1) रक्त प्रवाह में पोटैशियम के बढ़े हुए स्तर से स्वास्थ्य की गुणवत्ताा बढ़ जाती है।

(2) यह पाया गया है कि नियमित रूप से पके हुए आम खाने वाले बहुत से लोग हाइपरटेंशन से पीड़ित थे।

(3) पके आम खाने से शरीर में एंटी-ऑक्सिडेंट जमा करने में मदद मिलती है।

(4) पका आम कई विटामिनों का अच्छा स्रोत है।

(5) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या

प्र.1.(5) कथन के अनुसार दोनो तर्क सशक्त है।

प्र.2.(4) कथन के अनुसार दोनो तर्क सशक्त नहीं है।

प्र.3.(2) हम शिक्षा के साथ जीविका (रोटी) की तुलना नहीं कर सकते। इसलिए तर्क I कमजोर है।

प्र.4.(5) तर्क I सशक्त है क्योंकि यदि कोई शिक्षित है तो वह राजनीतिक परिपक्वता की गारंटी नहीं देता है। II तर्क सशक्त है क्योंकि यदि एक शिक्षित है तो वह राजनीतिक रूप से सही निर्णय ले सकता है।

प्र.5.(1) तर्क I सशक्त है क्योंकि यह कारण को वर्णित करता है लेकिन हम अन्य देशों की तुलना नहीं कर सकते इसलिए II तर्क सशक्त नहीं हो सकता है।

प्र.6.(2) तर्क I सशक्त नहीं है क्योंकि यह जीवन सहज बनाता है हम इस संदर्भ की पुष्टि नहीं कर सकते हैं, लेकिन तर्क II सशक्त है क्योंकि प्राइवेट और सरकारी दोनों में समान अवगुण है।

प्र.7.(5) दोनों सशक्त है क्योंकि I में, यह कई योग्य व्यक्तियों के लिए अवसर को परिभाषित करता है और II में, यह सत्य है कि सभी को समानता का अधिकार है।

प्र.8.(2) I सशक्त नहीं है लेकिन II सशक्त है क्योंकि भारत में बेरोजगारी की समस्या बहुत बड़ी है।

प्र.9.(1) तर्क I सशक्त नहीं है क्योंकि यदि कोई काम जनता के लिए लाभकारी है तो वह अच्छा है लेकिन II सशक्त नहीं

है क्योंकि प्रत्येक अच्छा काम रोजकोष पर बोझ है। तो फिर धन का उपयोग क्या है?

प्र.10.(4) I सशक्त नहीं है क्योंकि यदि उनके अभिभावक उच्च रैंक पर हैं तो उन्हें आरक्षण की आवश्यकता नहीं है। II सशक्त नहीं है क्योंकि सभी नौकरी पाना चाहते हैं चाहे वह किसी भी जाति से संबंधित हो।

प्र.11.(4) I सशक्त नहीं है क्योंकि 'केवल' शब्द का प्रयोग हुआ है। II भी सशक्त नहीं है क्योंकि हम कार्यालय के कार्य के संबंध में बात नहीं कर रहे हैं।

प्र.12.(5) प्रतिस्पर्धा किसी भी कंपनी को लाभ पहुँचाने में सहायक होती है अत: तर्क I सशक्त है। यह तय कर पाना मुश्किल है कि जनता बाजार पर आधारित कीमते अदा करने में असमर्थ है क्योंकि इसमें दोनों प्रकार की जनता शामिल है। अमीर तथा गरीब अत: तर्क II सशक्त नहीं है। यह भी विकास का ही एक भाग है। अत: एक विकास को अवरूद्ध कर दूसरी परियोजनाओं पर धन लगाना सही नहीं है अत: तर्क III सशक्त नहीं है।

प्र.13.(5) रनिंग रेलवे और पैसेंजर ट्रांसपोर्ट सिस्टम को लगता है कि इनकी अलग-अलग विशेषताएं हैं, इसलिए इनकी तुलना नहीं की जानी चाहिए। इसलिए I कमजोर है। II कमजोर है क्योंकि यह कथन बताता है कि सरकार के पास ऐसी कोई विशेषज्ञता नहीं है, इसलिए यह जरूरी नहीं है कि यह सत्य हो। सरकार द्वारा प्राइवेट कम्पनी को अधिग्रहीत करने का संभावित कारण यह हो सकता है कि प्राइवेट कम्पनी से सामान्य जनता को परेशानी हो अत: यदि कम्पनी को सरकार द्वारा अधिग्रहित करने से सामान्य जनता को राहत मिलती है तो तर्क III सशक्त है।

प्र.14.(1) केवल तर्क I और II सशक्त है क्योंकि दोनों तर्क कथन से सीधे सम्बन्धित है जबकि III सशक्त नहीं है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है।

प्र.15.(1) तर्क A सशक्त है क्योंकि यह सत्य है और सूचना से संबंधित है। B भी सशक्त है क्योंकि यह उस स्थान की बात करता है जहाँ समस्या हो सकती है। तर्क C सशक्त नहीं है। यह पूरे देश में लागू नहीं हो सकती है।

प्र.16.(4) तर्क A सशक्त है क्योंकि यह प्रमाणित करता है कि प्रतिबंध क्यों आवश्यक नहीं है। तर्क B और C सशक्त नहीं है क्योंकि यह प्रतिबंध का कारण नहीं हो सकते हैं।

प्र.17.(5)

प्र.18.(3)

प्र.19.(2) जो लोग पके आम खा रहे हैं सभी हाइपरटेंशन से पीड़ित हैं यह नहीं कहा जा सकता।

नोट्स

अनुमान निर्धारण
(Drawing Inference)

Scan the QR code to get video of this chapter.

अनुमान एक निष्कर्ष पर तैयार किया जाता है जो उपलब्ध तथ्यों के ज्ञान पर आधारित होता है। अनुमान पर आधारित प्रश्नों में, अनुच्छेद के आधार पर कुछ कथन दिए जाते हैं। दी गई सूचना के आधार पर हमें कथनों की सत्यता या असत्यता को जाँचना होता है।

हर कथन को इन पाँच श्रेणी में रखा जा सकता है:

1. निश्चित रूप से सत्य 2. संभवत: सत्य 3. आँकड़े अधूरे
4. संभवत: असत्य 5. निश्चित रूप से असत्य

निर्देश: प्रत्येक प्रश्न में एक अनुच्छेद दिया गया है तथा उसके पश्चात उस पर आधारित अनुमान दिए गए हैं। आपको दिए हुए अनुमानों को अनुच्छेद के सन्दर्भ में अलग अलग जाँच करनी है और अनुमान की सत्यता या असत्यता की डिग्री का निर्णय करना है।

(1) पूर्णत: सत्य (100% सही)
(2) संभवत: सत्य (51% से 99% तक सही)
(3) आंकड़े अधूरे (कोई सम्बन्ध नहीं)
(4) संभवत: असत्य (51% से 99% तक गलत)
(5) निश्चित रूप से असत्य (100% गलत)

उदाहरण

भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र है, परन्तु गरीबी अभी भी बाकी है। गरीबी एक पुरानी घटना है और यह केवल एक ही रात में दूर नहीं की जा सकती। भारत कई सालो से इसके वशीभूत बन रहा है और विदेशियों ने इस गौरवशाली राष्ट्र को और भी गरीब बना दिया है जो एक समय में एशिया, अफ्रीका, यूरोप यहाँ तक अमेरिका के दूसरे राष्ट्रों को कपड़ा और दूसरी सामग्री सप्लाई किया करता था लेकिन अब भारत काफी औद्योगीकृत हो गया है तथा जल्द ही भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार आएगा। जल्द ही भारत उस शासनकाल के सदमे से भी उबर जायेगा जो कभी भारत में हुआ करता था।

अनुमानतः

भारत एक महान राष्ट्र है जो अभी गरीबी को दूर करने का प्रयास कर रहा है।

कुंजी शब्द: 'अभी भी है', 'जो कभी हमारे देश में हुआ करता था'।

हल करने के लिए टिप्स: अनुमान निर्धारण के प्रश्नों को हल करने के लिए हमें जरूरत है अपनी विश्लेषण शक्ति बढ़ाने की और प्रश्न के सापेक्ष में व्यवहारिक सोच अपनाने की।

दृष्टिकोण करने के लिए:

विकल्प को हटाने की विधि प्रयोग करे •सभी पर कार्य करे

सबसे सटीक विकल्प को कथन से जोड़े •सबसे बेहतर निष्कर्ष को निकाले

उदा.1-5. नीचे दिए गए गद्यांश में दिए गए तथ्यों के आधार पर संभावित अनुमान दिए गए हैं। आपको प्रत्येक अनुमान का गद्यांश के संदर्भ में निरीक्षण करना है और उसकी सत्यता या असत्यता की सीमा निर्धारित करनी है। उत्तर दीजिए –

(1) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से सत्य है' अर्थात् यह दिए गए तथ्यों का पूर्णत: पालन करता है।
(2) यदि अनुमान 'संभवत: सत्य है' अगर दिए गए तथ्यों के आधार पर निश्चित रूप से सत्य नहीं है।
(3) 'जानकारी अपर्याप्त है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि अनुमान सत्य है या असत्य।
(4) यदि अनुमान 'संभवत: असत्य' है अगर तथ्यों के आधार पर पूर्णत: असत्य नहीं हैं।
(5) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह पूर्णत: विरोधाभासी है।

एक दशक की अवधि से केन्द्र सरकार के घटते बजटीय सहयोग ने रेलवे के योजना खर्च को वित्तीय सहायता की क्षमता को गम्भीर रूप से प्रभावित किया है। स्थिति अब ऐसी हो गई है कि अब रेलवे को अपने निवेश से लम्बे परिणाम लेने के नए तरीके खोजने होंगे। वस्तुत: स्रोतों की कमी ने रेलवे के ऊपर गम्भीर प्रभाव डाला है। परिणामस्वरूप यह आवश्यक उपकरण खरीदने की स्थिति में नहीं है और यह भविष्य में अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने की रेलवे क्षमता को गम्भीर रूप से प्रभावित करेगा।

उदा.1. रेलवे ने अभी तक आय के पारम्परिक तरीकों पर विश्वास किया है।

उदा.2. सरकार ने अपनी प्राथमिकता रेलवे से दूसरे क्षेत्रों की ओर कर ली है।

उदा.3. केन्द्र सरकार ने पिछले दशक में रेलवे का बजटीय सहयोग तेजी से घटाया है।

उदा.4. रेलवे की वित्तीय स्थिति पिछले योजना सत्र में वर्तमान योजना सत्र से अच्छी थी।

उदा.5. वर्तमान योजना सत्र के दौरान रेलवे अपना नेटवर्क बढ़ाने में सक्षम नहीं होगा।

हल.1-5.

हल.1.(2) **हल.2.(3)** **हल.3.(1)**

हल.4.(3) **हल.5.(2)**

उदा.6-7. नीचे दिए गए गद्यांश में दिए गए तथ्यों के आधार पर संभावित अनुमान दिए गए हैं। आपको प्रत्येक अनुमान का गद्यांश के संदर्भ में निरीक्षण करना है और उसकी सत्यता या असत्यता की सीमा निर्धारित करनी है।

(1) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से सत्य' है अर्थात् यह दिए गए तथ्यों का पूर्णत: पालन करता है।

(2) यदि अनुमान 'संभवत: सत्य' है अगर दिए गए तथ्यों के आधार पर निश्चित रूप से सत्य नहीं है।

(3) यदि 'जानकारी अपर्याप्त' है अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि अनुमान सत्य है या असत्य,

(4) यदि अनुमान 'संभवत: असत्य' है अगर तथ्यों के आधार पर पूर्णत: असत्य नहीं हैं।

(5) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य' है अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह संभव नहीं हो सकता या पूर्णत: विरोधाभासी है।

प्रार्थना के पक्ष में सबसे अनुभवजन्य तर्क यह है कि यह मन को तनाव से राहत दिलाती है जिसका, जीवन में जल्दबाजी व चिंता के कारण होना स्वाभाविक है। यह मानसिक दबाव को समाप्त करती है और अवचेतन मन को शुद्ध करती है। यह आशा और ऊर्जा की अतिरिक्त मात्रा मुक्त करती है और इस प्रकार एक व्यक्ति को जीवन का सामना करने में और अधिक सक्षम बनाती है। जीवन हमेशा मात्र मिठास, आनंद और सफलता का नाम नहीं है यह अथक परिश्रम, दर्द व विफलता भी है।

उदा.6. उप चेतना हमारे जीवन में कोई भूमिका नहीं निभाती है।

हल.(5) अनुमान निश्चित रूप से गलत है क्योंकि यह पैसेज में दिया गया है कि प्रार्थना अवचेतन को शुद्ध करती है। इसलिए, हमारे जीवन में अवचेतन की भूमिका होती है।

उदा.7. प्रार्थना सभी धर्मों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

हल.(3) डेटा पर्याप्त नहीं है क्योंकि यह पैसेज में कहीं भी नहीं दिया गया है कि क्या प्रार्थना सभी धर्मों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है या नहीं।

उदा.8. **कथन:** अगली बार, जब आप बस से यात्रा करते समय अपना सामान खो देते हैं या किसी दुर्घटना के साथ मिलते हैं, तो आपको अपने समान के लिये कही भी जाने और इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। निम्नलिखित में से कौन सी दी गई जानकारी से अनुमान लगाया जा सकता है? (अनुमान ऐसा है जो सीधे तौर पर नहीं बताया गया है लेकिन दी गई जानकारी से अनुमान लगाया जा सकता है।)

(1) ग्राहक के दावों और नुकसान का तुरंत निपटान होगा।

(2) सभी यात्रियों का विवरण आधार कार्ड के साथ जोड़ा जाएगा।

(3) नुकसान बस कंपनी के माध्यम से किसी भी बीमा कंपनी द्वारा कवर किया जाएगा।

(4) बस कंपनी द्वारा दावे और नुकसान का सीधा निपटान होगा।

(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(1) यह दिए गए कथन का उपयुक्त अनुमान होगा।

नवीनतम पैटर्न के आधार पर।

उदा.9. **कथन:**

"हम अपने ब्रांड का नाम को इस प्रकार बदलना होगा कि वह 'Z' खिलौने के समान प्रतीत हो जिससे की हमें अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो। 'XYZ' कंपनी में एक कार्यकर्त्ता। कार्यकर्त्ता के निम्नलिखित बयान से कौन-सा अनुमान लगाया जा सकता है?

(1) 'Z' खिलौने की बाजार में काफी अच्छी पकड़ है।

(2) 'XYZ' एक नया ब्रांड है जिसे बाजार में हाल ही में लांच किया गया है।

(3) अधिकांश दूसरी कंपनियों के नाम 'Z' के समान है।

(4) 'XYZ' खिलौना कंपनी वर्तमान में घाटे में जा रही है।

(5) ब्रांड का नाम एकलौता घटक 'XYZ' है।

अनुमान : चूंकि "XYZ" कंपनी की बाजार में मजबूत पकड़ रही है वे नहीं चाहते की उनकी बाज़ार में स्तिथि ख़राब हो।

हल.(1) "XYZ" कंपनी की खिलौने के बाज़ार में मज़बूत पकड़ है।

उदा.10. **कथन:** हाईब्रिड कारें पर्यावरण के लिए अच्छी हैं परन्तु वे उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है जितना केवल गैसोलीन से चलने वाली कारें। टोयटा की कारें बहुत उम्दा गैस माइलेज देती हैं और बहुत कम उत्सर्जन करती हैं जो एक बहुत अच्छा विकल्प साबित हो रहा है हालांकि कई लोगों को यह बेडोल लगता है। दूसरे मॉडल्स की तुलना में कीमतों में भी जल्दी में तेजी नहीं ला पाते, न ही इतने यात्रियों को जगह दे सकते हैं जितना एक गैस वाली "SUV' दे सकती है। हालांकि वे ईंधन पर पैसे बचाती है, हाइब्रिड कारें, गैस की कारों की तुलना में अधिक लागत लेती है। एक हाईब्रिड कार गैसोलीन की कार की तुलना में लगभग 3500$ तक की अधिक लागत ले सकती है।

आप निम्न में से कौन-सा अनुमान लगा सकते हैं?

(1) हाईब्रिड कारें अन्य विकल्पों की तुलना में अधिक खतरनाक होती हैं।

(2) टोयोटा इन कीमतों से बहुत सारा पैसा बना रही है।

(3) गैसोलीन से चलने वाली कारें पर्यावरण को नष्ट करने जा रही है।

(4) हाईब्रिड कारें हर किसी के लिए सबसे अच्छीपसंद नहीं हो सकती।

(5) हाईब्रिड कारें पर्यावरण के अनुकूल नहीं हैं।

हल.(4) कथन से अनुमान लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति का परिवार बड़ा है या उसके पास पैसे की कमी है या ऐसी कार की आवश्यकता है जिसे जल्दी से तेज़ किया जा सके तो हाइब्रिड कारें उसके लिए एक बेहतर विकल्प हैं।

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-5. नीचे दिए गये गद्यांश में तथ्यों के आधार पर संभावित अनुमान दिए गए हैं। आपको प्रत्येक अनुमान का गद्यांश के संदर्भ में निरीक्षण करना है, और उसकी सत्यता या असत्यता की सीमा निर्धारित करनी है। उत्तर दीजिए -

(1) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से सत्य है' अर्थात् यह दिए गए तथ्यों का पूर्णत: पालन करता है।

(2) यदि अनुमान 'संभवत: सत्य है' अगर दिए गए तथ्यों के आधार पर निश्चित रूप से सत्य नहीं है।

(3) 'जानकारी अपर्याप्त है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि अनुमान सत्य है।

(4) यदि अनुमान 'संभवत: असत्य है' यदि तथ्यों के आधार पर पूर्णत: असत्य नहीं है।

(5) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह पूर्णत: विरोधाभासी है।

आर्थिक उदारीकरण और भूमंडलीकरण ने भारतीय उद्योग, विशेषकर सेवा क्षेत्र पर कम कीमत पर और तेज गुणवत्तापरक उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराने का दबाव बना दिया है। संस्थाओं को विदेशों के असमान भागीदारों से प्रतिस्पर्द्धा है। सब अच्छी तरह जानते हैं कि भारत, जैसे विकासशील देश प्रौद्योगिकी की दृष्टि से और दूसरे कई क्षेत्रों में दूसरे देशों से हालांकि पीछे हैं उनमें से कुछ एक खासकर भारत, विशाल वैज्ञानिक और तकनीकी श्रमशक्ति का दम भरता है। इसके अलावा, उद्यमी या उद्योगपति को अपना बहुत सा समय, धन और ऊर्जा अनुमेय सेवाओं से निपटने और स्थानीय नौकरशाही से बचने के लिए खर्च करनी पड़े, तो इसका व्यवसाय पर अत्यधिक दुष्प्रभाव पड़ सकता हैं।

प्र.1. भारत के सिवा अन्य कोई प्रगति शील देश यह दावा नहीं करता है कि उनके पास उच्च-प्रशिक्षण-प्राप्त तकनीकी श्रमशक्ति है।

प्र.2. घरेलू कंपनियों की तुलना में विदेशी कंपनियां बिना देरी के गुणवत्तापरक सेवा उपलब्ध कराने की दृष्टि से ज्यादा लैस हैं।

प्र.3. सरकारी औपचारिकताएँ भारत के सिवा लगभग सभी देशों में कम बाधक हैं।

प्र.4. आर्थिक उदारीकरण से पहले भारतीय सेवा उद्योग ज्यादा इत्मिनान से था।

प्र.5. प्रोद्योगिकीय विकास की दृष्टि से भारत वर्तमान में कुछ हद तक विकसित देशों के समकक्ष हैं।

प्र.6-10. नीचे दिए गए गद्यांश में दिए गए तथ्यों के आधार पर संभावित अनुमान दिए गए हैं। आपको प्रत्येक अनुमान का गद्यांश के संदर्भ में निरीक्षण करना है और उसकी सत्यता या असत्यता की सीमा निर्धारित करनी है। उत्तर दीजिए -

(1) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से सत्य है' अर्थात् यह दिए गए तथ्यों का पूर्णत: पालन करता है।

(2) यदि अनुमान 'संभवत: सत्य है' परन्तु दिए गए तथ्यों के आधार पर निश्चित रूप से सत्य नहीं है।

(3) 'जानकारी अपर्याप्त है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि अनुमान सत्य है या असत्य।

(4) यदि अनुमान 'संभवत: असत्य है' परन्तु तथ्यों के आधार पर पूर्णत: असत्य नहीं हैं।

(5) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह पूर्णत: विरोधाभासी है।

एक बिल्कुल नया सर्जरी का तरीका, जो कि बहुत पहले नहीं आया, कार्डिएक होम्योपैथी अर्थात् हृदय का बढ़ जाना, के मरीजों के लिए आशा की नई किरणें ला रहा है। यह विधि, जो अब भारत में उपलब्ध है, ऑपरेशन के दो हफ्ते बाद मरीजों को घर जाने की इजाजत देती है। जहाँ वे लगभग सामान्य व बिना शारीरिक मेहनत वाला जीवन शुरू कर सकते हैं। कार्डिएक होम्योपैथी, विभिन्न प्रकार के कारणों से शुरू होने वाली दशा है। इसके हमले, 20 पहचाने जा चुके वायरसों, परजीवी संक्रमण, अधिक समय से अल्कोहॉल पीना व रक्तदाब के कारण हो सकता है और बहुत कम मामलों में बच्चे के जन्म के समय भी और यह परिवारों में भी आगे बढ़ता पाया गया है। यह स्थिति हृदय के चैम्बरों के आकार के बढ़ने से उत्पन्न पम्पिंग क्षमता के कम होने के कारण होती है।

प्र.6. कार्डिएक होम्योपैथी हृदय की धड़कन को कम करती है।

प्र.7. कार्डिएक होम्योपैथी आनुवांशिक है।

प्र.8. पहले के समय में इसके मरीजों को ऐसे ऑपरेशन के लिए विदेश जाना पड़ता था।

प्र.9. भूतकाल में नई विधि भारत में कभी भी प्रयोग नहीं की गई।

प्र.10. हृदय की क्षमता, हृदय के आकार के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

प्र.11-15. नीचे दिए गए गद्यांश में दिए गए तथ्यों के आधार पर संभावित अनुमान दिए गए हैं। आपको प्रत्येक अनुमान का गद्यांश के संदर्भ में निरीक्षण करना है और उसकी सत्यता या असत्यता की सीमा निर्धारित करनी है। उत्तर दीजिए -

(1) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से सत्य है' अर्थात् यह दिए गए तथ्यों का पूर्णत: पालन करता है।

(2) यदि अनुमान 'संभवत: सत्य है' यदि दिए गए तथ्यों के आधार पर निश्चित रूप से सत्य नहीं है।

(3) 'जानकारी अपर्याप्त है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि अनुमान सत्य है या असत्य।

(4) यदि अनुमान 'संभवत: असत्य है' यदि तथ्यों के आधार पर पूर्णत: असत्य नहीं हैं।

(5) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के आधार पर यह पूर्णत: विरोधाभासी है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार 2001-02 फसल मौसम में सोयाबीन का उत्पादन 90,000 से 95,000 टन रहेगा। अत: फसल 2000-01 की दोगुनी होगी। रिकार्ड उत्पादन का श्रेय अच्छे मानसून के अलावा मध्यप्रदेश में प्रदेश सरकार द्वारा चला, गए क्रैश कार्यक्रम को भी है। हाँलाकि देश का 60 प्रतिशत सोयाबीन मध्यप्रदेश में होता है फिर भी यहाँ प्रति हेक्टेयर उत्पादन दूसरे सोयाबीन उत्पादक देशों से कम है।

प्र.11. भारत सर्वाधिक सोयाबीन निर्यातक देश है।

प्र.12. 2000-01 में सोयाबीन उत्पादन 40,000 टन था।

प्र.13. देश के किसी भी दूसरे राज्य का सोयाबीन उत्पादन म. प्र. सरकार से अधिक नहीं है।

प्र.14. केन्द्र सरकार ने क्रैश कार्यक्रम लागू करने में म. प्र. सरकार की मदद की।

प्र.15. सोयाबीन उगाने के लिए पानी की अच्छी सप्लाई आवश्यक होती है।

प्र.16. निम्नलिखित जानकारी पढ़ें और प्रश्न का उत्तर दें।

जानकार लोग आम तौर पर किसी निष्कर्ष पर आने से पहले कई अलग-अलग स्रोतों से जानकारी को आत्मसात कर लेते हैं। हालांकि, सबसे लोकप्रिय समाचार संगठन यह दृश्य विदेशी मामलों का यह दृश्य पूरी तरह से हमारे विदेश विभाग की आँखों के माध्यम से देखता है। विदेशी देश 'B' में राजनीतिक संकट की रिपोर्टिंग के लिए समाचार संगठनों को जानकारी के वैकल्पिक स्रोत खोजने के लिए प्रयास करना चाहिए।

निम्नलिखित अनुमान के ऊपर कौन-सा तर्क तैयार किया जा सकता है?

(1) रिपोर्टिंग संदिग्ध है कि एक समाचार स्रोत किसी दूसरे देश के एक खाते की जानकारी देता है जो हमारे राज्य विभाग का दर्पण है।

(2) अपनी अखंडता की रक्षा करने के लिए, समाचार मीडिया को विदेशी मामलों के अपने कवरेज में विदेश विभाग विज्ञप्ति के प्रभाव से बचना चाहिए।

(3) रिपोर्टिंग जो विदेश विभाग से प्रभावित नहीं होती है आम तौर पर अन्य तथ्यों की तुलना में ज्यादा सटीक होती है।

(4) हो सकता है अनुच्छेद में दिए गए वैकल्पिक स्रोत राज्य विभाग के समान धारणा नही रखते हो।

(5) रिपोर्ट को विभाग के बयान से प्रभावित नहीं माना जा सकता यदि वे विदेश में हुई सभी घटनाओ की सही जानकारी देती हैं।

प्र.17. निम्नलिखित जानकारी पढ़ें और प्रश्न का उत्तर दें।

राज्य के दूर दराज़ के एक ग्रामीण हिस्से में हाल में ग्राम वासियों ने कुछ यात्रियों की बुरी तरह से पिटाई कर दी क्योंकि ग्रामीणों को यात्रियों की गतिविधियाँ संदेहास्पद लगी। दोषियों को पकड़ने के लिए जिलाधिकारियो ने पुलिस टीम भेजी है।

उपरोक्त कथन से निम्न में से क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

(1) ग्रामीणों को अपने इलाके में अजनबियों की उपस्थित पसंद नहीं है।

(2) ग्रामीण आमतौर पर शक्की स्वभाव के होते हैं।

(3) यात्री ग्रामीण इलाको में जाना पसंद करते हैं।

(4) सरकार सामान्यत: सारे देश में यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करती है।

(5) सरकार इन सभी गतिविधियों में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा नहीं करती।

प्र.18. निम्नलिखित जानकारी पढ़ें और प्रश्न का उत्तर दें।

आइये, अपनी वास्तविक दुनिया में गहराई से प्रवेश करें। खाद्य मुद्रास्फीति अपने बच्चो को गणित सिखाने का एक मज़ेदार तरीका है। अपने बच्चो को एक ग्राफ बनाने के लिए कहिये कि भारत में मान लीजिये 1950 और आज (इंजीनियर, डॉक्टर, नौकरानी, ड्राईवर की) आमदनी बढ़ी है। उन्हें इसी अवधि में कीमतों में हुई वृद्धि का ग्राफ बनाने के लिए भी कहिये। यह एक मज़ेदार अभ्यास होगा। जब तक वे अपना अभ्यास ख़त्म करेंगे, आपके बच्चे न केवल कुछ सीखेंगे बल्कि आपको भी ये पता होगा कि इस दौरान आपकी आमदनी 300 गुना ही बढ़ गई है लेकिन आपकी नौकरानी की आय शायद 50 गुना ही बढ़ी है और कीमते 100 गुना बढ़ गई है। नौकरानी अभी भी सप्ताह में सातों दिन काम करती है, उसे न कोई वैतनिक छुट्टी है न ही आकस्मिक छुट्टी और यह जानना की हम कितने खुशकिस्मत है, गंभीर परोपकार की तरफ पहला कदम है।

उपरोक्त कथन से निम्न में से क्या अनुमान नहीं लगाया जा सकता है?

(1) वास्तविक दुनिया की समस्याएं अन्य विषयों को समझने और वास्तविक दुनिया की समस्या को सराहने का अच्छा तरीका है।

(2) विगत वर्षो में खाद्य मुद्रास्फीति ने विभिन्न प्रोफेशनल को बहुत अलग-अलग तरह से प्रभावित किया है।

(3) यद्यपि वेतन में बहुत अधिक भिन्नता है, लेकिन कम से कम सभी नौकरियो/प्रोफेशन में वृद्धि, लम्बी समयावधि में मुद्रास्फीति की दर से कम नहीं हुई है।

(4) जब हम यह समझ जाते हैं कि हम खुशकिस्मत हैं, तो हम परोपकार और उन लोगो की मदद करने के बारे में सोचने को प्रवर्त्त होते हैं जो उतने खुशकिस्मत नहीं हैं।

(5) केवल बच्चे ही नहीं, माता-पिता और अन्य वयस्कों को भी असमानता के बारे में समझने और खुद को संवेदनशील बनाने की जरूरत है।

प्र.19. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिये:

शहर में कुछ निगम के स्कूलों में विद्यार्थियों को कठिनाई है। जब उन्हें शौचालय की आवश्यकता पड़ती है, वे प्रयोग नहीं कर पाते है, इसका कारण खराब रखरखाव व स्वच्छता की कमी है। निगम के द्वारा सैदापेट के पास चलाए जा रहें स्कूल के प्राथमिक ब्लॉक के पास बदबू असहनीय थी। टॉयलेट ब्लाक की तरफ से प्रधानाध्यापक कार्यलय तक जाना एक बहुत ही मुश्किल काम है। लेकिन सैकड़ो बच्चों के पास कोई विकल्प नहीं है। पश्चिमी मेनबलम में एक और स्कूल के शौचालय का प्रयोग सप्ताह भर से नहीं हुआ क्योंकि ब्लॉक में मलजल का रूकाव है। प्रधानाध्यापक ने कहा मैंने निर्माण विभाग के (निगम के) इंजीनियर से कई बार शिकायत की किन्तु उन्होंने बताया कि उनके पास धन नहीं है।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा अनुमान सत्य है?

(1) निगम के पास पैसों का अभाव है।

(2) निगम के इंजीनियर कार्य नहीं करना चाहते है।

(3) निगम के स्कूलों की देखरेख का कोई मानक नहीं है।

(4) निगम के स्कूलों के प्रधानाध्यापक लालची होते है।

(5) इनमे से कोई नहीं

व्याख्या

प्र.1.(4) उपर्युक्त परिच्छेद के आधार पर कुछ देश तकनीकि रूप से भारत के प्रतिद्वंदी हैं अत: यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि भारत ही तकनीकी रूप से मजबूत हैं।

प्र.2.(1) आर्थिक उदारीकरण, वैश्विक और प्रतिस्पर्धा ने भारतीय कंपनियों पर दबाव डाला है कि विदेशी कंपनियां समान सेवा प्रदान करने के लिए घरेलू कंपनियों से अधिक सुसज्जित हैं इसलिए यह निश्चित रूप से सत्य है।

प्र.3.(3) सरकार औपचारिकता के विषय में उपर्युक्त परिच्छेद में कुछ नहीं कहा गया है अत: आँकड़े अधूरे हैं।

प्र.4.(2) पैसेज में यह उल्लेख किया गया है कि आर्थिक उदारीकरण के परिणामस्वरूप विदेशी कंपनियों के प्रवेश ने भारतीय उद्योग पर दबाव डाला है जो यह दर्शाता है कि उदारीकरण से पहले उद्योग कुछ आराम में था।

प्र.5.(4) भारत तकनीकी रूप से अन्य देशों से पीछे है, यह शायद कुछ हद तक असत्य है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकसित देशों के बराबर है।

प्र.6.(1) I क्योंकि कॉर्डियोमायोपैथी स्थिति हृदय के चैम्बर्स के आकार में वृद्धि और पम्पिंग (स्पंदित) की दक्षता में कमी से होती है।

प्र.7.(1) कॉर्डियोमायोपैथी परीवार में अनुवांशिक रूप से बढ़ने के रूप में जाना जाता है।

प्र.8.(3) दिये गये गद्यांश के अनुसार, हम यह नहीं कह सकते कि सर्जरी प्रक्रिया पहले विदेश में उपलब्ध थी या नहीं।

प्र.9.(2) नई तकनीक वर्तमान में भारत में उपस्थित है इसका अर्थ यह संभवत: अतीत में उपस्थित नहीं थी। इसलिए कथन संभवत: सत्य है।

प्र.10.(1) हम गद्यांश के अन्तिम पंक्ति से यह निष्कर्ष निकाल सकते है।

प्र.11.(3) सोयाबीन के निर्यात के संबंध में कुछ उल्लेखित नहीं है।

प्र.12.(5) निश्चित रूप से असत्य है।
(उत्पादन 45 से 47.5 तक की रेंज में होगा)

प्र.13.(1) मध्य प्रदेश, सर्वाधिक सोयाबीन उत्पाक राज्य है।

प्र.14.(3) आंकड़े अपर्याप्त है।
केंद्रीय सहायता के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है।

प्र.15.(1) अच्छे मानसून और क्रैश कार्यक्रम के कारण सोयाबीन का उत्पादन अच्छा है।

प्र.16.(4)

प्र.17.(4)

प्र.18.(3)

प्र.19.(3)

मिश्रित तार्किक प्रश्न
(Combined Logical)

Scan the QR code to get video of this chapter.

संयुक्त तार्किक वह अध्याय है जिसमें सभी प्रकार के तार्किक जैसे- पूर्वधारणा, तर्क, कार्यवाही, कारण और प्रभाव, अनुमान और निष्कर्ष एक कथन या पैसेज के साथ समूह में पूछे जाते हैं।

उदा.1-2. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें।

कुछ मानदंड हैं जो छात्रों के मूल्यांकन के दौरान विचार किए जाएंगे- सीएमएस स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा।

(a) कक्षा में समय की पाबंदी और एकाग्रता उन प्रमुख बिंदुओं में से एक है जिनकी निश्चित रूप से समीक्षा की जाएगी।

(b) परीक्षा के प्रति कड़ी मेहनत और निष्ठा की सराहना की जाएगी।

(c) बिना किसी कारण के उत्तर मूल्यांकन में छात्र के स्कोर को बढ़ाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

उदा.1. उपरोक्त कथन में से कौन-सा अनुमान लगाया जा सकता है?

I. क्लास शिक्षक द्वारा कक्षा की उपस्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा।

II. योग्य छात्रों के लिए उनके प्रदर्शन के आधार पर कम से कम दो पुरस्कार होगें।

III. स्कूल के कुछ छात्रों ने पूरी दृढ़ता और उत्साह के साथ एक जबरदस्त प्रयास किया है।

(1) केवल I (2) दोनों II और III
(3) दोनों I और III (4) केवल III
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(1) **I के लिए:** हाँ, यह दिए गए कथनों से अनुमान लगाया जा सकता है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि समय की पाबंदी और एकाग्रता प्रमुख बिंदुओं में से एक है जिसकी निश्चित रूप से समीक्षा की जाएगी।

II के लिए: नहीं, यह दिए गए कथनों से स्पष्ट है कि सराहना की जाएगी लेकिन पुरस्कारों की संख्या का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

III के लिए: नहीं, जैसा कि स्कूल के प्रिंसिपल ने उल्लेख किया है कि परीक्षा के प्रति कड़ी मेहनत और निष्ठा की सराहना की जाएगी।

लेकिन, क्या कुछ छात्र ऐसे हैं जिन्होंने पूरी लगन और उत्साह के साथ प्रयास किया, यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। हम इसकी कल्पना कर सकते हैं, लेकिन इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

उदा.2. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रिंसिपल द्वारा दिए गए कथन को कमजोर करता है?

I. उन सभी छात्रों के लिए पुरस्कारों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए जिनका स्कूल में 1 वर्ष पूरा हो गया हो।

II. क्लास शिक्षकों द्वारा छात्रों की गतिविधियों के आधार पर पर्फामेन्स (अभिनय) ग्राफ तैयार किया गया है।

III. सभी छात्रों को एक महीने में दो बार 10 मिनट की देरी के लिए छूट दी जानी चाहिए।

(1) केवल II (2) दोनों II और III
(3) दोनों I और III (4) केवल I
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(3) **I के लिए:** हां, यह स्कूल के प्रिंसिपल के कथन को कमजोर करता है क्योंकि यह प्रिंसिपल द्वारा कहा गया है कि प्रशंसा अभिनय ग्राफ पर आधारित होगी जैसे- कड़ी मेहनत और समय की पाबंदी।

II के लिए: नहीं, यह प्रिंसिपल द्वारा कहे गए कथन को सशक्त करता है क्योंकि अभिनय ग्राफ तैयार किया गया है और उसके अनुसार प्रशंसा की जाएगी।

III के लिए: हाँ, यह कमजोर हो जाता है क्योंकि यह उल्लेख किया गया है कि समय की पाबंदी एक प्रमुख कारक है और यदि वे जो समय के पाबंद हैं और जिन्हें छूट मिलता है और दोनों को समान माना जाता है, तो यह समय पर आने वाले छात्रों के लिए पक्षपात है।

उदा.3. **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।**

एनालिस्ट (विश्लेषक): रचनात्मक पेशेवर, जैसे कि कपड़े डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, और सज्जाकार, अक्सर बहुत खराब प्रबंधकीय कौशल के होते हैं और जब वे अपने स्वयं के व्यवसाय चलाने की कोशिश करते हैं तो वे सफल नहीं होते। वास्तव में, अधिकांश औसतन पेशेवर जो रचनात्मक क्षेत्र में काम नहीं करते की तुलना में व्यवसाय में इन रचनात्मक पेशेवरों में कम कुशल होते हैं। आम तौर पर, रचनात्मक प्रतिभा और व्यावसायिक कौशल शायद ही कभी एक-दूसरे से अलग हो।

यदि विश्लेषक के तर्क को सही माना जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उचित रूप से निकाला जा सकता है?

(1) कोई भी सफल व्यवसायी रचनात्मक नहीं हैं।

(2) औसतन पेशेवर कार्यकर्ता जो रचनात्मक नहीं है की तुलना में कुछ रचनात्मक पेशेवर व्यापार में कम कुशल नहीं हैं।

(3) रचनात्मकता व्यवसाय में सफलता प्रदान करती है।

(4) कोई भी पेशेवर कार्यकर्ता जो रचनात्मक नहीं है, वह व्यवसाय में किसी भी रचनात्मक पेशेवर की तुलना में अधिक सफल है।

(5) व्यवसाय रचनात्मक प्रयास नहीं है।

हल.(2) पैसेज में कहा गया है कि अधिकांश रचनात्मक पेशेवर औसतन पेशेवर कार्यकर्ता जो रचनात्मक क्षेत्र में काम नहीं करते हैं की तुलना में व्यवसाय में कम कुशल होते हैं। इसका अर्थ यह है कि कुछ रचनात्मक लोग औसतन पेशेवर कार्यकर्ता जो रचनात्मक नहीं हैं से कम कुशल नहीं हैं।

उदा.4. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

कथन-

X, L का एक जिला है जिसने कंपनियों में अपहरण, जबरन वसूली का दौर देखा है। आजकल X में 4 प्रमुख कंपनियां हैं। वर्ष 2019 में X की वृद्धि दर L के सभी जिलों में शीर्ष और भारत के सभी जिलों में 5वें स्थान पर है।

उपरोक्त कथन में से कौन-सा अनुमान लगाया जा सकता है?

I. X में रोजगार के अवसर बढ़ाए गए हैं।

II. 2019 में हत्या, अपहरण और जबरन वसूली का कोई मामला नहीं है।

III. X के लोग मेहनती और आगे बढ़ने के इच्छुक होते हैं।

IV. भारत के शीर्ष सीईओ X में अपनी कंपनी के लिए इच्छुक हैं।

(1) केवल II
(2) केवल I और III
(3) केवल I
(4) केवल III और IV
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2) **I के लिए:** हां, जैसा कि कथन में उल्लेख किया गया है कि आजकल X में 4 प्रमुख कंपनियां हैं, तो यह स्पष्ट है कि रोजगार बढ़ेगा।

II के लिए: नहीं, हम यह नहीं कह सकते कि हत्या, अपहरण या जबरन वसूली का कोई मामला नहीं है, हम केवल यह कह सकते हैं कि इसे कम कर दिया गया है। लेकिन इस कमी ने शून्य का आंकड़ा छू लिया है, यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

III के लिए: हाँ, जैसा कि उल्लेख किया गया है कि L में X की वृद्धि दर शीर्ष और भारत के सभी जिलों के बीच 5वें स्थान पर है और X अंधकार की स्थिति से आगे बढ़ गया है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि X के लोग मेहनती हैं और आगे बढ़ने के लिए उत्सुक हैं।

IV के लिए: नहीं, यह उल्लेख किया गया है कि आजकल X में 4 प्रमुख कंपनियां हैं लेकिन हम यह नहीं कह सकते हैं कि शीर्ष सीईओ को X में अपनी कंपनी खोलने की इच्छा है।

उदा.5. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

कथन:

छुट्टी में हेलीकॉप्टर से यात्रा करने के बारे में सोचना शुरू करें। एक हेलिकॉप्टर यात्रा भूमि का एक संपूर्ण दृश्य दे सकती है जो एक ट्रेन यात्रा नहीं दे सकती। आप कई शहरों के लिए उड़ान भर सकते हैं, कई पहाड़ों और नदियों को शांति से आनंद लेते हुए देख सकते है। हेलीकॉप्टर यात्रा देश-विदेश घूमने का एक सुंदर साधन है, और कोई भी यात्रा हेलीकॉप्टर की यात्रा से अधिक सुंदर नहीं हो सकती।

निष्कर्ष:

I. छुट्टी पर जाने के दौरान, लोग आसमान से शहरों के दृश्य का आनंद लेना चाहते हैं।

II. जब वे छुट्टी पर जा रहे हों तो लोगों को हेलीकॉप्टर से यात्रा नहीं करनी चाहिए।

दिए गए कथन में से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(1) केवल I अनुसरण करता है।
(2) केवल II अनुसरण करता है।
(3) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(4) कोई अनुसरण नहीं करता है।
(5) या तो I या II अनुसरण करता है।

हल.(4) I एक पूर्वधारणा है। II एक सुझाव है लेकिन निष्कर्ष नहीं। इसलिए, न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

उदा.6-8. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

कथन-

जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''कृपया तेज और ऊंची लहरों के खिलाफ पूरी तरह सतर्क रहें और भूस्खलन, बाढ़ और बढ़ती हुई नदियों के संदर्भ में सतर्क रहें।''

(A) इस क्षेत्र में लगभग 290,000 घरों की बिजली गुल हुई, जबकि शिजुओका में कम से कम 10 घर क्षतिग्रस्त हो गए और खिड़कियां चकनाचूर हो गईं और कारें अपने किनारों पर टकरा गईं।

(B) टेलीविजन फुटेज में टोक्यो के दक्षिण में टेटेयामा के एक गैसोलीन स्टेशन पर एक विशाल छत को ढहते हुए दिखाया, जिसके नीचे गैसोलीन पंप दब गए।

(C) टोक्यो क्षेत्र को रिकॉर्ड-तोड़ हवाओं और भारी बारिश के साथ एक शक्तिशाली आंधी जिससे दसियों हजारों

संख्या में निकासी चेतावनी और व्यापक अंधेरा तथा परिवहन व्यवधान के कारण नुकसान पहुँचा।

(D) हमें पटरियों का निरीक्षण करने और उसको जांचने की आवश्यकता है कि क्या कोई क्षति है क्योंकि तूफान के रात भर क्षेत्र से गुजरने की उम्मीद है।

(E) आंधी पहले से ही चल रही थी जिसके बढ़ने से कुछ यात्राएं भंग हुई। टोक्यो खाड़ी में नौका सेवाओं के साथ टोक्यो को मध्य और पश्चिमी जापानी शहरों से जोड़ने वाली लगभग 100 बुलेट ट्रेनों को रोक दिया गया।

(F) फैक्सई, जो 25 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर की यात्रा कर रही है, का प्रशांत तट से सुदूरवर्ती क्षेत्र से पहले ही उत्तर-पूर्वी जापान पंहुचने की उम्मीद की जा रही थी।

(G) स्थानीय मीडिया के अनुसार, तूफान के कारण एयरलाइंस ने 100 से अधिक उड़ानें रद्द कीं जबकि कनागावा में पश्चिमी राजधानी के कुछ तटीय राजमार्ग बंद कर दिये गये।

(H) टूर्नामेंट के नियमों में कहा गया है कि यदि किसी पूल मैच को अत्यधिक खराब मौसम के कारण रद करना पड़ा, तो इसे ड्रा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जो कि एक बहुत करीबी प्रतियोगिता होने का एक प्रमुख परिणाम हो सकता है।

उदा.6. निम्नलिखित (A), (B) और (G) में से कौन-सा आंधी के प्रभाव को दर्शाता है?

(1) केवल A (2) सभी A, B और G
(3) केवल B (4) केवल G
(5) केवल A और G

हल.(2)

उदा.7. रात भर के तूफान के कारण निम्नलिखित (A), (B), (C) और (D) में से कौन-सा अनुमान लगाया जा सकता है?

(1) केवल A (2) केवल B (3) केवल C
(4) केवल D (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(4)

उदा.8. निम्नलिखित (A), (G), (E) और (H) में से कौन-सा स्थानीय मीडिया के अनुसार तूफान के प्रभाव को दर्शाता है?

(1) केवल A (2) केवल G (3) केवल E
(4) केवल H (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2)

उदा.9-13. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

कथन-

यदि आप अपने जीवन में संकट (जोखिम) का सामना नहीं करते हैं तो आप कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं। दूसरी तरफ आप कह सकते हैं कि संकट का सामना न करना एक बड़ा संकट है। स्थिति के साथ सहज महसूस करना, चुनौतियों से पीछे हटना और एक बड़ा लक्ष्य न साधना, पतन का वास्तविक कारण हैं। इस तेज-रफ्तार वाली दुनिया में, असफल होने की गारंटी देने वाली एकमात्र रणनीति संकट से दूर भागना या उसका सामना न करना है। हम क्या कल्पना कर सकते हैं की तुलना में निष्क्रियता की कीमत अधिक है।

(A) परिणाम के बारे में सोचना बंद करें और अपनी आँखों को अपने लक्ष्य से दूर न होने दें। असफल होना ठीक है। हम असफलता से सीखते हैं और अनुभव प्राप्त करते हैं जिससे हमें कुछ बड़ा हासिल करने में मदद मिलती हैं।

(B) कोई स्थायी नौकरियां नहीं हैं, आपको किसी भी समय अपनी सीट से हटाया जा सकता है, और अंत में जोखिम न लेना संकट भरा व्यवसाय है।

(C) इतिहास सिद्ध करता है कि हम साहस से कहीं अधिक समयबद्धता से असफल होते हैं। भविष्य भी उन साहसी मनुष्यों के साथ होता है जो नया लक्ष्य लेने की हिम्मत रखते है। असफलता हर सफलता की कहानी का एक हिस्सा है और इसे सफलता के लिए एक नियम (विधि) के रूप में देखा जाना चाहिए।

(D) सभी संभावनाओं को ढूँढने के लिए, खुद में क्या सर्वश्रेष्ठ है को देखने के लिए और अपनी सफलता को पंख देने के लिए, खुद को शिक्षित परिकलित जोखिम लेने से नहीं रोकना चाहिए।

(E) खेल में, शीर्ष पर होने का हमेशा दबाव होता है। परिणाम क्या होगा इस बात को ध्यान में रखना खिलाड़ियों को परेशानी में डाल सकता है। रणभूमि में उतरने से पहले वे अपनी तैयारी पर भरोसा करें और नकारात्मक परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित न करें।

(F) हमारी संस्कृति हमारे तरीकों को भी परिभाषित करती है, ऐसे स्थान जहां लोग सुरक्षित खेलते हैं और स्थिर विकास में विश्वास रखते हैं, इस तरह के माइंड सेट से प्रेरित होकर आपको अफसोस के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। इसके बजाय, उन लोगों से ऊर्जा लें, जो संगत में न होने के बावजूद चमकते हैं जहां लोगों में विकास की तीव्र लालसा होती है।

(G) विफलता सफल यात्रा का एक भाग है, जब भी आप इसका सामना करे तो उससे सीखें और अगली बार कड़ी मेहनत करने के लिए खुद को तैयार करें।

(H) जोखिम उठाना कम जोखिम भरा होता है, यह आपके टेस्टोस्टेरोन स्तर को बढ़ाता है और आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है, इस प्रकार बड़ी चुनौतियों के लिए आपको तैयार करता है।

उदा.9. ''लक्ष्य ही जीवन है'' के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा दिए गए कथन का समर्थन करता हैं?

(1) F (2) A (3) E
(4) B (5) E और F दोनों

हल.(2)

उदा.10. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उन लोगों का समर्थन करता है जो असफलता से निराश नहीं होते और नये लक्ष्य की ओर बढ़ते है?

(1) H (2) G (3) C
(4) G और C दोनों (5) B

हल.(4)

उदा.11. किसी की आंतरिक क्षमताओं का मूल्यांकन करने के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे सर्वश्रेष्ठ अनुमान है?

(1) D (2) A
(3) केवल D और H (4) B
(5) केवल D, G और H

हल.(5)

उदा.12. निम्नलिखित में से कौन-सी एक धारणा हो सकती है उन लोगों के पक्ष में जो विकास की तीव्र लालसा रखते है?

(1) A (2) B (3) C
(4) D (5) F

हल.(5)

उदा.13. लोगों को परिणाम की परवाह नहीं करनी चाहिए के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे सशक्त तर्क है?

(1) A (2) H (3) B
(4) E (5) F

हल.(4)

उदा.14-18. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

कथन:

यह प्रवेश सत्र है, और, एक बार फिर भारत की उग्र रूप से प्रतिस्पर्धी शिक्षा व्यवस्था के जाने-माने पाठ्यक्रमों और संस्थानों में जगह पाने के लिए प्लेस्कूल से पीएचडी कार्यक्रमों तक हर स्तर पर कोटा और आरक्षण के लिए मांग उठी है। मांग-आपूर्ति में अंतर इस तथ्य के बावजूद चौंकाने वाला है कि संख्यात्मक दृष्टि से भारत में स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या दुनिया के किसी भी देश से सबसे अधिक है।

(A) आवश्यक भौतिक और सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी किसी भी चीज की अनुपस्थिति के कारण गरीबों के लिए सस्ती सरकारी शिक्षा तक पहुंच सीमित है।

(B) हर कोई आरक्षण चाहता है और अब सब लोग यह पता लगा रहे हैं कि जो वे चाहते हैं उसे पाने के लिए कौन सी राजनीतिक पहुँच लगायी जाए। चीजें पहले से और मुश्किल होती जा रही हैं।

(C) उच्च शिक्षा स्तर पर हमें 2020 तक 40 मिलियन विश्वविद्यालय सीटें बढ़ाने की जरूरत है।

(D) स्नातकों की नियुक्ति हेतु योग्यता बढ़ाने के लिए, हमें स्कूली शिक्षा में एकरूपता लाने की आवश्यकता है।

(E) तदनुसार, शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए 22.5% (एससी 15% और एसटी 7.5%) का आरक्षण किया गया है।

उदा.14. दिए गए कथन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य एक मजबूत तर्क है?

(1) वाक्य A (2) वाक्य B (3) वाक्य C
(4) वाक्य D (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(1)

उदा.15. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य दिए गए कथन का प्रभाव है?

(1) वाक्य A (2) वाक्य B (3) वाक्य C
(4) वाक्य D (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2)

उदा.16. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य दिए गए कथन के लिए एक कार्रवाई है?

(1) वाक्य A (2) वाक्य B (3) वाक्य C
(4) वाक्य D (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(3)

उदा.17. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य दिए गए कथन से अनुमान लगाया जा सकता है?

(1) वाक्य A (2) वाक्य B (3) वाक्य C
(4) वाक्य D (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(4)

उदा.18. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य दिए गए कथन को कमजोर करता है?

(1) वाक्य A (2) वाक्य C (3) वाक्य D
(4) वाक्य E (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(4)

उदा.19-20. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

एक कंपनी के सीईओ ने तकनीकी विभाग के अकुशल कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण का आयोजन किया है और संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन लगभग कर्मचारियों का औसत वेतन वही रहता है।

उदा.19. निम्नलिखित में से कौन-सा दिए गए कथन से अनुमान लगाना जा सकता है?

I. किसी अन्य कंपनी के तकनीकी विभाग के कर्मचारियों को इस कंपनी के कर्मचारियों की तुलना में अधिक बोनस मिलेगा।

II. तकनीकी विभाग के कर्मचारी प्रशिक्षण के संदर्भ में गंभीर नहीं हैं।

III. तकनीकी विभाग के कर्मचारियों के लिए सीईओ द्वारा व्यवस्थित अतिरिक्त प्रशिक्षण से कर्मचारियों को अपने कौशल में सुधार करने में मदद मिलेगी।

(1) I और II दोनों (2) II और III दोनों
(3) केवल II (4) केवल III
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(4) केवल कथन III दिए गए कथन से लिया गया है। दिए गए कथन से, यह माना जा सकता है कि अतिरिक्त प्रशिक्षण कर्मचारियों को अपने कौशल में सुधार करने में मदद करेगा।

उदा.20. कर्मचारियों का वेतन औसत रहने के पीछे क्या कारण हो सकता है?

I. तकनीकी विभाग के कर्मचारी दो या तीन दिन अतिरिक्त प्रशिक्षण में भाग लेते हैं, हालांकि प्रशिक्षक नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

II. अतिरिक्त प्रशिक्षण शुरू होने के बाद कर्मचारी ने अधिक छुट्टियां लेनी शुरू कर दीं।

III. कर्मचारी पहले से ही तकनीकी प्रशिक्षण ले रहे हैं और दैनिक आधार पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

(1) I और II दोनों (2) II और III दोनों
(3) केवल II (4) केवल III
(5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2) II और III दोनों का औसत वेतन समान रहने का कारण हो सकता है।

उदा.21-23. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

कथन:

देश CAB पर एक अभूतपूर्व बहस कर रहा है, जिसमें सरकार लोगों को आश्वस्त करने की कोशिश कर रही है कि किसी भी भारतीय नागरिक को किसी भी संप्रदाय से डरने की कोई जरूरत नहीं है।

(a) 1955 का बिल अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से रोकता है। एक अवैध प्रवासी एक विदेशी है जो वैध यात्रा दस्तावेजों जैसे पासपोर्ट और वीजा के बिना या वैध दस्तावेजों के साथ देश में प्रवेश करते है, लेकिन अनुमत समय अवधि से ऊपर ठहरे रहते है।

(b) नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर या एनआरसी हमने असम में देखा जिसमें अवैध आप्रवासियों को लक्षित किया गया। एक व्यक्ति को यह साबित करना था कि या तो वह या उसके पूर्वज 24 मार्च 1971 को या उससे पहले असम में थे। NRC, जिसे देश के बाकी हिस्सों में बढ़ाया जा सकता है, CAB के विपरीत धर्म पर आधारित नहीं है।

(c) CAB ने मुस्लिम की अलग पहचान बना दी यह घोषणा करके कि भारत अन्य सभी धार्मिक समुदायों के लिए एक स्वागत योग्य शरण है। यह अन्य समूहों को श्रेष्ठ व्यवहार प्रदान करके मुसलमानों को कानूनी रूप से भारत के दूसरे दर्जे के नागरिक के रूप में स्थापित करना चाहता है। यह संविधान के अनुच्छेद 14, सभी व्यक्तियों को समानता का मौलिक अधिकार है, का उल्लंघन करता है। संविधान की इस मूल संरचना को किसी भी संसद द्वारा पुनर्निर्मित नहीं किया जा सकता है। और फिर भी, सरकार का कहना है कि वह समानता के अधिकार का भेदभाव या उल्लंघन नहीं।

उदा.21. निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क कि ''क्या यह NRC के समान नहीं है, के संबंध में सशक्त है?

(1) a (2) c (3) b
(4) दोनों a और c (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(3)

उदा.22. निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क सरकार के निर्णय के संबंध में एक पूर्वधारणा हो सकती है?

(1) c (2) a (3) b
(4) दोनों b और c (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(2)

उदा.23. निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क कथन में वर्णित विवरण के विरूध सशक्त है?

(1) c (2) a (3) b
(4) सभी (5) इनमें से कोई नहीं

हल.(1)

उदा.24. निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दियें गयें प्रश्न का उत्तर दीजिए:

कथन:

मिलावट बहुत अस्वस्थ है। लेकिन आजकल इसे बड़े स्तर पर संचालित किया जा रहा है। मिलावट बेकार सामग्री के साथ मूल्यवान सामग्री के मिश्रण की प्रक्रिया है। ज्यादातर खुदरा विक्रेता लाभ कमाने के लिए खाद्यान्न बेचते समय इस प्रक्रिया में शामिल है।

(A) खरीदने से पहले भोजन को ठीक से जांचा जाना चाहिए और ऐसा करने वाले खुदरा विक्रेता को दंडित किया जाना चाहिए।

(B) खराब स्वास्थ्य की स्थिति इन प्रथाओं का परिणाम है।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपरोक्त कथन का अनुमान हो सकता है?

(1) B (2) A और B
(3) या तो A या B (4) इनमें से कोई नहीं
(5) A

हल.(1)

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-3. नीचे दिए गए कथन को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

कथन : केंद्र सरकार ने किसी प्रकार के उद्योग में **14** वर्ष तक के बच्चों के रोजगार पर रोक लगाने के लिये बाल श्रम (निषेध और विनियामक) अधिनियम, **1986** में संशोधन करने के लिये प्रस्ताव को मंजूरी दी।

ये प्रश्न ऊपर दी गयी सूचनाओं पर आधारित हैं और **(A), (B), (C), (D)** और **(E)** द्वारा अंकित कथनों के आधार पर उत्तर दीजिए-

(A) ऐसे बच्चों का न केवल कारखानों और उद्योग में काम करना एक अपराध होगा बल्कि घरो और फार्म हाउस में भी काम करना अपराध होगा यदि उनके श्रम का अर्थ किसी वाणिज्यिक हित के लिये सेवा देना है।

(B) संशोधन बच्चों को लाभ देगा जो अभी विभिन्न उद्योगों में कार्य कर रहे हैं और वे शिक्षा पर ध्यान दे सकते हैं।

(C) सरकार का निर्णय अंतर्राष्ट्रीय श्रम का संगठन के सम्मेलन के नक्शे कदम पर है जो **14** वर्ष तक के बच्चों के किसी प्रकार के बाल श्रम को निषेध करता है।

(D) केंद्रीय मंत्रालय ने **14-18** वर्ष की आयु के बच्चों को युवा की तरह परिभाषित करने के लिये और खदान, आयुध कारखाने, रसायनिक और पेन्ट उद्योग और दूसरे हानिकारक संस्थान में काम करने से निषेध करने के लिये एक दूसरे संशोधन को मंजूरी दी।

(E) श्रम मंत्रालय द्वारा शीघ्र ही संसद में संशोधन विधेयक लाने की सम्भावना है।

प्र.1. निम्न में से कौन-सा, कथन में दिये गये तथ्य और सूचना से अनुमान किया जा सकता है? (एक अनुमान वह चीज है जो प्रत्यक्ष रूप से नहीं दर्शाया जाता है लेकिन दी गई सूचना से अनुमान लगाया जा सकता है)

(1) A **(2) B** **(3) C**
(4) B और E **(5) C और D**

प्र.2. निम्न में से कौन, यदि सरकार संशोधन विधेयक मंजूर करती है तो प्रभाव होगा?

(1) B **(2) A** **(3) C**
(4) D **(5) E**

प्र.3. निम्न में से कौन विधेयक लाने के लिये सरकार का एक उत्प्रेरण है?

(1) A **(2) B** **(3) C**
(4) D **(5) E**

प्र.4-6. निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मतदाता बढ़ती बेरोजगार दरों के लिए पश्चिम की सत्तासीन सरकारों को सजा दे रहे हैं। उनकी ससंद आउटसोर्सिंग हब के रूप में भारत की आलोचना करनेवाले अभियानों से गुंजायमान रहती है। पश्चिम में बहुत से लोग भारत को सस्ती मजदूरी वाले काल सेंटरों और बैंक ऑफिसों वाले देश के रूप में जानते हैं, जो पश्चिम के लोगों को जिसकी कीमत अपनी नौकरियों से चुकानी पड़ती है।

प्र.4. निम्न में से कौन-सा कथन गद्यांश में दिए गए कथन को कमजोर कर देगा?

(1) आउटसोर्स जॉब के लिए अत्याधिक कुशल और योग्यता प्राप्त कर्मचारियों की जरूरत नहीं होती है।

(2) पश्चिम में लगभग 34% बेरोजगार लोगों की नौकरियाँ सुनिश्चित हो जाती है यदि आउटसोर्स जॉब उनकी संस्थाओं में इन सोर्स हो जाते।

(3) चुनाव में भारी नुकसान उठाने के बाद पश्चिम की सरकारों से भारत में आउटसोर्सिंग के बारे में उनके निर्णय में परिवर्तन की अपेक्षा है।

(4) आउटसोर्सिंग में जो गतिशील दुतरफा संबंध है, भारत और पश्चिम में नौकरियाँ और वृद्धि सृजित की है।

(5) यद्यपि भारत को आउटसोर्सिंग से पश्चिम की कई कंपनियों अपने कोर आपरेशनों पर ध्यान केंद्रित कर सकी है, तथापि उन्होंने अपने बैंक ऑफिस कार्यों की गुणवत्ता और स्तर से बहुत अधिक समझौता कर लिया है।

प्र.5. पश्चिम में आउटसोर्सिंग के विरोध का संभावित अप्रत्यक्ष प्रभाव निम्न में से क्या हो सकता है?

(1) जो काम इस समय भारत को आउटसोर्स किए जाते हैं, वे किसी दूसरे देश को स्थानांतरित कर दिये जाएंगे और पूरी संभावना है कि वह देश चीन होगा।

(2) भारत के काल सेंटरों और बैंक ऑफिसों के कर्मचारी पश्चिम के कर्मचारियों के बराबर वेतन की अपेक्षा करेंगे।

(3) पश्चिम द्वारा काम की इनसोर्सिंग से हजारों भारतीय बेरोजगार हो जाएंगे।

(4) यदि पश्चिम में ही इन सोर्सिंग की गई तो कंपनियाँ उसी गुणवत्ता के प्रोफैशनलों और विशेषज्ञों को नौकरी पर नहीं रख पायेंगी, जिस गुणवत्ता के भारत में उपलब्ध है।

(5) पश्चिमी कंपनियाँ जो पहले भारत में आउटसोर्स कर रही थी वित्तीय रूप से फायदे में रहेंगी, क्योंकि उन्हें विदेशों में कार्यालय स्थापित नहीं करने पड़ेंगे।

प्र.6. निम्न में से किसका अनुमान लगाया जा सकता है? (अनुमान वह होता है जो प्रत्यक्षत: नहीं कहा जाता परन्तु दिए गए तथ्यों से उसका अनुमान लगाया जा सकता है)

(1) भारत में बेरोजगारी इतनी गंभीर समस्या नहीं है जितनी यह पश्चिम में है।

(2) पश्चिम के बैंक आफिसों और काल सेंटरों में कार्यरत कर्मचारी, भारत में उसी तरह के कर्मचारियों से कहीं ज्यादा कमाई करते हैं।

(3) चीन और भारत जैसे विकासशील देश अपने बैंक ऑफिस कार्य दूसरे देशों को कदापि आउटसोर्स नहीं करते।

(4) जो देश काम को आउटसोर्स नहीं करते, वे बेरोजगारी की समस्या का सामना नहीं करते।

(5) भारत में बेरोजगारी की ऊँची दर का एक मुख्य कारण काल सेंटरों और बैंक ऑफिसों का जत्था है जो पश्चिम से आउटसोर्स किया गया कार्य लेते हैं।

प्र.7–10. निम्नलिखित जानकारी और उसके नीचे दिए गए पाँच कथनों को ध्यान से पढ़िए और उनके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

नौकरी के अवसरों की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी केंद्रों की ओर आना 21वीं सदी के आरंभ की तुलना में कम होकर अब लगभग छब्बीस प्रतिशत हो गया है।

(A) पिछले दशक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने स्वयं को बैंक योग्य, लाभ कमाने वाले और वाणिज्यिक रूप से अर्थक्षम उद्यम के रूप में रूपांतरित कर लिया है।

(B) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नौकरियों के अवसर भिन्न-भिन्न है।

(C) शहरी क्षेत्रों में संरचना और संसाधनों का भार, जो लंबे समय तक प्रबंध-योग्य नहीं था, पिछले दशक से थोड़ा कम हुआ है।

(D) रिवर्स माइग्रेशन की यह प्रवृत्ति, जो अब तक सिर्फ विकसित देशों में देखी जाती थी, विकासशील देशों में भी आ गई है।

(E) हाल की रिपोर्ट के अनुसार जिन प्रोफैशनलों की जड़ें ग्रामीण क्षेत्रों में हैं उनमें से अस्सी प्रतिशत से अधिक अपने गृह-ग्राम के बजाए शहरों में काम करना पसंद करते हैं

प्र.7. ऊपर उल्लेखित (A), (B), (C), (D) और (E) क्रमांक वाले कथनों में से कौन-सा दी गई जानकारी के प्रभाव का सबसे उपयुक्त ढंग से निरूपित करता है?

(1) B (2) C (3) D
(4) E (5) या तो D या E

प्र.8. ऊपर उल्लेखित (A), (B), (C), (D) और (E) क्रमांक वाले कथनों में से कौन-सा दी गई जानकारी के कारण को सबसे उपयुक्त ढंग से निरूपित करता है?

(1) E और A (2) D (3) C
(4) B (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.9. ऊपर उल्लिखित (A), (B), (C), (D) और (E) क्रमांक वाले कथनों में से कौन-सा दी गई जानकारी के पूर्वधारणा को सबसे उपयुक्त ढंग से निरूपित करता है? (पूर्वधारणा मान ली गई या गृहीत होती है)

(1) A (2) B (3) C
(4) दोनों A और C (5) D

प्र.10. ऊपर उल्लेखित (A), (B), (C), (D) और (E) क्रमांक वाले कथनों में से कौन-सा अनुच्छेद में प्रस्तुत तथ्यों को/का कमजोर/प्रतिवाद करेगा?

(1) A (2) B (3) C
(4) D (5) E

प्र.11–13. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

यह सच है कि हरित क्रांति भारतीय अर्थव्यवस्था को खाद्य की अत्यधिक कमी की स्थिति से ऐसी अर्थव्यवस्था में रूपांतरित करने में सफल रही है जिसमें देश न केवल खाद्य-उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ है बल्कि निर्यात के लिए पर्याप्त अधिक मात्रा भी तैयार कर सका है। हालांकि, रासायनिक खाद्य और कीटनाशकों की अधिक मात्रा, जिसका इस 'पारंपरिक' कृषि प्रौद्योगिकी में प्रयोग हुआ है (अधिक पैदावार देने वाले बीजों की किस्मों और सिंचाई के साथ-साथ) अब प्रवृत्ति को उलट रही है और भूजल के प्रदूषण सहित पर्यावरण तथा स्वास्थ्य के गंभीर खतरे बढ़ रहे हैं।

प्र.11. निम्न में से कौन-सा कथन लेखक के तर्क को मजबूत करेगा?

(1) हरित क्रांति का सूत्रपात होने से पहले भारत ने खाद्य की अत्यधिक कमी का सामना किया।

(2) जैव कृषि अर्थात् रासायनिक खादों का प्रयोग किए बिना की गई खेती से खाद्य उत्पाद खुदरा स्तर पर बहुत महँगे हो जाते हैं।

(3) बहुत से किसानों ने बताया है कि रासायनिक खाद्य का प्रयोग शुरू करके पाँच सालों के भीतर उनके खेत अनुपजाऊ हो गए।

(4) हरित क्रांति द्वारा प्रचारित हाइब्रिड और अधिक पैदावार देने वाले बीजों पर भरोसा न करने वाले किसान भी उतना लाभ नहीं कमा पाते जितना हरित क्रांति के तरीकों का इस्तेमाल करने वाले कमा लेते हैं।

(5) हरित क्रांति द्वारा प्रचारित अधिक पैदावार देनेवाले बीजों को सिंचाई के प्रयोजन से ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती और ये कीड़ों के हमलों का प्रतिरोध भी कर लेते हैं।

प्र.12. निम्न में से किसका अनुमान लगाया जा सकता है? (अनुमान वह होता है जो सीधे-सीधे नहीं कहा जाता बल्कि दिए गए तथ्यों से अर्थ का अनुमान लगाया जा सकता है)

(1) कई देशों ने रासायनिक खादों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

(2) भारत की जरूरतों को पूरा करने में हरित क्रांति बुरी तरह असफल रही है।

(3) हरित क्रांति की तकनीकों के नकारात्मक प्रभाव का अनुमान आरंभ में नहीं लगाया गया था।

(4) भारत फिर कभी खाद्य की कमी का सामना नहीं करेगा।

(5) हरित क्रांति का मुख्य ध्यान अंतर्राष्ट्रीय उर्वरक निर्माताओं को भारत में अपने उत्पाद बेचने में मदद करने पर था।

प्र.13. यदि खेती में हरित क्रांति की पारंपरिक तकनीकें आने वाले दिनों में भी जारी रहीं, तो उसके संभावित प्रभाव का निरूपण निम्न में से कौन-सा कथन करता है?

(1) भारत भविष्य में फिर कभी खाद्य की अत्यधिक कमी का सामना नहीं करेगा।

(2) खाद्य उत्पादों का निर्यात कई गुना बढ़ जाएगा।

(3) सिचांई के लिए केवल भूजल का प्रयोग किया जाएगा।

(4) रासायनिक विषाक्तीकरण के मामले बहुत बढ़ जाएंगे।

(5) हरित क्रांति की विधियों का प्रयोग न करने वाले किसान स्वास्थ्य-संबंधी गंभीर खतरों का सामना करेंगे।

प्र.14–17. दिए गए कथनों को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्र.14. किसानों की भूमि के अर्जन के बदले सरकार द्वारा उनके लिए मुआवजा नीति की घोषणा के बाद, किसानों ने इस नीति के लिखित प्रमाण की माँग की।

लिखित प्रमाण मांगने के कारण संभवत: निम्नलिखित में से क्या हो सकता है?

(1) पहले की ऐसी नीतियों में किसान अपनी भूमि के लिए अपर्याप्त मुआवजे का विरोध नहीं कर सकते थे।

(2) नीति में आश्वासित मुआवजा बहुत ही कम था।

(3) किसान सरकार को अपनी भूमि अभ्यर्पित नहीं करना चाहते थे।

(4) किसान सरकार को उनकी भूमि से होने वाली आय के कुछ प्रतिशत हिस्से की मांग कर रहे हैं।

(5) किसानों के लिए मुआवजा नीति बनाने के लिए सरकार पर दबाव डालने का एक मात्र विकल्प प्रमाण की माँग करना है।

प्र.15. स्थानीय ग्रामीणों में, असंक्रामक रसायनिक विषाक्तिकरण संबंधी मामले बढ़ते जा रहे हैं।

उपरोक्त कथन का कारण संभवत: निम्नलिखित में से कौन हो सकता है?

(1) सरकार ने इस मामले में तुरंत जाँच के आदेश दिए हैं।

(2) मरीजों का समय पर उपचार नहीं किए जाने पर विषाक्तिकरण जानलेवा साबित हो सकता है।

(3) गाँव के आस-पास के बहुत से कारखाने अपने अपशिष्ट (wastes) का उचित रूप से निपटान नहीं करते हैं।

(4) क्षेत्र का एक मात्र अस्पताल रासायनिक विषाक्तिकरण संबंधी रोगों का उपचार करने के लिए लैस नहीं है।

(5) दो वर्ष पूर्व किए गए एक अध्ययन ने रिपोर्ट किया था कि स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के कारण बहुत से किसानों ने रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बंद कर दिया था।

प्र.16. दो वर्ष पूर्व की गई सरकारी पहल में एक विशेष राज्य के शिक्षकों को नियमित स्कूल समय के बाद रोज शाम को निरक्षरों को पढ़ाने के काम में लगाया गया था।

ऊपर दिये गये कथन का निम्नलिखित में से क्या प्रभाव हो सकता है?

(1) दो वर्ष पूर्व राज्य सरकार को दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ अन्य राज्यों की तुलना में निरक्षर जनसंख्या का प्रतिशत अधिक है।

(2) सरकार द्वारा आरंभ की गई योजना में जुड़ने के लिए बहुत से शिक्षक प्रेरित हुए थे क्योंकि उन्हें दिया गया पारिश्रमिक आकर्षक था।

(3) स्कूल तक न पहुँच पाना और अत्यंत गरीबी राज्य में निरक्षरता के प्रमुख कारण थे।

(4) शाम की कक्षाएं दहाडी मजदूर के रूप में काम करने वाले लोगों को काम के बाद कक्षाओं में उपस्थित होने में सहायक होती हैं।

(5) इस वर्ष राज्य में साक्षरता दर में बहुत सुधार हुआ है।

प्र.17. शहर में विदेशी खुदरा स्टोर की श्रृंखला के आने के विरोध में छोटे किराना व्यापारियों ने एक दिन हड़ताल की है।

उक्त कथन का प्रभाव निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हो सकता है।

(1) छोटे किराना दुकानदार बड़े भीमकाय खुदरा व्यापारियों को शार्क मछली की तरह समझते हैं। उपलब्ध बाजार पर शासन करने के लिए प्रयासरत है।

(2) दो वर्षों से खुदरा व्यापार में विदेशी निवेश में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

(3) ऐसे कई देश हैं जहाँ भीमकाय रिटेल श्रृंखला ने लघु किराना दुकानों का सफाया कर दिया है।

(4) सरकार लघु खुदरा व्यापारियों के हित की रक्षा हेतु सभी राजनीतिक कदम उठाने के लिए सहमत है।

(5) हाल ही के सर्वेक्षण ने दर्शाया है कि बड़ी संख्या में लोग अपनी दैनिक किराना जरूरतों को बड़े खुदरा श्रृंखला स्टोरों के बदले पास के किराना स्टोरों से खरीदना पसंद करते हैं।

प्र.18-23. नीचे दी गयी जानकारी एवं पाँच कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़े और दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए जो अनुसरण करते है-

ए.बी.सी. देश और एक्स.वाई.जेड. देश कांगों नदी के कीमती पानी के लिए प्रतिस्पर्धा की योजना बनाते है। योजनाबद्ध बांध और जलविद्युत परियोजनाओं की क्षमता लगभग 40000 मेगावाट बतायी जाती है। हालांकि, ए.बी.सी. देश के बिजली और पानी मंत्रालयों में आशंका है कि उसी नदी पर एक्स.वाई.जेड. देश द्वारा इसी तरह के बाँध निर्माण कार्यक्रम नदी की क्षमता को प्रभावित कर सकते है।

(A) कागों नदी दोनों देशो से होकर गुजरती है।

(B) ए.बी.सी. देश को एक्स.वाई.जेड. देश से पहले नेतृत्व लेना चाहिए और जल विद्युत परियोजनाओं के लिए बाँधों का निर्माण शुरू करना चाहिए।

(C) नदी में कई स्थानों पर बाँधों की श्रृंखला के निर्माण से विशाल पर्यायवरणीय प्रभाव पड़ेगें।

(D) ए.बी.सी. देश की सीमा के पास जैंग नदी पर, एक्स.वाई.जेड. देश द्वारा निर्मित एक बाँध के कारण पिछले वर्ष ए.बी.सी. देश और एक्स.वाई.जेड. देश के कुछ हिस्सो को गंभीर बाढ़ ने प्रभावित किया था।

(E) जैंग नदी जो दोनों देशों से होकर गुजरती है पर इसी प्रकार के निर्मित बाँधों से किसी भी बाँध की विद्युत उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

प्र.18. ऊपर उल्लेख किये गये कथनों A, B, C, D और E द्वारा दिये गये अनुच्छेद से कौन-सी पूर्वधारणा या एक अनुमान निकाला जा सकता है, जो प्रतिनिधित्व भी करता है?

(1) केवल A (2) केवल B (3) केवल C
(4) केवल D (5) A और C दोनों

प्र.19. ऊपर उल्लेख किये गये कथनों A, B, C, D और E में कौन-सा दोनों देशों के लिए नदी के ऊपर बाँधों के निर्माण करने के मामले को कमजोर करेगा?

(1) केवल A (2) केवल B (3) केवल C
(4) केवल D (5) C और D दोनों

प्र.20. ऊपर उल्लेखित कथनों A, B, C, D और E में कौन सा, एक्स.वाई.जेड. देश की तरह बाँध निर्माण परियोजनाओं के संदर्भ में ए.बी.सी. देश की आशंकाओं को कम करने में आसान करेगा?

(1) केवल A (2) केवल B (3) केवल C
(4) केवल D (5) केवल E

प्र.21. ऊपर उल्लेख किये गये कथनों A, B, C, D और E में से कौन-सी कार्यवाही सर्वश्रेष्ठ है जो ए.बी.सी. देश की सरकार द्वारा एक्स.वाई.जेड. देश की प्रतिस्पर्धा योजनाओं को मुकाबला के लिये ली जा सकती है?

(1) केवल A (2) केवल B (3) केवल C
(4) केवल D (5) केवल E

प्र.22. ऊपर उल्लेख किये गये कथनों A, B, C, D और E द्वारा कौन-सा निष्कर्ष अनुच्छेद में निहित है, जो अनुच्छेद से निकाला जा सकता है?

(1) केवल A (2) केवल B (3) केवल C
(4) केवल D (5) A और D दोनों

प्र.23. ऊपर उल्लेख किये गये कथनों A, B, C, D और E में कौन-सा/से कथन एक्स.वाई.जेड. देश द्वारा ए.बी.सी. देश में समान बाँध परियोजनाओं के निर्माण के संबंध में सहमति को आसान बनायेगा?

(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल C और E (4) केवल E
(5) केवल E और D

व्याख्या

प्र.1.(4) B और E

प्र.2.(2) A

प्र.3.(3) C

प्र.4.(4) **प्र.5.(3)** **प्र.6.(2)** **प्र.7.(2)**

प्र.8.(1) **प्र.9.(2)** **प्र.10.(1)** **प्र.11.(1)**

प्र.12.(3) **प्र.13.(4)** **प्र.14.(1)** **प्र.15.(3)**

प्र.16.(5) **प्र.17.(4)**

प्र.18.(1) दिये गये अनुच्छेद से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कांगों नदी दोनों देशों से होकर गुजरती है।

प्र.19.(3) दोनों देशों के लिए कमजोर कथन नदी पर बाँधों का निर्माण से है क्योंकि 'नदी में कई स्थानों पर जलप्रपात के बाँधों का निर्माण बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय प्रभाव डालेगा।

प्र.20.(5) एक्स.वाई.जेड. देश द्वारा निर्मित की जा रही परियोजनाओं के संबंध में इस कथन में है कि, ''जैंग नदी जो दोनों देशों से होकर गुजरती है पर निर्मित से इसी प्रकार के बाँध से किसी भी देश के बाँध की विद्युत उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है'' से ए.बी.सी. देश की आशंकाएं काफी कम होगी।

प्र.21.(2) ए.बी.सी. देश की सरकार द्वारा सवश्रेष्ठ कार्यवाही करने के लिए एक्स.वाई.जेड. देश की प्रतिस्पर्धा करने वाली योजनाएं यह है कि एक्स.वाई.जेड. देश को ए.बी.सी. देश से पहले नेतृत्व करना चाहिए और जल विद्युत प्रोजेक्ट के लिए बाँधों का निर्माण शुरू करना चाहिए।

प्र.22.(5) **प्र.23.(4)**

कथन और निष्कर्ष
(Statement and Conclusion)

Scan the QR code to get video of this chapter.

निष्कर्ष से अभिप्राय उस तथ्य से है जिसे दिये गये वाक्य अथवा गद्यांश में कही गयी बात से सही अर्थों में प्राप्त किया जा सकता है। इस खंड में पूछे जाने वाले प्रश्नों में एक कथन या कथनों का एक समूह दिया होता है जिसके बाद कथनों में दिये गये तथ्यों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिये होते है। अभ्यर्थी को दिये गये कथनों का विश्लेषण कर, उसके प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष परिणामों को समझना होता है और तय करना होता है कि कौन से निष्कर्ष दिये गये कथन/कथनों से निश्चित रूप से तार्किक आधार पर निकाले जा सकते हैं।

महत्वपूर्ण स्मरणीय बिन्दु

यदि कथन दो या दो से अधिक वाक्यांशों से मिलकर बना है तो उनके मध्य विरोधाभास नहीं होना चाहिए।

कथन को ध्यानपूर्वक पढ़े और मुख्य शब्दों का चुनाव करें।

निष्कर्ष तथ्यों तथा पूर्वस्थापित सत्य के भाव के विरूद्ध नहीं जाना चाहिए।

यदि निश्यात्मक शब्द जैसे सभी, सदैव, कम से कम, केवल, बिल्कुल इत्यादि का प्रयोग किया गया हो तो निष्कर्ष अमान्य होगा।

यदि कथित उदाहरण के साथ निष्कर्ष भी दिया गया है तो निष्कर्ष अमान्य होगा।

प्रश्नों का प्रकार

1. दो, तीन या अधिक कथन पर आधारित।
2. पैसेज पर आधारित।

उदाहरण

उदा.1-10. एक कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिये गये है आपको कथन में दिया गया सब कुछ सत्य समझना है, चाहे वह समान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो आप को निर्णय करना है की दिये गये कथन में कौन से निश्चित रूप से सही निष्कर्ष निकाले जा सकते है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।

उदा.1. **कथन :**

प्रत्येक समाज में मानव-प्रेमियों ने मानवोचित सहानुभूति प्रदर्शित करते हुए तथा जरूरतमंद लोगों की उत्साहपूर्वक सहायता करके मानव कल्याण के लिए योगदान किया है।

निष्कर्ष :

I. धनी लोग मानव-प्रेमी होते हैं।

II. गरीब लोग मानव-प्रेमियों के रूप में काम नहीं कर सकते है।

(1) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(2) दोनों I और II निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(3) न तो I न ही II निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(4) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(3) न तो I न ही II निष्कर्ष सही है। कथन। कथन में मानव-प्रेमी का उल्लेख किया गया है। जबकि कथन में गरीब एवं धनी मानव-प्रेमियों का उल्लेख नहीं है।

उदा.2. **कथन :**

सबसे अधिक प्रदूषण इकाइयां वे है, जिनमें धातुओं पर विद्युत-लेपन किया जाता है। इन इकाइयों से अत्यधिक विषैले पदार्थों का उत्सर्जन होता है। ऐसे उद्योग अधिकतर दिवारों से घिरे शहर में एकत्रित हैं।

निष्कर्ष :

I. विद्युत-लेपन वाले उद्योग अवश्य बन्द होने चाहिए।

II. दिवारों से घिरे शहर में प्रदूषण अधिक है।

(1) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(2) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(3) दोनों I और II निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(4) ना तो I न ही II निष्कर्ष अनुसरण करता है।
(5) या तो I या तो II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

हल.(2) कथन से स्पष्ट है कि दीवारो से घिरे शहर में प्रदूषणकारी इकाइयां काफी हैं। अत: निश्चित रूप से वहां प्रदूषण अधिक है।

उदा.3. **कथन :**

यह पाठ्यक्रम इस प्रकार बनाया गया है, कि केवल कुछ बच्चे स्वयं पाठ सीख सकते हैं।

निष्कर्ष :

I. इस पाठ्यक्रम के पाठ सीखना, सभी बच्चों के लिए वांछनीय है।

II. शिक्षक के बिना, इस पाठयक्रम के पाठ सीखने में कुछ शिक्षार्थियों को कठिनाई होती हैं।

(1) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(2) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(3) दोनों I और II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(4) या तो I न ही II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(5) या तो I या तो II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

हल. (2) पहले निष्कर्ष में 'सभी' शब्द का उपयोग इसे अमान्य बनाता है। स्पष्ट रूप से, दूसरा निष्कर्ष अनुसरण करता है।

उदा.4. **कथन :**

एक कार ने सड़क से दूर एक वृक्ष को टक्कर मार दी। ड्राइवर काफी कुशल था। सड़क अच्छी नहीं थी। ड्राइवर पिछले पंद्रह वर्षो से कार चला रहा था।

निष्कर्ष :

I. दुर्घटना सड़क के खराब होने के कारण घटी।

II. कार में यांत्रिक खराबी थी।

(1) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(2) दोनों I और II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(3) कोई निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

(4) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(2) स्पष्टत: दोनों निष्कर्ष सही हो सकते हैं। यह उल्लिखित है कि सड़क अच्छी नहीं थी। फिर कुशल ड्राइवर होने के बावजूद वह सड़क से दूर एक वृक्ष को टक्कर मार दिया। अर्थात् कार में कुछ यांत्रिक खराबी थी।

उदा.5. **कथन :**

अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक व्यायाम आवश्यक है।

निष्कर्ष :

I. जॉन 70 वर्ष की आयु में टेनिस खेलता है।

II. अनियमित आदतों वाले व्यक्तियों को अस्पताल जाना पड़ता है।

(1) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(2) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(3) न तो I न ही II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(4) दोनों I और II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(1) केवल I अनुसरण करता है।

उदा.6. **कथन :** जरूरत के समय काम आने वाला मित्र ही सच्चा मित्र होता है।

निष्कर्ष :

I. अच्छे समय में सभी मित्र होते हैं।

II. बुरे समय के दुश्मन मित्र नहीं होते।

(1) निष्कर्ष I और II अनुसरण नहीं करता है।

(2) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(3) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(4) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(1) जो मित्र जरूरत के समय काम आता है, वही सच्चा मित्र होता है। निष्कर्ष I में सभी पद का प्रयोग इसे अमान्य कर देता है। निष्कर्ष II कथन में व्यक्त भावों के अनुरूप नहीं है। अत: कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

उदा.7. **कथन :** अधिकांश भारतीय जानते हैं कि उनके पास एक महान विरासत है, किंतु कुछ इसमें विज्ञान को शामिल करते हैं।

निष्कर्ष :

I. कई भारतीय मानते हैं कि विज्ञान ने भारतीय विरासत को महान बनाया है।

II. कई भारतीय नहीं जानते कि भारत के पास महान महान वैज्ञानिक विरासत के रूप में है।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(3) दोनों I और II निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

(4) निष्कर्ष I और II में कोई नहीं अनुसरण करता है।

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(3) कथन से स्पष्ट है कि दोनों निष्कर्ष अनुसरण करता है।

उदा.8. **कथन :**

तनाव शरीरिक तथा मानसिक स्वस्थ के लिए हानिकारक होता है।

निष्कर्ष :

I. स्वस्थ रहने के लिए व्यक्ति को तनावमुक्त होना चाहिए।

II. मानसिक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा अनुभव किए गए तनाव पर निर्भर करता है।

(1) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(2) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(3) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।

(4) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(4) स्पष्टत: दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते है तनाव शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ दोनों के लिए हानिकारक है। अत: स्वस्थ रहने के लिए व्यक्ति को तनावमुक्त होना चाहिए।

उदा.9. **कथन :** प्राइवेट फर्म में काम करने वाले मेहनती होते हैं।

निष्कर्ष :

I. कुछ मेहनती लोग प्राइवेट फर्म में काम करने वाले होते हैं।

II. सरकारी कर्मचारी मेहनती नहीं होते है।

(1) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(2) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(3) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।

(4) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(1) केवल निष्कर्ष I निकलता है। यह कहा गया है कि प्राइवेट फर्म में काम करने वाले मेहनती होते हैं। इसका अर्थ कदापि यह नहीं है कि सरकारी कर्मचारी मेहनती नहीं होते हैं।

उदा.10. **कथन :** भारत के गौरवमय अतीत का सर्वोत्तम उदाहरण पश्चिम में आयुर्वेदिक औषधियों की बढ़ती हुई लोकप्रियता है।

निष्कर्ष :

I. आयुर्वेदिक औषधियां भारत में लोकप्रिय नहीं हैं।

II. भारत में ऐलोपैथिक औषधियां लोकप्रिय नहीं है।

(1) केवल I निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(2) केवल II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

(3) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(4) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(4) कोई भी निष्कर्ष नही अनुसरण करता है। कथन में उल्लिखित है कि भारत के गौरवमय अतीत का सर्वोत्तम उदाहरण पश्चिम में आयुर्वेदिक औषधियों की बढ़ती हुई लोकप्रियता है। इसका अर्थ यह हुआ कि आयुर्वेदिक औषधियों का प्रादुर्भाव भारत में हुआ तथा भारत से अन्य देशों में फैला।

उदा.11-12. दो कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिये गये है आपको कथन में दिया गया सब कुछ सत्य समझना है, चाहे वह समान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो आप को निर्णय करना है की दिये गये कथन में कौन से निश्चित रूप से सही निष्कर्ष निकाले जा सकते है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।

उदा.11. **कथन :**

ओलंपिक खेलों में सर्वोत्तम निष्पादन पर स्वर्ण पदक मिलता है।

खिलाड़ी X को स्वर्ण पदक मिला परंतु बाद में पता चला कि वह एक निषि औषधि का प्रयोग रहा है।

निष्कर्ष :

I. X को स्वर्ण पदक रखने की अनुमति दे देनी चाहिए।

II. स्वर्ण पदक वापस लेकर अगले व्यक्ति को दे देना चाहिए।

(1) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(2) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

(3) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(4) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(5) या तो I या II अनुसरण करता है।

हल.(1) यदि किसी खिलाड़ी को निषिद्ध औषधि के प्रयोग करने का दोषी पाया जाता है तो वह पदक का हकदार नहीं होता है। ऐसे खिलाड़ी का पदक स्पर्धा में दूसरा स्थान रखने वाले खिलाड़ी को दे दिया जाता है।

उदा.12. **कथन :**

सविंधान मौलिक अधिकारो को सुनिश्चित करता है।

संसद ने संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया।

निष्कर्ष :

I. संसद ने संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया।

II. संसद ने मौलिक अधिकार को सुनिश्चित नहीं किया।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(3) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करता है।

(4) इनमें से कोई नहीं

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(4) न निष्कर्ष I न ही II निकलता है। संविधान में मौलिक अधकारों को संविधान निर्मात्री सभा ने शामिल किया। संविधान के ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष बी आर अम्बेडकर थे।

उदा.13-14. कथन के बाद निष्कर्ष दिये गये है आपको कथन में दिया गया सब कुछ सत्य समझना है, चाहे वह समान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो आप को निर्णय करना है की दिये गये कथन में कौन से निश्चित रूप से सही निष्कर्ष निकाले जा सकते है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।

उदा.13. **कथन :**

रबीन्द्रनाथ टैगोर ने बहुत सी कविताएं लिखीं।

प्रत्येक कवि को सौंदर्यपूर्वक ज्ञान होता है।

सौंदर्यशास्त्र मूल्याश्रित अध्ययन का एक भाग है।

निष्कर्ष :

I. रबीन्द्रनाथ टैगोर ने विभिन्न मूल्याश्रित अध्ययन किए।

II. उन्होंने तर्कशास्त्र और नीतिशास्त्र का आधार अपनाया।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(3) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(4) इनमें से कोई नहीं

(5) या तो I या तो II अनुसरण करता है।

हल.(2) स्पष्टत: दोनों निष्कर्ष निकलते हैं। रबीन्द्रनाथ टैगोर एक कवि थे तथा प्रत्येक कवि को सौन्दर्यपूर्वक ज्ञान होता है। सौन्दर्यशास्त्र मूल्याश्रित अध्ययन का एक भाग है। अत:, रबीन्द्रनाथ टैगोर ने विभिन्न मूल्याश्रित अध्ययन किए। कोई भी दर्शन तर्कशास्त्र और नीतिशास्त्र पर आध ारित होता है।

उदा.14. **कथन :**

जल का कोई आकार नहीं होता, आयतन होता है।

ज्ञान, जल के समान होता है, जो एक पक्ष से दूसरे तक बहता है।

निष्कर्ष :

I. ज्ञान, अंत: विषय होता है।

II. ज्ञान, एक निश्चित क्षेत्र तक सीमित होता है।

III. ज्ञान, प्रत्यक्षत: मानसिक कार्यकलाप के मर्म को प्रभावित करता है।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।।

(3) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(4) निष्कर्ष I और III दोनों अनुसरण करते हैं।

(5) या तो I या II अनुसरण करता है।

हल.(4) कथन से यह स्पष्ट है कि ज्ञान अंत: विषय होता है। मानसिक क्रियाकलाप अर्जित ज्ञान से संबंधित होता है। अत: निष्कर्ष I एवं III की पुष्टि होती है।

उदा.15. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें।

शिक्षक: किसी भी अन्य कठिन लक्ष्य की तरह, संगीत के लिए गहन अध्ययन और अभ्यास की आवश्यकता होती है ताकि व्यक्ति कुशल बन सके। लेकिन कई स्कूल संगीत सभा केवल उन बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं जो संगीत का अध्ययन जारी रखने के लिए शुरुआती योग्यता का प्रदर्शन करते हैं, जबकि वे बच्चे जो विशेष रूप से संगीतमय नहीं हैं, उन्हें अन्य गतिविधियों के लिए निर्देशित किया जाता है। खुद को संगीत के रूप में अयोग्य समझने की सीख देते हुए, ये बच्चे संगीत के लिए किसी भी समय समर्पित नहीं होते और इस तरह खुद को एक अव्यक्त प्रतिभा को विकसित करने के अवसर से वंचित करते हैं।

शिक्षक के कथन, यदि सही है, तो निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा सबसे अच्छा समर्थन करेगा?

(1) संगीत की शिक्षा के लिए प्रतिभाशाली छात्रों पर विशेष ध्यान नहीं देना चाहिए।

(2) हर कोई संगीत सीखने की क्षमता रखता है।

(3) प्रतिभा कम उम्र में हमेशा स्पष्ट नहीं होती है।

(4) बच्चे विशेष रूप से वयस्कों की आलोचना के प्रति संवेदनशील होते हैं।

(5) सभी बच्चों को संगीत का अध्ययन करना चाहिए।

हल.(3) अव्यक्त प्रतिभा का उल्लेख करते हुए कि कुछ बच्चे ध्यान नहीं दे रहे हैं, शिक्षक का अर्थ है कि कम उम्र में सभी प्रतिभाएं नहीं दिख पाती हैं।

नोट्स

अभ्यास प्रश्न

प्र.1-3. दिए गए प्रश्नों में कथन व निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यत: सही तथ्यों से भिन्न हो, यह निर्णय करना है कि कौन सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I या II
(4) न तो I और न ही II (5) दोनों अनुसरण करते हैं।

प्र.1. **कथन :** भारतीय व्यापार बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता के प्रति चिन्तित रहा है।

निष्कर्ष :

I. राजनीतिज्ञों की, स्थिरता देने में अक्षमता सर्वाधिक है।

II. स्थिरता पूरी तरह से राजनीतिज्ञों की जिम्मेदारी है परन्तु और चीजों की तरह राजनीतिक अस्थिरता का भी आर्थिक पहलू है।

प्र.2. **कथन :** डायबिटीज कोई संक्रमण या रोग नहीं बल्कि गर्भावस्था की तरह एक अवस्था है। इन्सुलिन का पूर्व या आनुपातिक कमी, शरीर में प्रयोग न की गई शक्कर को इकट्ठा करने का कारण होती है।

निष्कर्ष :

I. डायबिटीज के मरीज को शक्कर बिल्कुल नहीं ग्रहण करनी चाहिए।

II. इन्सुलिन इन्जेक्शन डायबिटीज के मरीज को ठीक कर सकते हैं।

प्र.3. **कथन :** टेक्नोलॉजी, मुख्यत: सूचना तकनीक लाखों नौकरियां बर्बाद कर रही है यह आशा है कि यह जितनी बर्बाद कर रही है, उससे अधिक बनाएगी।

निष्कर्ष :

I. बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए भारत सरकार को देश में सूचना तकनीक को बढ़ावा देना चाहिए।

II. साफ्टवेयर प्रोफेशनलों को देश में और बाहर भी नौकरी ढूँढ़ रहे हैं।

प्र.4-8. प्रत्येक प्रश्न में एक कथन व दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई प्रत्येक जानकारी को सही मानते हुए यह तय करना है कि कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है। उत्तर दीजिए -

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I या II
(4) न तो I और न ही II (5) दोनों अनुसरण करते हैं।

प्र.4. **कथन :** 1990 के सुधार दशक के पश्चात् गाँव एवं शहर में गरीबों की संख्या में वृद्धि के कारण भारत में गरीबों की स्थिति विकराल है।

निष्कर्ष :

I. इसके अनुसार ग्रामीण गरीबी लगभग नियत है और शहरी गरीबी में थोड़ी सी गिरावट है।

II. 1990 के सुधार दशक में 1997 से प्रारम्भिक प्रमाण ग्रामीण गरीबी में वृद्धि (2240 लाख से 2500 लाख) एवं शहरी गरीबी में वृद्धि (720 लाख से 730 लाख) दिखाते हैं।

प्र.5. **कथन :** गैर प्रारम्भिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय ने पवन शक्ति परियोजना के लिए कार्य की रूप रेखा में, विदेशी एजेन्सी द्वारा गुणवक्ता प्रमाणन को प्राप्त करने के लिए, सुधार किये है।

निष्कर्ष :

I. भारत में पवन टरबाइन निर्माण के उद्योग में भारतीय एवं विदेशी सभी कम्पनियों को आधुनिकीकरण से लाभ होगा।

II. इस प्रक्रिया द्वारा विदेशी मुद्रा की बचत होगी जो अब तक विदेशी एजेन्सियों को वार्षिक प्रमाणन फीस के रूप में दी जाती थी।

प्र.6. **कथन :** OECD, अमेरिका एवं यूरोप के विकसित देशो में भारत के कुल उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों का 2.7 प्रतिशत ही प्रतिभा पलायन के रुप में जाता है।

निष्कर्ष :

I. एक आंकड़ा भारत से बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर और अरब जाने वाले पेशावर व्यक्तियों की वास्तविक संख्या बताने में असफल है।

II. OECD देशों में पलायन को रोकने के लिए कठिन प्रतिबन्ध लगा दिया जाए।.

प्र.7. **कथन :** ''प्राकृतिक संसाधनो का दुरुपयोग कैसे करें' यह जानने के लिए भारत के विकास के पिछले 50 वर्षों के अवलोकन को मार्गदर्शक के रूप में पढ़े।

निष्कर्ष :

I. हमारे सभी पर्यावरणीय समस्याओं की जड़ बढ़ती जनसंख्या है।

II. विकास का गलत कदम-हमारे द्वारा पिछले 50 वर्षों में अर्जित आर्थिक विकास, पर्यावरण को पहुँचे नुकसान की अपेक्षा अत्यधिक कम है।

प्र.8. **कथन :** भारत के गंगा का मैदान अकेले ही समस्त ,शिया की जरूरत का अनाज पैदा कर सकता है। हमारे देश के अधिकतर भागों में वर्ष भर के औसतन 300 दिनों तक सूर्य की रोशनी रहती है। अत: भविष्य में, जब जीवाश्म आधारित ईंधन समाप्त होगा, हम सौर्य ऊर्जा के उत्पादन में अग्रणी होंगे।

निष्कर्ष :

I. भारत ऐसा देश है, जिसके पास कई चिरस्थाई स्रोतो की प्रचुर क्षमता है।

II. भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की क्षमता के साथ लगभग तैयार खड़ा है।

प्र.9–13. दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन व दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको कथन में दिए गए तथ्यों को सही मानते हुए यह तय करना है कि कौन से/सा निष्कर्ष बिना किसी संदेह के तार्किक आधार पर सही है।

उत्तर दीजिए–

(1) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(2) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(3) यदि I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(4) यदि या तो I या II अनुसरण करता है।
(5) यदि न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

प्र.9. **कथन :** संविधान में इस संशोधन के बाद 14 वर्ष से कम का कोई भी बच्चा किसी फैक्ट्री या खान या किसी और खतरनाक रोजगार में कार्य नहीं करेगा

निष्कर्ष :

I. इस संशोधन के पहले 14 वर्ष से कम के बच्चे फैक्ट्री या खान में कार्य पर लगा, जाते थे।

II. रोजगार देने वाले अब इस संविधान संशोधन का पालन करेंगे।

प्र.10. **कथन :** ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की समस्याओं में असमानता तब साफ दिखती है जब हम सरकार का इन दो क्षेत्रों की तरफ दृष्टिकोण देखते हैं।

निष्कर्ष :

I. सरकार का ग्रामीण क्षेत्रों की तरफ दृष्टिकोण शहरी क्षेत्रों से अधिक अनुकूल है।

II. सरकार का दृष्टिकोण ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर अधिक अनुकूल है।

प्र.11. **कथन :** पागल व्यक्ति वह गैरबेवकूफ व्यक्ति हैं जो बेवकूफ का व्यवहार करता है।

निष्कर्ष :

I. पागलपन व बेवकूफी साथ-साथ चलते हैं।
II. सामान्य पुरूष बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार करता है।

प्र.12. **कथन :** जाति, सामाजिक स्तर पर एक मानव जनित संगठन है न कि दैवीय देन का रहस्य।

निष्कर्ष :

I. जातियाँ मनुष्य-निर्मित हैं।
II. दैवीय शक्ति ने इस संसार में कई रहस्य दिए हैं।

प्र.13. **कथन :** संवैधानिक नैतिकता प्राकृतिक भाव नहीं है।

निष्कर्ष :

I. भाव स्वाभाविक है।
II. संवैधानिक नैतिकता अपनाई जानी है।

प्र.14–16. दिए गए प्रश्नों में कथन व निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यत: सही तथ्यों से भिन्न हो, यह निर्णय करना है कि कौन से/सा निष्कर्ष तार्किक रूप से सही है।

उत्तर दीजिए –

(1) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(2) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(3) यदि I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(4) यदि या तो I या II अनुसरण करता है।
(5) यदि न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

प्र.14. **कथन :** पशु सह-उत्पादों का 50 प्रतिशत बाल, त्वचा, सींगे आदि खाने योग्य प्रोटीन है। अमेरिकन रसायनविदों ने इस प्रोटीन का 45 प्रतिशत अलग करने का एक तरीका ईजाद किया है। उन्होंने जापान में विकसित इन्जाइम का प्रयोग सोया प्रोटीन को विघटित करने में किया।

निष्कर्ष :

I. अमरीकन इन्जाइम विकसित करने में सफल नहीं हुए हैं।
II. पशु सह उत्पाद का संगठन सोया प्रोटीन जैसी ही है।

प्र.15. **कथन :** उनका घर अत्यधिक व्यस्त राजमार्ग पर है और वे ध्वनि प्रदूषण का सामना कर रहे हैं।

निष्कर्ष :

I. व्यक्तियों को अपने घर केवल दूरदराज के क्षेत्रों में बनाने चाहिए।
II. ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

प्र.16. **कथन :** यह महत्व नहीं रखता कि आप किस तरह का भोजन खाते हैं, महत्व रखता है कि क्या आप इसे पचा सकते हैं।

निष्कर्ष :

I. किसी भी प्रकार का भोजन समान रूप से अच्छा है जबकि वह पचाया जा सकता है।

II. खाए गए भोजन का प्रकार महत्वहीन है।

प्र.17. **कथन :** किसी ने भी वर्तमान प्रक्रिया की उपयोगिकता पर सवाल नहीं उठाया और न ही इसको दूसरे त्वरित कार्यवाही से बदलने को कहा।

निष्कर्ष :

I. प्रक्रिया को समाप्त करना चाहिए। **II.** प्रक्रिया, त्वरित कार्यवाही के लिए बननी चाहिए।

प्र.18. **कथन :** अब आपको इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर रखने के लिए आयात लाइसेन्स की आवश्यकता नहीं है।

निष्कर्ष :

I. इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर अब स्वनिर्मित है।

II. इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर के स्वतन्त्र आयात की अनुमति दे दी गयी हैं।

प्र.19. अतीत में, उपभोक्ता शायद ही कभी एक आइसक्रीम की दुकान पर गये होंगे और कम-वसा वाली आइसक्रीम का आदेश दिया होगा। लेकिन आज ऐसा नहीं है। एक बढ़ती हुई स्वास्थ्य चेतना ने सभी श्रेणियों में कम वसा वाले स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों को एक बहुत बड़े चयन के साथ संयुक्त करके आइसक्रीम दुकान मालिकों के लिए कम वसा वाली आइसक्रीम को एक बहुत ही लाभदायक आइटम बना दिया है।

अनुच्छेद के अनुसार निम्न कथनों में से कौन-सा निष्कर्ष के रूप में सर्वश्रेष्ठ समर्थन करता है?

(1) कम वसा वाली आइसक्रीम अन्य कम वसा वाले खाद्य पदार्थों से अधिक राजस्व पैदा करती है।

(2) आइसक्रीम के दुकान मालिकों को कम वसा वाली आइसक्रीम ले जाना बेहतर होगा।

(3) आइसक्रीम के दुकान मालिकों को अब नहीं लगता है कि कम वसा वाली आइसक्रीम एक अलोकप्रिय आइटम है।

(4) कम वसा वाली आइसक्रीम अन्य प्रकार की आइसक्रीम की तुलना में लोकप्रिय नहीं है।

(5) उपभोक्ता चंचल होते हैं और उन्हें खुश करना असंभव है।

व्याख्या

प्र.1.(4) I अनुसरण नहीं करता है क्योंकि राजनीतिक अनिश्चितता एक स्थायी घटना है और II अनुसरण नहीं करता है।

प्र.2.(5) अधिक मात्रा में चीनी डायबीटीज के रोगियों के लिए हानिकारक है इसलिए I अनुसरण करता है और II भी अनुसरण करता है क्योंकि इंसुलिन की कमी से ऐसे रोगियों की संख्या बढ़ जाती है।

प्र.3.(4) I कथन के बिलकुल विपरीत है इसलिए I अनुसरण नहीं करता है। कथन में विदेश में नौकरी करने के संदर्भ में उल्लेख नहीं किया गया है।

प्र.4.(4) दोनों क्षेत्रों में गरीबी बढ़ रही है इसलिए I अनुसरण करता है। II अनुसरण नहीं करता है क्योंकि कथन में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

प्र.5.(5) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं क्योंकि दोनों नियम के सकारात्मक परिणाम है।

प्र.6.(4) दोनों निष्कर्ष कथन से सम्बन्धित नहीं है।

प्र.7.(2) सभी पर्यावरण समस्या जनसंख्या के कारण उत्पन्न होती है। यह सही नहीं है इसलिए I (कथन के अनुसार) अनुसरण नहीं करता है लेकिन II अनुसरण करता है क्योंकि पिछले पचास वर्षों में हमारा नुकसान वृद्धि से अधिक है।

प्र.8.(2)

प्र.9.(3) इसलिए यह संशोधन पारित किया गया है और यह नियोक्ता पर बाध्य होगा।

प्र.10.(4) या तो I या तो II निष्कर्ष अनुसरण करता है।

प्र.11.(1) कथन में उल्लेख किया गया है कि एक विक्षिप्त व्यक्ति मूखर्तापूर्ण व्यवहार करता है इसलिए I अनुसरण करता है। सामान्य व्यक्तियों के व्यवहार के संदर्भ में कथन में कुछ नहीं दिया गया है, इसलिए II अनुसरण नहीं करता है।

प्र.12.(1) I अनुसरण करता है लेकिन II अनुसरण नहीं करता है।

प्र.13.(3) I अनुसरण करता है क्योंकि नैतिकता स्वाभावित नहीं है इसलिए इसे विकसित किया जा सकता है तथा II भी अनुसरण करता है।

प्र.14.(5) कोई भी निष्कर्ष, कथन का अनुसरण नहीं करता है क्योंकि सोया प्रोटीन की संरचना, उत्पाद प्रोटीन या विकसित एंजाइमों की क्षमता के संदर्भ में कुछ भी अनुमानित नहीं किया जा सकता।

प्र.15.(2) I अनुसरण नहीं करता क्योंकि यह एक कार्यवाही है। II अनुसरण करता है क्योंकि ध्वनि प्रदूषण एक समस्या है।

प्र.16.(1) निष्कर्ष I कथन के द्वारा निकाला जा सकता है लेकिन II नहीं।

प्र.17.(2)

प्र.18.(3) इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटर रखने के लिए आयात लाइसेंस प्राप्त करने की दोनों संभावनाएं हैं।

प्र.19.(1)